CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 19°C

देहरादून, रविवार 3 मई 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 265 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2083 15 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र: जनगणना 2027: दो चरणों में होगी प्रक्रिया, घर-घर जाकर जुटाया जाएगा डेटा पेज 2



पहली टी-20 मुंबई महिला लीग: युवा सनसनी इरा जाधव सबसे महंगी खिलाड़ी बनीं खेल टाइम्स



ईरान और अमेरिका के बीच फिर छिड़ सकता है युद्ध पेज 11



पापा के करीब रहने के लिए बॉलीवुड में आना चाहती थीं त्रिशाला दत्त बॉलीवुड

# ट्रम्प ने EU की कारों-ट्रकों पर लगाया 25 प्रतिशत टैरिफ

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि अगले हफ्ते से यूरोपीय संघ (ईयू) से आने वाली कारों और ट्रकों पर टैरिफ बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया जाएगा।

ट्रम्प का कहना है कि यूरोपीय संघ पहले से तय व्यापार समझौते का पालन नहीं कर रहा है, इसलिए यह फैसला लिया गया है। हालांकि अगर यूरोपीय कंपनियां अमेरिका में ही कार और ट्रक बनाएंगी, तो उन पर कोई टैक्स नहीं लगाया जाएगा। ट्रम्प के मुताबिक, इस समय अमेरिका में कई नई ऑटोमोबाइल और ट्रक फैक्ट्रियां बन रही हैं, जिनमें 100 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका में इस तरह का निवेश और विकास पहले कभी नहीं देखा गया। इन फैक्ट्रियों में अमेरिकी लोगों को रोजगार मिलेगा। ट्रम्प जिस व्यापार समझौते की बात कर रहे हैं वो उनके और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन के बीच पिछले साल जुलाई में हुआ था। इस समझौते को टर्नबेरी एग्रीमेंट कहा जाता है, जिसका नाम स्कॉटलैंड में ट्रम्प के गोल्फ कोर्स के नाम पर रखा गया है। इस समझौते का मकसद अमेरिका और ईयू के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव को कम करना था।



■ कहा: व्यापार समझौते का पालन नहीं कर रहे, छूट चाहिए, तो अमेरिका में मैन्युफैक्चरिंग करनी होगी

## अमेरिका की हर गलत हरकत का कड़ा जवाब देंगे: ईरान

**तेहरान।** ईरान के सीनियर मिलिट्री अधिकारी मोहम्मद जाफर असदी ने आशंका जताई है कि अमेरिका के साथ फिर से युद्ध शुरू हो सकता है। ईरान की फॉर्स न्यूज एजेंसी ने इस बारे में जानकारी दी है।

उन्होंने कहा कि ईरान की सेना पूरी तरह तैयार है और अगर अमेरिका कोई गलत कदम उठाता है, तो जवाब दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका किसी भी समझौते या वादे का पालन नहीं करता। असदी ने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों के बयान और कदम ज्यादातर दिखावटी और मीडिया के लिए होते हैं। उनका मकसद पहले तेल की कीमतों को गिरने से रोकना और दूसरा अपनी बनाई हुई मुश्किल स्थिति से बाहर निकलना है।

■ अमेरिका किसी समझौते को नहीं मानता, उसके वादे दिखावटी होते हैं

### संक्षिप्त समाचार

**बंगाल में 15 बूथों पर दोबारा वोटिंग**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में डायमंड हार्बर और मगराहाट पश्चिम विधानसभा के कुल 15 बूथों पर शनिवार को दोबारा मतदान हुआ है। साउथ 24 परगना में टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। इस दौरान सुरक्षाबलों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। वहीं फालता में वोटर्स ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि वोटिंग के बाद टीएमसी के लोगों ने उनके साथ मारपीट की।

**देशभर में करोड़ों मोबाइल पर एकसाथ अलर्ट मैसेज आया**

**नई दिल्ली।** देशभर में शनिवार सुबह 11:45 बजे कई मोबाइल फोन पर एकसाथ सायरन की आवाज सुनाई देने लगी। स्क्रीन पर हिंदी-अंग्रेजी में एक मैसेज था। सायरन बंद हुआ तो मोबाइल पर मैसेज पढ़कर भी सुनाया गया। इससे कई लोग परेशान हुए, तो कई कन्फ्यूज। यह मैसेज राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, यानी एनडीएमए ने भेजा था। एनडीएमए ने इमरजेंसी में लोगों तक सूचना पहुंचाने के लिए 2 मई को सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का परीक्षण किया। शनिवार को देश के सभी राज्यों की राजधानियों और दिल्ली-एनसीआर में सभी मोबाइल फोन पर एक साथ टेस्टिंग मैसेज भेजा गया।

**नौ राज्यों में आंधी- बारिश यूपी में पेड़ गिरे**

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी झेल चुके देश के बड़े हिस्से में शनिवार को तेज हवाओं के साथ बारिश से राहत मिली। 9 राज्यों में आंधी-बारिश आई। कई जगह ओले गिरे। उप्र में दोपहर एक बजे के बाद ललितपुर और झांसी में धूलभरी आंधी चली। कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई। झांसी मेडिकल कॉलेज में एक बड़ा पेड़ स्कूटी और कार पर गिर गया। 15 जिलों में अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री के बीच रहा।

# मतगणना से पहले TMC को झटका

## मतगणना कर्मचारियों पर चुनाव आयोग के नियम रहेंगे बरकरार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना से पहले टीएमसी को सुप्रीम कोर्ट से एक बड़ा झटका लगा है। चुनाव आयोग द्वारा वोटों की गिनती के लिए मुख्य रूप से केंद्र सरकार और पीएसयू के कर्मचारियों को तैनात करने के निर्देश के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

इस अहम मुद्दे को सुलझाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को टीएमसी की याचिका पर सुनवाई की। विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने कोई भी नया आदेश पारित करने से साफ इन्कार कर दिया है। दरअसल, चुनाव आयोग ने अदालत को आश्वासन दिया है कि वह अपने 13 अप्रैल के परिपत्र (सर्कुलर) का पूरी तरह से पालन करेगा। टीएमसी के मुताबिक, इस सर्कुलर में मतगणना प्रक्रिया में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के साथ-साथ राज्य सरकार के कर्मचारियों की तैनाती का भी प्रावधान है। चुनाव आयोग के वकील के इस बयान के बाद, सुप्रीम कोर्ट ने केवल यह दोहराया कि चुनौती दिए गए सर्कुलर को लागू किया जाएगा और मामले में आगे कोई अन्य आदेश देने से मना कर दिया। साथ ही यह भी कहा कि चुनाव आयोग को नियुक्ति के पूरे अधिकार हैं। सुनवाई के दौरान जस्टिस बागची ने यह भी कहा कि मतगणना के दौरान वहां हर राजनीतिक दल के चुनाव एजेंट मौजूद रहेंगे। इसलिए, इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ता कि पर्यवेक्षक केंद्र सरकार का नामित अधिकारी है या नहीं।



■ चुनाव आयोग को नियुक्ति के पूरे अधिकार: सुप्रीम कोर्ट

### पश्चिम बंगाल में मतगणना के लिए सुरक्षा इंतजाम और सख्त

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की चार मई को होने वाली मतगणना को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया है। आधिकारिक सूचना के अनुसार राज्य विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को होने वाली मतगणना में 165 अतिरिक्त गणना पर्यवेक्षक और 77 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं ताकि मतगणना केंद्रों पर कानून-व्यवस्था मजबूत रहे और पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष माहौल में संपन्न हो सके। आयोग के अनुसार इन पर्यवेक्षकों की तैनाती का उद्देश्य मतगणना को सुरक्षित, भयमुक्त और पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराना है। अतिरिक्त गणना पर्यवेक्षक उन 165 विधानसभा क्षेत्रों में लगाए गए हैं, जहां एक से अधिक मतगणना कक्ष हैं, ताकि प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके। पुलिस पर्यवेक्षक संबंधित मतगणना केंद्रों के आसपास सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की निगरानी आयोग के निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित करेंगे।

# छत्तीसगढ़: डी-माइनिंग के दौरान ब्लास्ट, 4 जवान शहीद

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। कांकेर नारायणपुर सीमा क्षेत्र में डी-माइनिंग अभियान के दौरान हुए आईईडी विस्फोट में डीआरजी के चार जवान शहीद हो गए।

बता दें कि, छत्तीसगढ़ के कांकेर में डीमाइनिंग ऑपरेशन करते समय नक्सलियों द्वारा पहले से लगाए गए आईईडी विस्फोट में छत्तीसगढ़ पुलिस के डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के चार जवान घायल हो गए। बाद में इलाज के दौरान सभी जवानों की मौत हो गई। एक अधिकारी के अनुसार, यह धमाका नारायणपुर जिले से लगे जंगल वाले इलाके में हुआ। वहां पुलिस टीम नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी को खोजने और निष्क्रिय करने के लिए अभियान चला रही थी। विस्फोटक डिवाइस की चपेट में आने से चार जवान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इनमें इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कांस्टेबल कृष्णा कोमरा और कांस्टेबल संजय गढ़पाले ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। चौथे जवान कांस्टेबल परमानंद कोर्राम को एयरलिफ्ट करके रायपुर ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान वो भी शहीद हो गए।



■ शहीद जवानों में इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कांस्टेबल कृष्णा कोमरा, कांस्टेबल संजय गढ़पाल व कांस्टेबल परमानंद कोर्राम शामिल

# देश को जल्द मिलेंगी हाइपरसोनिक मिसाइलें

## 'सुपरसोनिक ब्रह्मोस' से दोगुनी होगी रफ्तार



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने युद्धों की बदलती रणनीति को देखते हुए अत्याधुनिक 'हाइपरसोनिक' मिसाइल तकनीक पर काम तेज कर दिया है। डीआरडीओ प्रमुख समीर वी. कामत ने एक कार्यक्रम में बताया है कि देश जल्द 'हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल' और 'हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल' से लैस होगा।

इनकी रफ्तार सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल से दोगुनी होगी। इसकी खासियतों की वजह से दुनिया का कोई डिफेंस सिस्टम इन्हें रोक नहीं पाएगा। डीआरडीओ प्रमुख के अनुसार, ग्लाइड मिसाइल का पहला परीक्षण जल्द संभव है। स्क्रैमजेट इंजन पर आधारित क्रूज मिसाइल को लेकर भी बड़ी कामयाबी मिली है। हाल ही में स्क्रैमजेट प्रोपल्शन का 1,000 सेकंड से ज्यादा समय तक परीक्षण सफल रहा है। औपचारिक मंजूरी मिलने के 5 साल में इस मिसाइल प्रणाली को सेना के बेड़े में शामिल करने का लक्ष्य है। भारत एंटी-शिप मिसाइल भी विकसित कर रहा है। यह मिसाइल ब्रह्मोस की तुलना में और ज्यादा तेज होगी। इसके तीसरे चरण का परीक्षण इसी महीने किया जाना है। रूस के पास 'जिरकान' और 'किंजल' हाइपरसोनिक मिसाइलें हैं।

■ कोई डिफेंस सिस्टम नहीं रोक पाएगा

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुठ्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.E.A., M.I.P.S, Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997892556, 9997411423

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram Group of Colleges
Parikrama Marg, Muzaffarnagar
Approvals Affiliations
NAAC A++ UGC
www.srgcmzn.com src_mzn@rediffmail.com
Admission Open
Welcome to the WORLD of SRGC SHRI RAM GROUP OF COLLEGES



Scholarship more than ₹ 10 Crores Available
Shri Ram College of Pharmacy Diploma Ranked 15th with 'A' Grade by SIRF UP Govt Muzaffarnagar

Shri Ram Group of Colleges (IC)
BTech (CSE, AI & ML, Data Science, CE, ME, EE, ECE) | BArch | MCA
MBA (Agribusiness Management)
MBA (Banking & Financial Services)
MBA (Business Analytics) | MBA
DPharm | Polytechnic (CE, ME, EE)
'A' Grade by SIRF

Shri Ram Polytechnic
'A' Grade by SIRF
Polytechnic (CE, ME, ME (Auto), EE, ECE, CSE)
ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT)

Shri Ram College of Pharmacy
BPharm | DPharm

Shri Ram College of Law
LLB (3 Years Course)
BALLB | BComLLB (5 Years Courses)

Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)
Shri Ram College
First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh

BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc- Agronomy, Agri Chemistry & Soil Sc | BSc- Phy, Chem, Mathematics, Zoology, Botany | MSc- Maths, Chemistry Zoology, Botany | BSc- Biotech | BSc- Microbio MSc- Biotech, | MSc-Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics | MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing &Textile | BAJMC | MAJMC | BPES | BPEd | MPEd | BEd | MEd | BABEd | BScBEd | BComBEd (under ITEP) Apprenticeship Embedded Degree Programms (AEDP)- BCom - Banking, Financial Services & Insurance, BSc - Tourism & Hospitality Management

For Further Information Please Contact @
Engg: 9927079966, 9927074735; Arch: 9917111139; Poly: 9837755504, 9917116655; Pharmacy: 8077494402; Mgmt: 8791037733; Law: 9927227744; Bioscience: 9456895886; Computer Application: 9358348700; Business Administration: 9927729646; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Agri: 9412192801; Fine Arts: 9719402220; Education: 8394930091, 8533001769; Journalism: 9927668855; Home Sc & AEDP: 8800538281

For Admission/ Registration in college, Click on below link: or Scan QR Code
https://srgcerp.in/studentapplication.aspx

## संक्षिप्त समाचार

### क्रूज हादसे के बाद काशी में पुलिस अलर्ट, 15 नावें सीज

**वाराणसी।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में हुए क्रूज हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। ऐसे में काशी में भी गंगा नदी में पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार रात तक चले अभियान के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर 15 नावों को सीज कर दिया गया तथा कई नाव चालकों और मालिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। नाव पर सवार यात्रियों को लाइफ जैकेट न देना, लाइफ जैकेट खराब होना, चलती नाव पर रील बनाना या सेल्फी लेना, ओवरलोडिग समेत कई अनियमितताएं पुलिस की टीम ने पकड़ीं। इसके बाद संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अपर पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध डा. अतुल अंजान त्रिपाठी ने जल पुलिस के साथ मिलकर नमो घाट तक विशेष चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि यह अभियान काफी समय से लगातार चलाया जा रहा है। जल पुलिस की टीम नियमित गश्त कर रही है।

### आतंकियों की मदद करने वाला गिरफ्तार

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षाबलों ने शनिवार को राजपोरा क्षेत्र में चलाए गए संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान एक आतंकी सहयोगी को गिरफ्तार किया है। इस दौरान सुरक्षाबलों ने उसके पास से हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की है। यह ऑपरेशन पुलवामा पुलिस, सेना की 44 राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ की 183 बटालियन ने मिलकर अंजाम दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह ऑपरेशन विशेष खुफिया सूचना के आधार पर शुरू किया गया था। संयुक्त टीम ने राजपोरा के कस्बयार इलाके में सीबी नाथ रोड के आसपास तलाशी अभियान चलाया।

## सार्वजनिक जमीन पर नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं: हाईकोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सार्वजनिक भूमि पर नमाज पढ़ने को लेकर कहा है कि ऐसी भूमि का उपयोग किसी एक पक्ष द्वारा धार्मिक गतिविधियों के लिए नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने संभल जिले में गुन्नौर तहसील अंतर्गत इकौना निवासी असीन की याचिका खारिज कर दी है।

कोर्ट ने साफ किया कि सार्वजनिक भूमि पर सभी का समान अधिकार होता है। इसका एकतरफा उपयोग कानूनन स्वीकार्य नहीं है। जस्टिस सरल श्रीवास्तव और जस्टिस गरिमा प्रसाद की डिविजन बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने इसी निर्णय में कहा कि पूर्व में मुनाजिर खान बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य के मामले में हाईकोर्ट ने आदेश दिया है। कोर्ट ने निजी परिसरों के भीतर सद्भावनापूर्ण प्रार्थना की रक्षा करते हुए माना था कि व्यक्तिगत धार्मिक प्रथा में मनमाने ढंग से हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता, लेकिन इन फैसलों को यह मानकर नहीं पढ़ा जा सकता कि निजी परिसरों में संगठित या नियमित सामूहिक गतिविधि की पूरी छूट है। जहां गतिविधि उस क्षेत्र से आगे बढ़ती है और सार्वजनिक क्षेत्र को प्रभावित करना शुरू करती है, वहां वैध विनियमन लागू होता है। कोर्ट ने कहा कि पूर्व निर्णय निजी परिसरों को अनियंत्रित सामूहिक स्थान में बदलने का अधिकार नहीं देता है। कोर्ट का कहना था कि धर्म का पालन करने का अधिकार सार्वजनिक व्यवस्था के अधीन है और इसका प्रयोग इस तरह से नहीं किया जा सकता कि यह दूसरों के इन अधिकारों में हस्तक्षेप करे। यदि भूमि को निजी मान भी लिया जाए, तो भी याचिकाकर्ता मांगी गई राहत का हकदार नहीं है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि रिकार्ड से पता चलता है वह किसी मौजूदा प्रथा की रक्षा नहीं कर रहा है, बल्कि गांव के भीतर और बाहर के व्यक्तियों को शामिल करते हुए नियमित सामूहिक सभाओं को शुरू करने की मांग कर रहा है।



■ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

## यूपी में चार से पांच मई तक फिर बारिश!

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले 3-4 दिनों से हुई बारिश और आंधी तूफान की वजह से अधिकतम तापमान में प्रभावी कमी दर्ज की गई, जिससे अप्रैल माह में पड़ रही भीषण गर्मी से प्रदेशवासियों को राहत मिली है।

पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने के कारण प्रदेश के दोनों संभागों में अगले 2 दिनों तक मौसम ड्राई बना रहेगा, अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जाएगी। वहीं 4 मई को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसके कारण उत्तर प्रदेश में फिर से एक बार बे मौसम बारिश का सिलसिला शुरू होगा, जिससे अधिकतम तापमान में कमी दर्ज की जाएगी। वहीं कानपुर में रात में 7 डिग्री पारा गिरा, अब 4 और 5 मई को फिर से झमाझम बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे में उत्तर प्रदेश में अनुमानित बारिश 0.5 मिमी के सापेक्ष 5 मिमी रिकॉर्ड की गई, जो कि सामान्य से 900 प्रतिशत अधिक है। वहीं 1 मार्च से लेकर 1 मई तक अनुमानित बारिश 15.4 मिली मीटर के सापेक्ष 26.4 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई, जो कि सामान्य से 71 प्रतिशत अधिक है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार शनिवार को मुख्यत: आसमान साफ रहा, तेज धूप खिली। अधिकतम तापमान में लगभग 4 डिग्री सेल्सियस वृद्धि हो सकती है। अधिकतम तापमान 37 और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश का उरई सबसे अधिक गर्म जिला रहा, यहां पर अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान बिजनौर जिले में 18 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस कम है। मौसम वैज्ञानिक डा. अतुल सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने से तराई में कहीं-कहीं छिटपुट बूंदा-बांदी को छोड़कर मौसम साफ और ड्राई रहा। आगामी 2 दिनों के दौरान तापमान में 4-6 की बढ़ोतरी के उपरांत आगामी पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 4 मई से प्रदेश में आंधी-तूफान के साथ सम्भावित बारिश के अगले दौर के कारण इसमें पुन: 6-8 डिग्री की गिरावट आने की संभावना है। वहीं मई के आरम्भिक 10 दिनों के दौरान लू चलने की संभावना नहीं है। अब से ठीक 2 दिनों बाद मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। 4 मई से धूलभरी आंधी की शुरुआत होगी और 5 मई तक अच्छी बारिश हो सकती है। मौसम विशेषज्ञ डा. एसएन सुनील पांडेय ने कहा कि दक्षिणी पूर्वी दिशा से हवा आने के चलते गर्म हवाएं नहीं चल पा रही हैं। एक नया विक्षोभ बन सकता है, जिसका असर शनिवार से पहाड़ों और आसपास के मैदानों में दिखाई देगा।



■ पहले हफ्ते से आंधी-तूफान संग बेमौसम वर्षा का अलर्ट

## जनगणना 2027: दो चरणों में होगी प्रक्रिया, जुटाया जाएगा विवरण

# उत्तर प्रदेश में 22 मई से शुरू होगी जनगणना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश जनगणना कार्य निदेशालय की निदेशक शीतल वर्मा ने शनिवार को जनगणना 2027 की तैयारियों और प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह देश की 8वीं जनगणना होगी, जिसकी पूरी प्रक्रिया का संदर्भ समय 1 मार्च 2027 की रात 12 बजे निर्धारित किया गया है, यानी उसी समय देश की कुल जनसंख्या का आधिकारिक आंकड़ा तय माना जाएगा।

लखनऊ में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में शीतल वर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनगणना का कार्य 2025 से ही विचाराधीन है और इसके लिए 31 दिसम्बर 2025 से 31 मार्च 2027 तक राजस्व एवं प्रशासनिक इकाइयों को 'फ्रीज' कर दिया जाएगा। इस दौरान न तो कोई नया राजस्व ग्राम बनेगा और न ही नई तहसील का गठन होगा। उन्होंने बताया कि जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। पहला चरण 'हाउस लिस्टिंग' होगा, जो उत्तर प्रदेश में 22 मई से 20 जून के बीच चलेगा। इसमें घरों, भवनों और बुनियादी सुविधाओं का विवरण जुटाया जाएगा। निदेशक ने बताया कि दूसरे चरण में 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक प्रत्येक व्यक्ति की व्यक्तिगत गणना की जाएगी, जिसमें परिवार के सदस्यों की संख्या, उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति और अन्य विवरण शामिल होंगे। इसी चरण में जातिगत जनगणना भी की जाएगी। इसके के लिए अलग से मानक प्रक्रिया तय की जाएगी। प्रेसवार्ता में बताया गया कि जनगणना कराने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होती है, लेकिन इसे राज्यों के माध्यम से क्रियान्वित किया जाता है। उत्तर प्रदेश में इस कार्य के लिए मंडल स्तर पर आयुक्त, जिला स्तर पर जिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों को नोडल जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही पंचायती राज विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी अधिसूचित किया गया है। पूरे प्रदेश को गणना ब्लॉकों में बांटा गया है, जिनकी संख्या करीब 3.9 लाख है। इस कार्य में लगभग 5 लाख कार्मिकों की तैनाती की जाएगी। प्रशिक्षण की प्रक्रिया 10 मई तक पूरी कर ली जाएगी, जिसमें राष्ट्रीय स्तर से ट्रेनर चयनित किए गए हैं और मास्टर ट्रेनर व फील्ड ट्रेनर तैयार किए गए हैं। जनगणना के दौरान प्रत्येक घर तक पहुंचकर जानकारी जुटाई जाएगी।



■ घर-घर जाकर जुटाया जाएगा डेटा
■ सेल्फ एन्यूमरेशन का विकल्प भी मिलेगा

### एक घर की गणना में लगेंगे 10 मिनट

एक घर की गणना में औसतन 10 मिनट का समय लगेगा और प्रगणक रोजाना 5-6 घरों का सर्वे करेंगे। अधिकांश प्रगणक शिक्षक होंगे, जिन्हें इसके लिए मानदेय भी दिया जाएगा। यह कार्य मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा, जो ऑफलाइन भी काम करेगा और नेटवर्क मिलने पर डेटा सर्वर पर अपलोड हो जाएगा। परिवार की परिभाषा 'कॉमन किचन' के आधार पर तय होगी, यानी जो लोग एक ही रसोई से भोजन करते हैं, उन्हें एक परिवार माना जाएगा। अलग प्रवेश द्वार वाले घरों को अलग मकान के रूप में गिना जाएगा। इसके अलावा संस्थागत परिवार जैसे पुलिस मेस आदि को भी अलग श्रेणी में शामिल किया जाएगा।

## कमर्शियल सिलेंडर महंगा होने पर मायावती ने जताई चिंता

लखनऊ, वार्ता

देश में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में एकमुश्त 993 रुपये की बढ़ोतरी के बाद राजनीतिक प्रतिक्रियाएं तेज हो गई हैं। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने इस बढ़ोतरी को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इसका सीधा असर आम जनजीवन पर पड़ेगा और महंगाई और बढ़ने की आशंका है।

उन्होंने कहा कि कमर्शियल सिलेंडर की भारी किल्लत के बीच कीमतों में अचानक वृद्धि की खबरें सभी मीडिया माध्यमों में प्रमुखता से सामने आई हैं, जिससे लोगों में बेचैनी बढ़ी है। उनका मानना है कि इससे रसोई गैस के साथ-साथ पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में भी बढ़ोतरी हो सकती है। मायावती ने इस स्थिति के कारणों पर सवाल उठाते हुए कहा कि चाहे अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियां जिम्मेदार हों या अन्य कारण, सरकार को आम जनता के हित को ध्यान में रखते हुए नीतियां बनानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि जैसे चुनावों के दौरान पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों को नियंत्रित रखा गया, वैसे ही वर्तमान में भी जनहित और जनकल्याण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।



काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 76913.50
निफ्टी 23997.55

सोना 154800 प्रति 10 ग्राम
चांदी 240331 प्रति किलो

## वंदे भारत एक्सप्रेस के निर्माताओं की कतार में शामिल हुआ आरेडिका

नई दिल्ली, वार्ता

उत्तर प्रदेश के रायबरेली स्थित रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) अपने पहले 16-कोच वाली वंदे भारत चेयर कार ट्रेन को गतिशील एवं क्षेत्रीय परीक्षण के लिए रवाना करने के साथ ही इस अत्याधुनिक ट्रेन के निर्माताओं की कतार में शनिवार को शामिल हो गया। रेलवे की ओर से शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह ट्रेन अत्याधुनिक सीमेंस प्रोपल्शन सिस्टम से सुसज्जित है।

रेलवे ने कहा है कि नियमित यात्री सेवा में शामिल होने से पूर्व इस ट्रेन का कंपन परीक्षण किया जाएगा, जिसके माध्यम से इसकी सवारी की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं गतिशील प्रदर्शन का व्यापक परीक्षण एवं सत्यापन सुनिश्चित किया जाएगा। वंदे भारत ब्रांड की गति, दक्षता एवं यात्री सुविधा, को ध्यान में रखते हुए, आरेडिका द्वारा निर्मित इस ट्रेन में विश्वसनीयता एवं सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए अनेक उन्नत इंजीनियरिंग सुधार को शामिल किया गया है। रेलवे के अनुसार यह ट्रेन उच्च स्तरीय यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त है, जिसमें आरामदायक सीटें, झटके रहित यात्रा, पूर्णत: सील्ड गैंगवे तथा शोर को न्यूनतम करने के लिए स्वचालित प्लग दरवाजा शामिल हैं। इसके अतिरिक्त इसमें स्वदेशी 'कवच' स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली, उन्नत अग्नि पहचान प्रणाली (एरोसोल आधारित अग्निशमन के साथ) तथा अंडर स्लंग उपकरणों के लिए सुरक्षा प्रणाली भी उपलब्ध कराई गई है।

■ अत्याधुनिक सीमेंस प्रोपल्शन सिस्टम से 16-कोच वाली चेयर कार परीक्षण के लिए रवाना

## सोना की कीमतों में वृद्धि चांदी की चमक फीकी

**नई दिल्ली।** ईरान संकट के चलते सोने की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार 24 कैरेट सोने की कीमत 2,000 रुपये बढ़कर 1,54,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) पहुंच गई है। वहीं मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 24 कैरेट सोने का वायदा भाव बढ़कर 151363 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। वहीं चांदी 2,43,720 किलो से गिरकर 2,40,331 रुपए पर पहुंच गई है। यानी इसकी कीमत 3,389 रुपए कम हुई। शुक्रवार तक इसकी कीमत 1,50,263 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। चूंकि शनिवार और रविवार को बाजार बंद रहता है, इसलिए इन दोनों दिनों के लिए यही कीमतें प्रभावी रहेंगी। आईबीजेए के नवीनतम आंकड़ों के आधार पर अब 24, 23, 22, 18 और 14 कैरेट सोने के दाम देखे जा सकते हैं। इसके अलावा गहने खरीदने वाले लोग अपने शहर के ताजा गोल्ड ज्वेलरी रेट भी जांच सकते हैं। देश की राजधानी के सर्राफा बाजार में पिछले कारोबारी दिन गुरुवार को सोने की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला। सोने की कीमतों में यह उछाल एक महीने के निचले स्तर से सुधार का संकेत है।

## जिंस बाजार में तेजी का रुख अनाज, तेल, चीनी सब महंगे

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को सभी सामान महंगे हो गए। चावल, गेहूं, चीनी, दालों और खाद्य तेलों में बढ़त देखी गई। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 32 रुपये बढ़कर 3,836 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गई। गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,781 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटे की कीमत 27 रुपये चढ़ गई। दाल-दलहनों में भी तेजी रही। उड़द दाल की औसत कीमत 70 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। तुअर दाल 61 रुपये और मूंग दाल 60 रुपये महंगी हुई। चना दाल का भाव 31 रुपये और मसूर दाल का 13 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ा। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 244 रुपये और वनस्पति 216 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल 66 रुपये और पाम ऑयल 44 रुपये मजबूत हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 42 रुपये और सरसों तेल की 10 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ी। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 35 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। चीनी भी 15 रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7661.85 रुपये, मसूर काली 8079.55 रुपये, मूंग दाल 10189.46 रुपये, उड़द दाल 10847.02 रुपये, तुअर दाल 11246.69 रुपये प्रति क्विटंल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2781.11 रुपये और चावल 3836.42 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3273.35 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4309.18 रुपये और गुड़ 5031.29 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17851.53 रुपये, मूंगफली तेल 18953.99 रुपये, सूरजमुखी तेल 17485.53 रुपये, सोया तेल 14981.32 रुपये, पाम ऑयल 13498.45 रुपये और वनस्पति 14958.43 रुपये प्रति क्विटंल के स्तर पर रहा।



स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## मान के मुद्दे पर स्पष्टीकरण दें केजरीवाल: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा सांसद संदीप पाठक के घर पंजाब पुलिस की ओर से छापा मारे जाने की निंदा की है और पूर्व मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल से पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के शराब के नशे में धुत होकर विधानसभा सभा में जाने को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी और केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज पंजाब पुलिस ने राज्यसभा सांसद संदीप पाठक के घर पर छापा मारने की कोशिश की। हम पंजाब सरकार से यह सवाल पूछना चाहते हैं कि एक ऐसा राज्य जहां कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी इतनी लचर है कि आपकी पुलिस ड्रग वालों को पकड़ नहीं पा रही है। पवित्र हरमंदिर साहिब के गेट पर गोली चल जाती है। जहां पर पुलिस अधिकारियों के कार्यालय पर हमला हो जाता है, लेकिन वहां पर स्थिति पर नियंत्रण न करके पाठक के घर छापा मारा जाता है। ऐसा क्यों किया जाता है। उन्होंने कहा कि मेरा सवाल केजरीवाल से है, जो खुद को इस 'नई राजनीति' का अलंबरदार बताते हैं, पंजाब विधानसभा में विपक्ष ने कल ही मुख्यमंत्री भगवंत मान पर एक गंभीर आरोप लगाया था, जिसमें उन पर शराब के नशे में होने का आरोप लगाया गया था। इसके बारे में भी केजरीवाल को स्पष्टीकरण देनी चाहिए। उन्होंने आप और पंजाब सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कागज का है लिबास, चिरागों का शहर है, चलना संभल-संभल के, क्योंकि तुम नशे में हो।

## कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय की सेहत में सुधार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की तबीयत में तेजी से सुधार हो रहा है और उनको जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दी जा सकती है। कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार शरीर में सोडियम की कमी के चलते राय की तबीयत शुक्रवार शाम बिगड़ गई थी, जिसके कारण उन्हे मेंदाता अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था।

बताया जा रहा है कि लखनऊ में एक कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद वे अपने आवास लौटे थे, जहां उन्हें चक्कर आ गया और वे बेहोश हो गए। रक्तचाप से जुड़ी शिकायत के बाद उन्हें तत्काल मेदांता अस्पताल ले जाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के अस्वस्थ होने की खबर पर चिंता जताते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मोदी ने गुरुवार शाम एक्स पर लिखा कि उन्हें अजय राय के स्वास्थ्य खराब होने की जानकारी मिली है और वे उनके जल्द ठीक होने की प्रार्थना करते हैं। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने बताया कि अजय राय शुक्रवार शाम अचानक अस्वस्थ हो गए, जिसके बाद उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है और वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं। गौरतलब है कि अजय राय ने वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था, जहां उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। मोदी ने उन्हें डेढ़ लाख से अधिक मतों के अंतर से पराजित किया था। अजय राय उत्तर प्रदेश के पांच बार विधायक रह चुके हैं और 2023 में उन्हें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।



■ मेदांता अस्पताल में हैं भर्ती, जल्द मिल सकती है छुट्टी

### अजय राय की सेहत को लेकर राहुल गांधी ने जताई चिंता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के अस्वस्थ होने पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस खबर से वह चिंतित हैं और राय के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। गांधी ने उम्मीद जताई कि राय जल्द स्वस्थ होकर पूरी ऊर्जा के साथ जन सेवा में सक्रिय होंगे। कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार शरीर में सोडियम की कमी के चलते श्री राय की तबीयत लखनऊ में शुक्रवार शाम बिगड़ गई थी जिसके कारण उन्हे मेदांता अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। बताया जा रहा है कि लखनऊ में एक कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद वे अपने आवास लौटे थे, जहां उन्हें चक्कर आ गया और वे बेहोश हो गए। रक्तचाप से जुड़ी शिकायत के बाद उन्हें तत्काल मेदांता अस्पताल ले जाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के अस्वस्थ होने की खबर पर चिंता जताते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।



## कांग्रेस सांसद तिवारी ने मान पर लगे आरोपों पर मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर लग रहे आरोपों को लेकर स्पष्ट जवाब देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पंजाब जैसे महत्वपूर्ण राज्य के मुख्यमंत्री पर बार-बार नशे से जुड़े गंभीर आरोप लगना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है।

प्रमोद तिवारी ने हाल ही में सामने आए आरोपों का जिक्र करते हुए कहा कि यह दावा किया जा रहा है कि पंजाब के मुख्यमंत्री मान विधानसभा में नशे की हालत में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि यह कोई पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी इस तरह की घटनाएं सार्वजनिक चर्चा का विषय बन चुकी हैं। उन्होंने पूर्व में विदेश यात्रा के दौरान विमान से उतारे जाने की कथित घटना और संसद के समय उठे सवालों का हवाला देते हुए कहा कि इन घटनाओं ने जनमानस में संदेह और असहजता पैदा की है तथा मुख्यमंत्री पद की गरिमा पर प्रश्नचिह्न खड़े किए हैं। हालांकि तिवारी ने यह भी कहा कि इन आरोपों की सच्चाई स्पष्ट होना आवश्यक है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे इन सभी मुद्दों पर खुलकर स्पष्टीकरण दें। उनका कहना है कि लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोपरि होती है, खासकर जब बात किसी राज्य के सर्वोच्च पद की हो। गौरतलब है कि शिरोमणि अकाली दल ने मुख्यमंत्री श्री मान पर विधानसभा में शराब पीकर आने का गंभीर आरोप लगाया और उनका डोप टेस्ट कराए जाने की मांग की।



# हर विकासखंड में बालिकाओं के लिए खुलेगा छात्रावासः सीएम

## घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री घोषणाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा उनकी प्रभावी निगरानी के लिए प्रोग्राम इवैल्यूएशन एंड रिव्यू टेक्निक (पी.ई.आर.टी.) चार्ट तैयार किया जाए। बिजली, पेयजल, वनाग्नि, मानव-वन्यजीव संघर्ष तथा सड़क से संबंधित समस्याओं का विभागों द्वारा यथाशीघ्र समाधान किया जाए। स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। विधायकगणों द्वारा अपने क्षेत्रों की जिन समस्याओं को उठाया जा रहा है, अधिकारी उन्हें गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान करें। जिन घोषणाओं के अभी तक शासनादेश जारी नहीं हुए हैं, उन्हें 15 जून 2026 तक जारी किया जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय से जनसमस्याओं का समाधान करें।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री घोषणाओं के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्रों यमकेश्वर, पौड़ी, श्रीनगर, चौबट्टाखाल, लैंसडाउन



और कोटद्वार की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को ये निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के प्रत्येक विकासखंड में बालिकाओं के लिए एक-एक छात्रावास बनाया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक ब्लॉक में छात्राओं की सर्वाधिक संख्या वाले विद्यालयों को चिन्हित करते हुए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने कहा कि रघुनाथ मंदिर, कोट ब्लॉक स्थित लक्ष्मण मंदिर तथा फलस्वाड़ी स्थित सीता माता मंदिर को धार्मिक सर्किट के रूप में भव्यता से विकसित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायकगणों द्वारा केंद्रीय विद्यालय संगठन खोलने के लिए दिए जा रहे प्रस्तावों पर शिक्षा विभाग तथा संबंधित जिलाधिकारी केंद्र सरकार के मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे जाने पर उन्हें शीघ्र स्वीकृति मिल सके।

युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पौड़ी में मल्टीपरपज हॉल बनाया जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विधायकगणों द्वारा बैठक में उठाई गई समस्याओं का संबंधित विभागीय सचिव प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित रोपवे प्रकरणों की अलग से समीक्षा की जाए। साथ ही पार्किंग की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाए तथा सरकारी कार्यालयों में नियमित रूप से सोलर पैनल लगाए जाएं।

बैठक में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, डॉ. धन सिंह रावत, विधायक रेनू बिष्ट, राज. कुमार पोरी, दलीप सिंह रावत, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, रविनाथ रमन, डॉ. पंकज कुमार पांडेय, डॉ. आर. राजेश कुमार, रणवीर सिंह चौहान, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष तथा वर्चुअल माध्यम से गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पाण्डेय और जिलाधिकारी पौड़ी स्वाति भदौरिया उपस्थित थे।

- 15 जून 2026 तक सीएम घोषणाओं के लंबित शासनादेश जारी करने के निर्देश
- रघुनाथ मंदिर, लक्ष्मण मंदिर और सीता माता मंदिर को धार्मिक सर्किट के रूप में भव्यता से किया जाएगा विकसित
- बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, सड़क और मानव-वन्यजीव संघर्ष से जुड़ी समस्याओं का किया जाए त्वरित समाधान
- यमकेश्वर, पौड़ी, श्रीनगर, चौबट्टाखाल, लैंसडाउन और कोटद्वार विधानसभा की सीएम घोषणाओं की मुख्यमंत्री ने की समीक्षा

# चार और पांच मई के लिए आरेंज अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मौसम विभाग द्वारा राज्य में संभावित खराब मौसम, आंधी-तूफान एवं आकाशीय बिजली की चेतावनी को दृष्टिगत रखते हुए राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा जनपदों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में विस्तृत पत्र जारी कर सतर्कता एवं तैयारी सुनिश्चित करने को कहा गया है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 4 एवं 5 मई, 2026 के लिए देहरादून, टिहरी, हरिद्वार, पौड़ी, नैनीताल, चम्पावत एवं ऊधम सिंह नगर जनपदों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जनपदों में कहीं-कहीं गरज के साथ आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि, तीव्र से अति तीव्र वर्षा तथा 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की गई है। इसके अतिरिक्त 5 मई, 2026 को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ जनपदों में भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जहां ओलावृष्टि, तेज वर्षा एवं तेज हवाओं की संभावना जताई गई है।

वहीं 2 मई से 6 मई, 2026 तक राज्य के अन्य जनपदों में येलो अलर्ट जारी करते हुए गरज-चमक, आकाशीय बिजली एवं तेज हवाओं की संभावना व्यक्त की गई है। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि जनपदों को उच्च सतर्कता बनाए रखने तथा किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में ट्रेकिंग गतिविधियों को नियंत्रित करने, संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने तथा राहत एवं बचाव दलों को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए गए हैं। सभी संबंधित विभागों, जैसे राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई, बीआरओ आदि को मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति में तत्काल बहाली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही ग्राम स्तर तक अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहने एवं आपदा उपकरणों तथा संसाधनों को तैयार स्थिति में रखने को कहा गया है। इसके अतिरिक्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने मोबाइल/संचार माधयम सक्रिय रखें।

- एसईओसी से जनपदों को जारी हुआ पत्र, सावधानी बरतने के निर्देश

# केदारनाथ यात्रा व्यवस्थाओं का एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में संचालित केदारनाथ धाम यात्रा के सुचारु संचालन को लेकर पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने रुद्रप्रयाग से सोनप्रयाग तक यातायात व्यवस्था और पार्किंग व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा यातायात निरीक्षक सहित संबंधित कोतवाली व चौकी प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बताया गया कि जनपद में चल रही केदारनाथ यात्रा को लगभग दो सप्ताह का समय होने के साथ यात्रियों की संख्या 3 लाख के आंकड़े को पार करने की ओर है। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए एसपी ने जनपद मुख्यालय से लेकर गुप्तकाशी, फाटा और सोनप्रयाग तक सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि यात्रा मार्ग पर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यातायात संचालन में आ रही बाधाओं को दूर करने, मार्ग अवरुद्ध करने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने तथा यातायात को निरंतर सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही पार्किंग स्थलों के समुचित उपयोग और वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करने पर भी जोर दिया गया।

# झटकाः कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** महिला आरक्षण की विपक्षी बाधा और प्रदेश कांग्रेस के अन्याय के खिलाफ कांग्रेस समेत विभिन्न दलों की मातृ शक्ति शनिवार को भाजपा में शामिल हुई । इस अवसर प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि, अब समय आ गया है, जब देश की आधी आबादी अपने अधिकारों का हनन करने वाले राजनैतिक दलों को सबक सिखाएगी।



पार्टी मुख्यालय में हुए इस ज्वाइनिंग कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी नए सदस्यों का स्वागत किया गया। इस दौरान उनका पार्टी का पटका और फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। प्रदेश नेतृत्व ने सभी लोगों को पार्टी की रीति नीति और वैचारिक अधिष्ठान की विस्तृत जानकारी दी गई। पार्टी में विश्वास जताने वाले सभी लोगों ने एकस्वर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाली पार्टियों के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश जताया। पार्टी में शामिल होने वाले प्रमुख नामों में रुद्रप्रयाग की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी राणा, महिला कांग्रेस वरिष्ठ उपाध्यक्ष और रुद्रपुर नगर पालिका की पूर्व चेयरमैन मीना शर्मा और घनसाली के पूर्व विधायक प्रत्याशी दर्शन लाल आर्य रहे।इसके साथ ही भाजपा परिवार में कांग्रेस के अनिल शर्मा, संजीव रस्तोगी, सुमित राय, पूनम गुप्ता, मंजू, श्वेता शर्मा सहित कई अन्य राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर प्रदेश महामंत्री कुन्दन परिहार, ,विधायक शिव अरोड़ा सहित पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### आधी आबादी के अधिकारों का हनन करने वालों को सबक सिखाने का समयः भट्ट

इस मौके पर महेंद्र भट्ट ने नवागंतुकों को संबोधित करते हुए कहा, आप सभी लोगों की तरह भाजपा परिवार और समस्त प्रदेशवासियों को भी महिला अधिकारों पर संसद में विपक्षी रुख से बहुत क्षोभ है। आप सभी नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन और महिला विरोधी विपक्ष के विरोध में साथ आए हैं। जनता के सहयोग से हम महिला अधिकारों के अपराधियों को लोकतांत्रिक तरीकों से सबक सिखाएंगे। उन्होंने कहा कि, पीएम मोदी और सीएम धामी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार प्रदेश और देश का चौमुखी विकास कर रही है। युवाओं, महिलाओं, गरीब और किसानों के कल्याण को समर्पित हमारी सरकार विकसित उत्तराखंड के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। चाहे सरकारी नौकरियों में 30 फीसदी आरक्षण सुनिश्चित करना हो, लखपति दीदी बनाया जाना हो, जमीनों और आवासीय मालिकाना अधिकार देना हो, चाहे जनकल्याण की योजनाएं हों। वहीं पार्टी की सदस्यता लेने वाले सभी लोगों के सम्मान का ख्याल रखने का विश्वास दिलाया। साथ ही आह्वान किया कि जनसहयोग से हम सभी लोगों को 2027 विधानसभा चुनावों में जीत की हैट्रिक लगानी है। क्योंकि महिला अधिकार हनन समेत किसी भी प्रकार के अन्याय का जवाब देने का सबसे बेहतर लोकतांत्रिक तरीका चुनाव परिणाम होता है।

### भाजपा ने सदैव महिलाओं के उत्थान, सम्मान व आत्मनिर्भरता को दी प्राथमिकताः दीप्ति रावत

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत भारद्वाज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सदैव महिलाओं के उत्थान, सम्मान और आत्मनिर्भरता को अपनी प्राथमिकता में रखा है। केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन में व्यापक और सकारात्मक परिवर्तन लाया है, जिससे उनका विश्वास भाजपा के प्रति और अधिक सुदृढ़ हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अथक प्रयासों एवं दूरदर्शी नेतृत्व के कारण आज महिलाओं को समाज और शासन दोनों स्तरों पर सशक्त अवसर प्राप्त हो रहे हैं। यही कारण है कि बड़ी संख्या में महिलाएं भाजपा की विचारधारा से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं।

### कांग्रेस में अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठाई, तो किया गया अपमानितः मीना

इस दौरान पार्टी में होने वाली मीना शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने संसद के अंदर महिला शक्ति के साथ जो अन्याय किया वही प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने हमारे साथ किया है। जब मैने अपने साथ हुए अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई तो पार्टी के नेताओं ने मुझे अपमानित किया। महिला सशक्तिकरण की आवाज बुलंद करने और सरकार के विकास कार्यों के समर्थन के लिए हम सब भाजपा में शामिल हुए हैं।

# युवा कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने संभाला कार्यभार

## जनहित के मुद्दों पर संघर्ष किया जाएगाः भोजक

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** युवा कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विशाल भोजक ने औपचारिक रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभान चिब, राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, प्रदेश चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य गुरदीप सिंह सप्पल, प्रदेश चुनाव प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष डॉ. हरक सिंह रावत, पूर्व राष्ट्रीय सचिव प्रकाश जोशी, सोशल मीडिया राष्ट्रीय सचिव वैभव वालिया सहित संगठन के पदाधिकारियों एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यभार ग्रहण करते हुए भोजक ने कहा कि वे संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं




- वरिष्ठ नेताओं ने दी बधाई, संगठन की मजबूती पर जोर देने का आह्वान

जनहित के मुद्दों पर संघर्षशील बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने युवाओं को संगठन से जोड़ने, उनकी आवाज को मजबूती से उठाने तथा प्रदेश के विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं के सामने बेरोजगारी, शिक्षा एवं महंगाई जैसी गंभीर चुनौतियाँ हैं, जिनके समाधान के लिए युवा कांग्रेस निर्णायक भूमिका निभाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने विशाल भोजक एवं उनकी नव नियुक्त टीम के पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में युवा कांग्रेस नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी।

कार्यक्रम में प्रदेश युवा कांग्रेस के सभी नवनियुक्त पदाधिकारी एवं सैकडों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रसार भारती के नए अध्यक्ष बने गीतकार प्रसून जोशी

**देहरादून/नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रख्यात गीतकार,लेखक और संचार विशेषज्ञ प्रसून जोशी को प्रसार भारती का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शनिवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की।

बयान में कहा गया है कि जोशी, एक जाने-माने क्रिएटिव प्रोफेशनल हैं, जिनका साहित्य, विज्ञापन, सिनेमा और पब्लिक कम्युनिकेशन में बहुत बड़ा योगदान है, और जो अपनी असरदार राइटिंग और गहरी कल्चरल सेंसिबिलिटी के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने आज के भारतीय मीडिया नैरेटिव को बनाने में अहम भूमिका निभाई है।

# युवक ने थानाध्यक्ष पर आरोप लगाकर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सतपुली ।** पौड़ी जिले के सतपुली थाना क्षेत्र में 20 वर्षीय युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने से सनसनी फैल गई । मृतक युवक ने मरने से पहले इंस्टाग्राम पर वीडियो जारी कर थाना प्रभारी और स्थानीय पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए । युवक ने अपनी मौत के लिए सतपुली पुलिस को जिम्मेदार ठहराया है।

जानकारी के अनुसार रेतपुर निवासी पंकज कुमार उम्र 20 वर्ष, पुत्र स्वर्गीय प्रकाश चंद्र का शव शनिवार सुबह रेतपुर भिताड़ा पुल के पास फंदे से लटका मिला। बताया जा रहा है कि युवक को अपनी बाइक से बेहद लगाव था। पुलिस द्वारा बाइक सीज किए जाने के बाद वह मानसिक रूप से टूट गया था। परिजनों के मुताबिक युवक ने आत्महत्या के समय हेलमेट भी पहना हुआ था ।

- एसएसपी पौड़ी ने दिए जांच के आदेश

आत्महत्या से पहले युवक ने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट कर लिखा कि सतपुली पुलिस में इंसानियत नहीं है। बिना पूरी बात सुने हाथ उठाया गया और परिजनों को भी अपशब्द कहे गए। युवक ने एसओ पर अभद्र व्यवहार और मारपीट जैसे गंभीर आरोप लगाए ।मृतक की मां ने बताया कि पंकज बाइक सीज होने के बाद से काफी परेशान था। परिवार ने उसे समझाने की कोशिश की लेकिन उसने यह खौफनाक कदम उठा लिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

वहीं पुलिस के अनुसार युवक 1 मई को शराब के नशे में बाइक चला रहा था और उसने एक स्थानीय चिकित्सक को टक्कर मार दी थी। मेडिकल जांच में नशे की पुष्टि होने के बाद नियमों के तहत बाइक सीज की गई थी । पौड़ी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने बताया कि युवक द्वारा मरने से पहले वीडियो में पुलिस पर लगाए गए आरोपों को गंभीरता से लिया गया है। मामले की निष्पक्ष जांच एडिशनल एसपी कोटद्वार को सौंपी गई है। पोस्टमॉर्टम डॉक्टरों के पैनल से कराया जाएगा और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी होगी । फिलहाल सतपुली एसओ को लाइन हाजिर कर जांच शुरू कर दी गई है ।

इस घटना के बाद उत्तराखंड पुलिस की कार्यशैली पर फिर सवाल उठने लगे हैं। यदि जांच में किसी की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई तय मानी जा रही है।

# प्राथमिकता पर करें ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का वास्तविक आकलन : जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश में हाल ही में हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को हुए नुकसान को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रभावित क्षेत्रों का शीघ्र आंकलन कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने दूरभाष के माध्यम से निदेशक कृषि से वार्ता करते हुए कहा कि ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का वास्तविक आकलन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि किसानों को जल्द राहत मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व विभाग के साथ समन्वय बनाकर संयुक्त सर्वे कराने के भी निर्देश दिए।कृषि मंत्री जोशी ने स्पष्ट किया कि भारत सरकार के निर्धारित मानकों के अनुसार नुकसान का आकलन कर



- कृषि मंत्री ने ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को हुए नुकसान का शीघ्र आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए

पात्र किसानों को शीघ्र मुआवजा प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के साथ खड़ी है और किसी भी प्रभावित किसान को राहत से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्वे कार्य में पारदर्शिता और तेजी सुनिश्चित की जाए, जिससे किसानों को समय पर सहायता मिल सके और उनकी आजीविका पर पड़े प्रभाव को कम किया जा सके।

# मोदी नेतृत्व में सनातन का स्वर्ण युगः सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़कोट/ उत्तरकाशी।** तहसील बड़कोट के नगाणा गांव में प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान की धर्मपत्नी स्वर्गीय उमा के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उमा चौहान को श्रद्धांजलि देने पहुंचे इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सनातन धर्म का स्वर्ण युग आया है।

मुख्यमंत्री ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण जैसे कार्यों को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि ये देश की सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने वाले कदम हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य की बुद्धि विवेक जागृत होती है और पितरों को भी बैकुंठ धाम की प्राप्ति होती है।


उन्होंने उत्तराखंड को देवभूमि बताते हुए कहा कि यहां चारधाम विराजमान हैं, जैसे वृंदावन में वृंदा धाम का महत्व है। केदारनाथ पुनर्निर्माण और बद्रीनाथ मास्टर प्लान के कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और कहा कि विकास एक अनवरत (सतत) प्रक्रिया है जो निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।



- श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे मुख्यमंत्री धामी

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्राम प्रधान की मांग पर नगाणा गांव में बारात घर बनाने का आश्वासन भी दिया।

इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री डां रमेश पोखरियाल निशंक, कैबिनेट मंत्री खजान दास, विधायक सुरेश चौहान, जिलाधिकारी प्रशांत आर्य,ओबीसी आयोग के उपाध्यक्ष श्याम डोभाल, भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चौहान, दायत्व धारी जगत सिंह चौहान, डॉ. स्वराज विद्वावान, यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल,किशोर भट्ट ,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र रमोला, नगरपालिका अध्यक्ष चिन्यालीसौड़ मनोज कोहली, जिला पंचायत सदस्य दीपेन्द्र कोहली, समेत कथा में मूल भागवत पाठ पर आचार्य शक्ति प्रसाद सेमवाल , दर्जनों आचार्य, पूजारी आदि मौजूद रहे है।

# श्रद्धालुओं की सेवा में दिन-रात जुटी हैं टीमें

## केदारनाथ धाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित बनाए रखने को प्रशासन मुस्तैद

■ पुलिस एवं आपदा प्रबंधन की टीमें तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा सुचारु रूप से संचालित हो रही है। बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालुओं तथा उच्च हिमालयी दुर्गम परिस्थितियों के बावजूद जिला प्रशासन, पुलिस एवं आपदा प्रबंधन की टीमें दिन-रात यात्रा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने में निरंतर जुटी हुई हैं। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सहज और व्यवस्थित यात्रा अनुभव प्रदान करना है, जिसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ की गई हैं।

यात्रा मार्ग के विभिन्न पड़ावों पर तैनात प्रशासनिक एवं सुरक्षा टीमें यात्रियों की सहायता हेतु तत्पर हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल, आवास, यातायात प्रबंधन एवं आपातकालीन सहायता जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे यात्रियों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। राहत एवं बचाव टीमें कठिन परिस्थितियों में भी सक्रिय रहकर जरूरतमंद श्रद्धालुओं को अस्पताल, हेलीपैड अथवा सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा रही हैं। कई अवसरों पर ये टीमें देवदूत बनकर यात्रियों की सहायता करती नजर आ रही हैं, जिससे प्रशासन के प्रति श्रद्धालुओं का विश्वास और मजबूत हो रहा है।



### गुमशुदा बैग व मोबाइल लौटाया

**रूद्रप्रयाग।** एसडीआरएफ पोस्ट लिनचोली द्वारा ईमानदारी एवं तत्परता का एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया।

केदारनाथ धाम यात्रा पर आए यात्री सचिन पुत्र हरिपाल, निवासी सदर, नई दिल्ली का बैग लिनचोली-केदारनाथ पैदल मार्ग में कहीं गिर गया था, जिसमें उनका मोबाइल भी रखा हुआ था। एसडीआरएफ पोस्ट लिनचोली पर तैनात कांस्टेबल आशीष बिष्ट एवं कांस्टेबल अजय विश्वकर्मा द्वारा गश्त के दौरान उक्त बैग व मोबाइल लावारिस अवस्था में बरामद किया गया। टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए मोबाइल के माध्यम से यात्री से संपर्क स्थापित किया गया तथा पूर्ण सत्यापन के उपरांत उनका समस्त सामान सुरक्षित रूप से उन्हें वापस सौंप दिया गया।

अपना खोया हुआ सामान सकुशल वापस पाकर यात्री सचिन ने एसडीआरएफ टीम तथा जिला प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया तथा प्रशासन की कार्यप्रणाली की सराहना की। जिला प्रशासन रुद्रप्रयाग द्वारा अपील की गई है कि सभी श्रद्धालु यात्रा के दौरान सावधानी बरतें, अपने सामान का विशेष ध्यान रखें तथा किसी भी प्रकार की सहायता को लेकर निकटतम पुलिस, प्रशासन या आपदा प्रबंधन टीम से संपर्क करें।

# केदारनाथ-लिंचोली मार्ग पर एसडीआरएफ का 'देवदूत मिशन'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** चारधाम यात्रा के दौरान केदारनाथखलिंचोली मार्ग पर दुर्गम पहाड़, कड़ाके की ठंड, ऊंचाई पर कम वायुदाब और ऑक्सीजन की कमी जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमें सेवा, साहस और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण पेश कर रही हैं। सेनानायक अर्पण यदुवंशी के नेतृत्व में एसडीआरएफ के जवान हर पल मुस्तैद रहकर न सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं, बल्कि संकट में फंसे श्रद्धालुओं के लिए 'जीवनरक्षक' बनकर सामने आ रहे हैं।



■ विकट हालात में सैकड़ों श्रद्धालुओं को जीवनदायिनी राहत

यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक केदारनाथ क्षेत्र में एसडीआरएफ द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए लगभग 65 श्रद्धालुओं को ऑक्सीजन सपोर्ट प्रदान किया गया, जो ऊंचाई और मौसम के प्रभाव से अस्वस्थ हो गए थे। वहीं 40 से अधिक यात्रियों को दवाइयां देकर राहत पहुंचाई गई, जबकि गंभीर स्थिति में पहुंचे 08 मरीजों को समय रहते हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर उनकी जान बचाई गई। इसके अतिरिक्त 35 से अधिक श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। लिंचोली क्षेत्र में भी एसडीआरएफ की सक्रियता बेहद प्रभावशाली रही है। यहां 85 से अधिक यात्रियों को ऑक्सीजन, 200 से अधिक को दवाइयां और 70 से ज्यादा श्रद्धालुओं का हेल्थ चेकअप कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। रेस्क्यू अभियानों में एसडीआरएफ की तत्परता सबसे ज्यादा सराहनीय रही। केदारनाथ क्षेत्र में 70 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जबकि लिंचोली में 30 से ज्यादा श्रद्धालुओं को कठिन परिस्थितियों से रेस्क्यू किया गया। खड़ी चट्टानों, फिसलन भरे रास्तों और खराब मौसम के बीच भी जवानों ने अपनी जान जोखिम में डालकर हर ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

आपात स्थितियों से निपटने के लिए एसडीआरएफ टीमें स्ट्रेचर, रोप, स्प्लिंट, ब्लड प्रेशर मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर व पोर्टेबल ऑक्सीजन सिलेंडर जैसे आधुनिक उपकरणों से लैस हैं, जिससे हर सेकंड कीमती साबित हो रहा है और समय रहते राहत पहुंचाई जा रही है।

# प्रशासन ने दिए सेक्टर अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश

■ संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी, यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में हो रही लगातार वर्षा और अतिवृष्टि को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र के माध्यम से सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अनिवार्य रूप से मौजूद रहकर लगातार निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी अपने क्षेत्र के संवेदनशील एवं भूस्खलन संभावित स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतें और किसी भी संभावित खतरे से पहले ही आवश्यक एहतियाती कदम उठाएं। उन्होंने वर्षा, हिमपात, मार्गों की स्थिति, आवागमन में आ रही बाधाओं और यात्रियों की गति. विधियों से संबंधित अद्यतन जानकारी नियमित रूप से जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र एवं यात्रा कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराने को अनिवार्य किया है, ताकि किसी भी स्थिति में त्वरित निर्णय लिया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि आवश्यकता पड़ने पर यात्रियों और वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर अस्थायी रूप से रोका जाए, जिससे किसी भी संभावित दुर्घटना को टाला जा सके। साथ ही किसी भी आपात स्थिति में बिना विलंब सूचना डीआईओसी को उपलब्ध कराते हुए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की पीड़ा सुनने पहुंचे दीपक बिजल्वाण, समाधान का आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़कोट/उत्तरकाशी।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नौगांव ब्लॉक में धरना प्रदर्शन कर रही आंगनबाड़ी कार्यकत्री पिछले 32 दिनों से डटे हैं । लंबे समय से चल रहे इस आंदोलन ने अब जनप्रति. निधियों का भी ध्यान आकर्षित करना शुरू कर दिया है।

शनिवार को धरना स्थल पर पहुंचे भाजपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका बहनों का संघर्ष लगातार जारी है। उन्होंने उसकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।



■ मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का आंदोलन 32 दिन से जारी

उन्होंने आश्वासन दिया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका बहनों की आवाज को सरकार तक मजबूती से पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बहनों की मांगें पूरी तरह जायज हैं और वे इस संबंध में जल्द मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री से बातचीत कर समाधान निकालने का हर संभव प्रयास करेंगे। इस दौरान आंदोलन को समर्थन देने पहुंचे महावीर पंवार 'माही' ने भी सरकार से आग्रह किया कि प्रदेश भर की आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका बहनों की मांगों पर शीघ्र अमल किया जाए। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन केवल मांगों का नहीं, बल्कि सम्मान और अधिकारों की लड़ाई है। धरना में जिला पंचायत प्रतिनिधि रोहित जुड़ियाल भी मौजूद रहे और उन्होंने भी आंदोलन को अपना समर्थन व्यक्त किया। आंदोलनरत आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

## एक नजर .......

### एलपीजी कीमतों में हुई वृद्धि को तुरंत वापस लेने की मांग

**श्रीनगर।** एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने एलपीजी की कीमतों में हालिया भारी वृद्धि का कड़ा विरोध जताया है। एसयूसीआई पार्टी के महासचिव प्रोवाश घोष द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव संपन्न होते ही केंद्र सरकार ने कोमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में भारी बढ़ोतरी कर दी है। गैस सिलेंडर की कीमत एक महीने पहले के 2078 रुपये से बढ़कर 3071 रुपये तक पहुंच गई है, जो अब तक का रिकॉर्ड स्तर बताया जा रहा है। एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के डॉ. मुकेश सेमवाल ने कहा कि कोमर्शियल गैस सिलेंडर में वृद्धि से रेस्तरां, भोजनालय और अन्य छोटे-बड़े व्यवसायों पर सीधा असर पड़ेगा। जिसका बोझ आम उपभोक्ताओं पर ही पड़ेगा। इससे बाहर खाना और फूड डिलीवरी सेवाएं महंगी होने की आशंका जताई गई है। उन्होने आशंका व्यक्त की है कि आने वाले समय में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे महंगाई और बढ़ेगी तथा आम जनता का जीवन और अधिक कठिन हो जाएगा। कहा कि सरकार ने अंतरराष्ट्रीय दबाव में रूस और ईरान से सस्ता तेल आयात बंद कर दिया है और अब महंगे दामों पर तेल खरीद रही है, जिसका असर आम जनता पर पड़ रहा है। उन्होने बताया कि पार्टी ने एलपीजी कीमतों में इस वृद्धि को तुरंत वापस लेने की मांग करते हुए जनता से एकजुट होकर विरोध करने का आह्वान किया है।

### कविता कारवां के 10 वर्ष पूर्ण कवियों की रचनाओं ने बांधा समा

**श्रीनगर।** कविता कारवां की दस वर्षों की सफल यात्रा पूर्ण होने के अवसर पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सभागार में भव्य साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रस्तुत कविताओं ने प्राकृतिक सौंदर्य का सजीव चित्रण करते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही कवियों ने पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी अपने विचार रखे। वरिष्ठ रंगकर्मी विमल बहुगुणा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में साहित्य प्रेमियों ने भी प्रसिद्ध कवियों की रचनाओं का पाठ कर माहौल को और अधिक साहित्यिक बना दिया। वक्ताओं ने कहा कि कविता कारवां की यह दशकभर की यात्रा न केवल साहित्यिक अभिव्यक्ति का माध्यम रही है, बल्कि समाज को संवेदनशील और जीवंत बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाती रही है। कार्यक्रम में वीरेंद्र रतूड़ी द्वारा प्रस्तुत गजल को विशेष सराहना मिली। इसके अलावा राजेंद्र कपरवाण, अजयप्रकाश चौधरी, शिव सिंह नेगी, कौशल्या नैथानी और विमल बहुगुणा ने भी अपनी रचनाओं की प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा।

# भगवान सब कुछ सहन करते हैं, अहंकार नहीं: आयुष कृष्ण नयन

■ गोपियों की प्रेम कथा ने बांधा समा, श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़कोट/ उत्तरकाशी।** श्रीमद् भागवत कथा के प्रवचन में कथा व्यास आयुष कृष्ण नयन महराज ने स्पष्ट किया कि भगवान सृष्टि के सभी कष्ट और दुःख सहन कर सकते हैं, लेकिन अहंकार के प्रति उनकी सहनशीलता नहीं है। व्यास जी ने बताया कि अहंकार इंसान और भक्ति के मार्ग में सबसे बड़ा बाधक है। कथा के दौरान व्यास जी ने उदाहरण स्वरूप गोपियों का त्याग किया।



बताया गया कि गोपियों में भी अहंकार आ गया था, इसलिए उन्होंने उनसे दूरी बना ली। इस घटनाक्रम के बावजूद, गोपियों ने अपनी भक्ति और गीत के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रोता उनकी भक्ति और भावपूर्ण गीतों से अत्यंत प्रभावित हुए। यह प्रसंग दर्शाता है कि भक्ति में निस्वार्थ समर्पण आवश्यक है और अहंकार भक्ति की शुद्धता में बाधा डालता है। तहसील बड़कोट अंतर्गत ठकराल पट्टी के नगाण गांव में भाजपा नेता मनवीर सिंह चौहान की धर्मपत्नी स्वर्गीय उमा चौहान के वार्षिक श्रद्धा एवं पित्रों के उद्धार के लिए श्रीमद्भागवत पुराण कथा के के छठे दिन प्रवचन करते हुए महराज ने गोपियों की अद्भुत प्रेम और भक्ति से जुड़ी कथा का ऐसा रसपूर्ण वर्णन किया कि पंडाल में उपस्थित सभी श्रोता भाव-विभोर हो उठे। महराज ने अपने प्रवचन में बताया कि गोपियों का भगवान के प्रति प्रेम निष्कलंक, निस्वार्थ और पूर्ण समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह प्रेम सांसारिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊंचाइयों को छूने वाला है, जो हर भक्त को भक्ति मार्ग पर अग्रसर करता है।

कथा के दौरान जैसे ही गोपियों की विरह और मिलन की भावनाओं का वर्णन किया गया, पंडाल में एक अलग ही आध्यात्मिक वातावरण बन गया।

कई श्रोताओं की आंखें नम हो गईं और वे भक्ति रस में डूब गए। कार्यक्रम के अंत में भजन-कीर्तन के माध्यम से माहौल और भी भक्तिमय ओ सखी, वृंदावन चलों ल, काना की मुरली मां नच ऊनीष गढ़वाली भजन से पर श्रोताओं से खचाखच भरा पांडाल में झूम उठे। अंत में भगवान श्रीकृष्ण का विवाह रूक्मणी का उत्सव मनाया गया है। श्रद्धालुओं ने कहा कि इस प्रकार की कथा सुनकर उन्हें आत्मिक शांति और नई ऊर्जा का अनुभव हुआ है।

# एसडीएम अनिल रावत ने यात्रा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**रूद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए जिला प्रशासन लगातार सक्रिय है। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा के निर्देशन में उपजिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल रावत ने शनिवार को ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर विभिन्न यात्रा पड़ावों का स्थलीय निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अनिल रावत ने सोनप्रयाग में पार्किंग व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पार्किंग स्थलों पर आने वाले वाहनों को क्रमबद्ध तरीके से खड़ा कराया जाए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही भीड़भाड़ के समय अतिरिक्त सतर्कता बरतने और पर्याप्त संख्या में कार्मिकों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने गौरीकुंड स्थित तप्त कुंड का निरीक्षण कर साफ-सफाई, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए कि श्रद्धालुओं के उपयोग में आने वाले सभी स्थलों पर स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने घोड़ा-खच्चर, डंडी-कंडी संचालकों से भी बातचीत की। उन्होंने संचालकों को यात्रियों के साथ विनम्र व्यवहार रखने और निर्धारित नियमों का पालन करने के निर्देश दिए, ताकि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित व सुगम सेवाएं मिल सकें।

# चोपता में जब मां चंडिका ने खुद थामी 'गढ़ ईश्वरी' की कमान

■ ब्रह्मडोली से पुस्तक विमोचन देख भाव-विभोर हुए भक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चोपता/रुद्रप्रयाग।** देवभूमि उत्तराखंड की जड़ों में रची-बसी आस्था जब साक्षात रूप लेती है, तो तर्क मौन हो जाते हैं और केवल भक्ति शेष रह जाती है। कुछ ऐसा ही चमत्कारिक और अलौकिक दृश्य तल्ला नागपुर के चोपता क्षेत्र में चल रही माँ चंडिका की श्बन्याथश में देखने को मिला। यहाँ आराध्य माँ चंडिका ने न केवल भक्तों को दर्शन दिए, बल्कि अपनी ब्रह्मडोली के माध्यम से आध्यात्मिक कृति श्गढ़ ईश्वरीश का विमोचन कर क्षेत्र के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया। शनिवार दोपहर के समय जब माँ चंडिका की डोली बणातोली के शांत खेतों में भक्तों को आशीर्वाद दे रही थी, तभी वह क्षण आया जिसका साक्षी बनने की कल्पना शायद ही किसी ने की होगी। लेखक बलदीप सिंह बर्त्वाल द्वारा रचित पुस्तक श्गढ़ ईश्वरीश को जब माँ के सम्मुख रखा गया, तो माँ की ब्रह्मडोली ने दिव्य ऊर्जा के साथ पुस्तक के पृष्ठों को स्पर्श कर उन्हें पलटा। यह माँ की ओर से अपने भक्त की लेखनी को दिया गया सर्वोच्च सम्मान और आशीर्वाद था। लेखक बलदीप बर्त्वाल के लिए यह क्षण ईश्वरीय कृपा का साक्षात अनुभव बन गया। वेदपाठ की गूँज और महायज्ञ का ताप जहाँ एक ओर विमोचन की इस घटना ने सबको मंत्रमुग्ध किया, वहीं दूसरी ओर महायज्ञ की पवित्र अग्नि निरंतर प्रज्वलित है।

# संयुक्त चिकित्सालय के डॉक्टरों को मिली आवासीय सुविधाएं

■ टाइप-3 क्वार्टर्स के निर्माण कार्य को शासन को भेजा आकलन

■ पेयजल सम्बंधित कार्य पूर्ण नहीं होने पर हैंडओवर प्रक्रिया में देरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** उपजिला संयुक्त चिकित्सालय श्रीनगर में तैनात डॉक्टरों को आवासीय भवनों की सुविधा मिलनी शुरू हो गई है। अस्पताल परिसर के पास बनाए गए आवासीय भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और अब इन्हें विभाग को सौंपने (हैंडओवर) की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। ज्ञात हो कि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने 7 दिसम्बर 2023 को पुराने संयुक्त चिकित्सालय भवन को ध्वस्त कर खाली हुई भूमि पर इन आवासीय भवनों की आधारशिला रखी थी। करीब 4 करोड़ 31 लाख रुपये की लागत से डॉक्टरों के लिए आधुनिक आवासीय परिसर का निर्माण किया गया है। इसके अलावा लगभग 1 करोड़ 98 लाख रुपये की लागत से ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण भी पूरा कर लिया गया है, जिसकी हैंडओवर प्रक्रिया पूर्ण होने के साथ ही पूर्व में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत द्वारा इसका लोकार्पण भी किया जा चुका है। निर्मित आवासीय परिसर में टाइप-5 का एक आवास, टाइप-3 के दो आवास तथा टाइप-2 के आठ आवास बनाए गए हैं। टाइप-5 आवास में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विमल गुसाईं ने गृह प्रवेश भी कर लिया है। हालांकि, अभी इन भवनों में पेयजल कनेक्शन का कार्य शेष है। जल संस्थान विभाग द्वारा इस कार्य के लिए 3.11 लाख रुपये का आकलन तैयार कर ग्रामीण निर्माण विभाग को भेजा गया है। पेयजल कनेक्शन स्थापित होते ही सभी आवासीय भवनों का विधिवत हैंडओवर कर दिया जाएगा। सीएमएस डॉ. विमल गुसाईं ने बताया कि निर्माण कार्य पूरी तरह से संपन्न हो चुका है और शेष औपचारिकताएं शीघ्र पूरी कर ली जाएंगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही सभी डॉक्टरों को इन आवासीय सुविधाओं का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। कहा कि उप जिला अस्पताल में डॉक्टरों के लिए आवास बनने से यहां की रात्रिकालीन आकस्मिक सेवाएं भी और सुदृढ़ हो जायेगी।

> "उप जिला संयुक्त चिकित्सालय में डॉक्टरों के आवासीय भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। कुछ डॉक्टरों द्वारा आवासीय भवनों में निवास भी करने लगे है, लेकिन अभी पेयजल सम्बंधित कनेक्शन न लगने के कारण हैंडओवर की प्रक्रिया रूकी हुई है, जल्द पेयजल सम्बंधित समस्या का दूर कर दिया जायेगा। उपजिला संयुक्त चिकित्सालय में टाइप-3 के छह आवास और बनने है। जिसके लिए विभाग द्वारा 1 करोड़ 63 लाख रूपये का आंकलन तैयार कर शासन को भेजा गया है। शासन स्तर से पैसा स्वीकृत होते ही टाइप-3 क्वार्टस का निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया जायेगा।"
>
> **विनोद कुमार जोशी, अधिशासी अभियंता, ग्रामीण निर्माण विभाग, पौड़ी गढ़वाल।**

# 8 दिन की तलाश के बाद दो नाबालिग सुरक्षित बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली ।** पढ़ाई के दबाव और परिजनों की नाराजगी के डर से घर छोड़कर हरिद्वार भागे दो नाबालिगों को थराली पुलिस ने एक सटीक और संवेदनशील ऑपरेशन के जरिए सकुशल ढूंढ निकाला। करीब आठ दिन तक चले इस सघन अभियान में पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और 150 से ज्यादा होटलों-धर्मशालाओं में तलाश अभियान चलाया।

मामला 24 अप्रैल 2026 का है, जब दो अलग-अलग परिवारों ने थाना थराली में सूचना दी कि उनके 14 वर्षीय बेटे 23 अप्रैल को स्कूल ड्रेस में घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। परिजनों द्वारा रिश्तेदारों और आसपास खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। सहपाठियों से पूछताछ में सामने आया कि दोनों बच्चे स्कूल से नाम कटने और डांट के डर से मानसिक तनाव में थे और घर न लौटने की बात कह रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना थराली में बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मुकदमे दर्ज किए गए। पुलिस अधीक्षक चमोली सुरजीत सिंह पंवार ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बच्चों की बरामदगी के लिए विशेष टीम का गठन किया। पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग त्रिवेन्द्र सिंह राणा के पर्यवेक्षण और थानाध्यक्ष विनोद चौरसिया के नेतृत्व में टीम ने ऑपरेशन शुरू किया।



■ थराली पुलिस का ऑपरेशन सकुशल घर वापसी

जांच के दौरान पुलिस ने ग्वालदम से अल्मोड़ा तक करीब 30 सीसीटीवी कैमरे खंगाले, जिसमें बच्चों के बस से अल्मोड़ा जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद टीम ने हल्द्वानी और देहरादून तक बस चालकों व परिचालकों से पूछताछ की। देहरादून में पता चला कि बच्चे रास्ते में हरिद्वार उतर गए थे। इसके बाद पुलिस टीम परिजनों को साथ लेकर हरिद्वार पहुंची और श्रवणनाथ नगर, शांतिकुंज व भूपतवाला क्षेत्र में बड़े स्तर पर सर्च ऑपरेशन चलाया। एक मई को भूपतवाला क्षेत्र के एक ढाबे में भोजन करते समय दोनों बच्चों की पहचान हुई। परिजनों द्वारा पुष्टि के बाद दोनों को सकुशल बरामद कर लिया गया। बच्चों ने बताया कि वे अपनी पॉकेट मनी के सहारे हरिद्वार में छिपकर रह रहे थे। इस ऑपरेशन के बाद पुलिस ने दोनों बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अपनों को वापस पाकर परिवार भावुक हो उठा और पुलिस टीम का आभार जताया।पुलिस ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार रखें। पढ़ाई का दबाव बनाने के बजाय उनकी भावनाओं को समझें, क्योंकि मान. सिक तनाव में बच्चे गलत कदम उठा सकते हैं।

# टीबी शिविरों में हुई 123 मरीजों की स्क्रीनिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** क्षय रोग के खात्में के लिए स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में गत 24 मार्च से शुरू हुए 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान के तहत शनिवार को तीन स्थानों पर आयोजित टीबी कैंप में 123 मरीजों की स्क्रीनिंग व एक्स-रे किए गए। वहीं, जिला चिकित्सालय में आयोजित एक कार्यक्रम 10 क्षय रोगियों को पोषाहार किट का वितरण किया गया।

जिला क्षय अधिकारी डॉ. कुणाल चौधरी ने बताया कि 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के तहत शनिवार को अगस्त्यमुनि ब्लाक के अंतर्गत सुमेरपुर में आयोजित कैंप में 37, जखोली ब्लाक के अंतर्गत ग्राम थापला में आयोजित कैंप में 53 व ऊखीमठ ब्लाक के अंतर्गत नाला में 33 ग्रामीणों के चेस्ट एक्स-रे व स्क्रीनिंग की गई। बताया कि गत 24 मार्च से अब तक 124 गांवों में आयोजित शिविरों में 3842 के एक्सरे व टीबी स्क्रीनिंग की गई है। बताया कि निक्षय शिविर अभियान के तहत टीबी रोग को लेकर संवेदनशील आबादी (पूर्व टीबी से पीड़ित मरीजों, टीबी रोगियों के घरेलू संपर्कजनों, 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों, कुपोषित, धूम्रपान करने वाले व्यक्ति मधुमेह से पीडित व्यक्तियों) में नि-क्षय शिविर आयोजित जा रहे हैं।



इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र द्विवेदी, पूनम किमोठी, डीपीएस एनटीईपी सुनील राणा, डीईओ एनटीईपी सतीश नौटियाल आदि मौजूद रहे।

# सेल ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम से अलर्ट का सफल परीक्षण

■ मानसून से पहले उत्तराखण्ड को बड़ी सौगात ■ राज्य ने जल्द लागू किए जाने के लिए की थी पैरवी ■ मुख्यमंत्री ने जताया केंद्रीय गृह मंत्री का आभार, कहा-उत्तराखण्ड के लिए वरदान साबित होगी यह तकनीक



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** राष्ट्रीय स्तर पर आपदा पूर्व चेतावनी प्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं समयबद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शनिवार को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा सी-डॉट द्वारा उत्तराखण्ड सहित पूरे देश में सेल ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम के माध्यम से सफल परीक्षण अलर्ट जारी किया गया। प्रात: 11 बजकर 46 मिनट पर यह अलर्ट संदेश प्रसारित किया गया।

उत्तराखण्ड ने लगातार इस आधुनिक तकनीक को जल्द से जल्द लागू किए जाने के लिए केंद्र सरकार एवं संबंधित एजेंसियों के समक्ष प्रभावी पैरवी की थी। इस उपलब्धि पर माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, दूरसंचार मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

इस सफल परीक्षण के साथ ही राज्य में आपदाओं के दौरान आम जनमानस तक त्वरित एवं लक्षित चेतावनी संदेश पहुंचाने के लिए सेल ब्रॉडकास्ट तकनीक का आधिकारिक तौर पर शुभारंभ हो गया है। इस तकनीक के माध्यम से अब उत्तराखण्ड में किसी विशेष भौगोलिक क्षेत्र में स्थित मोबाइल उपभोक्ताओं को एक साथ अलर्ट भेजे जा सकेंगे।

बता दें कि उत्तराखण्ड में आगामी मानसून सीजन से पहले ही इस तकनीक को लागू करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विशेष अनुरोध पर इस प्रणाली का प्रथम परीक्षण भी उत्तराखण्ड में ही किया गया था। राज्य द्वारा उस परीक्षण के आधार पर महत्वपूर्ण तकनीकी एवं व्यवहारिक फीडबैक राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा सी-डॉट को उपलब्ध कराए गए थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तकनीक उत्तराखण्ड जैसे आपदा-संवेदनशील राज्य के लिए अत्यंत उपयोगी एवं वरदान सिद्ध होगी। विशेष रूप से चारधाम यात्रा एवं आगामी मानसून सीजन के दौरान इस प्रणाली का व्यापक उपयोग किया जाएगा, जिससे यात्रियों एवं स्थानीय निवासियों को समय रहते सटीक एवं प्रभावी चेतावनी उपलब्ध कराई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निरंतर यह प्रयास किया गया कि मानसून प्रारंभ होने से पूर्व यह तकनीक राज्य को उपलब्ध हो, ताकि संभावित आपदाओं के प्रति जनमानस को समय रहते सचेत किया जा सके।

आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री श्री मदन कौशिक ने इस पहल को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक गेम-चेंजर बताते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक के समुचित उपयोग से राज्य में आपदा जोखिम न्यूनीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। उन्होंने कहा कि सेल ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक समय पर चेतावनी पहुंचाना अब संभव हो सकेगा, जिससे आपदाओं के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित होगी और जनहानि में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकेगी।

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि किसी भी आपदा की स्थिति में, प्रभावित क्षेत्र में सक्रिय सभी मोबाइल टावरों की सीमा में आने वाले उपभोक्ताओं को सेल ब्राडकास्टिंग तकनीक के माध्यम से स्वत: अलर्ट प्राप्त होगा। यह प्रणाली स्थान- विशिष्ट चेतावनी प्रसारण को सक्षम बनाती है, जिससे केवल प्रभावित क्षेत्र के नागरिकों को ही संदेश प्राप्त होता है और अनावश्यक भ्रम की स्थिति से बचा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि यूएसडीएमए द्वारा इस तकनीक से एलर्ट भेजे जाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यूएसडीएमए के विशेषज्ञों द्वारा एनडीएमए व सी-डॉट के दिशा-निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया गया है तथा अब इस तकनीक से एलर्ट भेजे जाएंगे और इसका प्रदेश में व्यापक तौर पर उपयोग किया जाएगा।

# सीएम के आश्वासन के बाद आंगनबाड़ी हड़ताल स्थगित करने पर सहमति

■ मुख्यमंत्री से मिला आंगनबाड़ी कार्यकत्री सेविका-मिनी कर्मचारी संगठन का प्रतिनिधि मडल, मांगों व समस्याओं को रखा सामने



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को सचिवालय में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती/सेविका/मिनी कर्मचारी संगठन, उत्तराखण्ड के प्रतिनिधिमंडल ने संगठन की अध्यक्ष रेखा नेगी के नेतृत्व में भेंट कर अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी कर्मियों की समस्याओं एवं मांगों पर प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनके मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि के विषय में गंभीरतापूर्वक विचार कर रही है।

बैठक में सचिव महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि आंगनबाड़ी कर्मियों के मानदेय वृद्धि के संबंध में भारत सरकार से भी अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए सकारात्मक आश्वासन के बाद संगठन के प्रतिनिधियों ने हड़ताल को स्थगित किए जाने पर सहमति व्यक्त की। इस अवसर पर सचिव मुख्यमंत्री शैलेश बगोली, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के सचिव चन्द्रेश कुमार, तथा विभागीय निदेशक बी.एल. राणा भी उपस्थित रहे।

# बीस सालों से अधूरा पड़ा है खंबाखाल-सिलौड़ी मोटर मार्ग

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** वर्ष 2005 में स्वीकृत खंबाखाल-सिलोड़ा मोटर मार्ग आज भी अधूरा पड़ा है, जिससे सिलोड़ा गांव के ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित जनता दरबार के माध्यम से गुहार लगाने के बावजूद संबंधित विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

राज्य आंदोलनकारी देवी सिंह पंवार का कहना है कि सड़क निर्माण में सबसे बड़ी बाधा वन विभाग की ओर से पेड़ों की छपान और कटान की अनुमति न मिल पाना है। डीएम टिहरी नितिका खंडेलवाल के निर्देश पर वन विभाग, राजस्व विभाग और लोनिवि टिहरी के अधिकारी मौके का निरीक्षण भी कर चुके हैं, लेकिन तीन माह बीत जाने के बाद भी कार्य में कोई प्रगति नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि मुखमालगांव तक सड़क पहुंच चुकी है, लेकिन वहीं के कुछ ग्रामीण आगे सड़क निर्माण का विरोध कर रहे हैं। लेकिन सिलोड़ा के लिए वर्ष 2005 में खंबाखाल से सिलोड़ा तक सड़क की स्वीकृत मिली थी।

सड़क न बनने के कारण सिलोड़ा के ग्रामीण आज भी चार से पांच किमी पैदल चलने को मजबूर हैं। इससे नाराज होकर ग्रामीणों ने पिछले लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया था और अब वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के बहिष्कार की भी चेतावनी दी है। राज्य आंदोलनकारी देवी सिंह पंवार, ग्राम प्रधान रितिका राणा, क्षेपं सदस्य नीमा राणा, जिपं सदस्य विजय पंवार आदि ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र न्याय की मांग की है। उन्होंने बताया कि 4 अप्रैल को पूरा गांव जनता दरबार में पहुंचेगा और जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं होगा, तब तक वहां से नहीं हटेंगे।

# नए सहकारी बैंक खोलने को आरबीआई को भेजें प्रस्ताव: डॉ. रावत

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** सूबे में सहकारिता क्षेत्र में बड़े सुधारों के लिये खाका तैयार किया जाएगा। जिसके तहत तीन जनपदों में सहकारी बैंक खोलने के साथ ही 50 अन्य शाखाएं खोलना भी शामिल है। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को बैंक की स्थापना को भारतीय रिजर्व बैंक को शीघ्र प्रस्ताव भेजने के निर्देश दे दिये हैं। इसके अलावा कार्मिकों के वार्षिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश भी अधिकारियों को दे दिये हैं।



सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज अपने शासकीय आवास पर सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें सहकारिता क्षेत्र के व्यापक विस्तार और संरचनात्मक सुधारों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में डॉ रावत ने बागेश्वर, चंपावत और रुद्रप्रयाग में तीन नए जिला सहकारी बैंकों की स्थापना के निर्देश अधिकारियों को दिये साथ उन्होंने इस सम्बंध में भारतीय रिजर्व बैंक (त्ठप्) को प्रस्ताव भेजने को कहा। उन्होंने प्रदेश के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने को राज्यभर में 50 नई सहकारी बैंक शाखाएं खोलने के साथ ही मौजूदा शाखाओं के विस्तार और सेवा गुणवत्ता में सुधार पर विशेष जोर दिया। बैठक में जिला सहकारी बैंकों के पिछले दो वर्षों के प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए डॉ. रावत ने अपेक्षित व्यवसायिक लक्ष्यों को प्राप्त न कर पाने पर नाराजगी भी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैंकिंग कार्यप्रणाली को अधिक परिणामोन्मुखी बनाते हुए तय लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित की जाए। एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत यह भी तय किया गया कि सहकारी समिति इफको टोकियो के द्वारा जिला/राज्य सहकारी बैंकों के माध्यम से कर्मचारियों का बीमा कराया जाएगा, जिससे सहकारिता क्षेत्र के कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा का सुदृढ़ कवच मिल सके। बैठक में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के कंप्यूटरीकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि पारदर्शिता और कार्यकुशलता को बढ़ावा मिल सके। साथ ही केंद्र सरकार की सहकारिता योजनाओं को प्रदेश में लागू करने पर भी विस्तृत चर्चा की गई। विभागीय कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए उन्होंने कर्मिकों की समय पदोन्नति एवं वार्षिक स्थानांतरण प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। डॉ रावत ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और सरकार इसे सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और सहकारिता आंदोलन को जन-जन तक विस्तार दिया जाए। बैठक में अपर निबंधक ईरा उप्रेती, आनंद शुक्ल, संयुक्त निबंधक नीरज बेलवाल, एम पी त्रिपाठी, रमेंद्री मंद्रवाल, उप निबंधक गढ़वाल सुरेंद्र पाल, उप निबंधक कुमाऊं हरीश खंडूड़ी, जिला सहायक निबंधक देहरादून बी एस मनराल, सचिव महाप्रबंधक देहरादून सी.के. कमल , जिला सहायक निबंधक नैनीताल दान सिंह नपच्याल आदि मौजूद रहे।

■ प्रदेशभर में खुलेंगी सहकारी बैंकों की 50 नई शाखाएं
■ कहा, कार्मिकों के वार्षिक स्थानांतरण व पदोन्नति प्रक्रिया में लाएं तेजी

# दून हस्तशिल्प बाजार महिला सशक्तिकरण का प्रतीक: गुरमीत कौर

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून ।** प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने शनिवार को हर्षल फाउंडेशन द्वारा जीएमएस रोड़ देहरादून में आयोजित "दून हस्तशिल्प बाजार 2026" कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने महिला उद्यमियों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया।

कार्यक्रम में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने कहा कि यह आयोजन केवल एक बाजार या प्रदर्शनी नहीं है, बल्कि यह महिला सशक्तीकरण, आत्मनिर्भरता और सामाजिक संवेदनशीलता का एक अनूठा संगम है। उन्होंने कहा, "आज जब हम इन स्टालों को देखते हैं, तो हमें केवल उत्पाद नहीं, बल्कि उनके पीछे छिपी महिलाओं का संघर्ष, आत्मविश्वास और उनके सपनों की उड़ान दिखाई देती है।"



उन्होंने हर्षल फाउंडेशन के कार्यों की सराहना सराहना करते हुए कहा कि संस्था जिस प्रतिबद्धता के साथ समाज के उपेक्षित वर्गों, विशेषकर दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है, वह अनुकरणीय है। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि देहरादून के साथ-साथ विकासनगर, हरिद्वार, रुड़की, सहारनपुर और इंदौर जैसे शहरों से महिला उद्यमियों की भागीदारी यह दर्शाती है कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की यह पहल अब एक व्यापक आंदोलन बन चुकी है।

इस अवसर पर बाल आयोग अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना, डॉ. रमा गोयल, हर्षल फाउंडेशन की पूरी टीम, विभिन्न क्षेत्रों से आई महिला उद्यमी और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में आपदा से क्षतिग्रस्त सड़कों का हो शीघ्र निर्माण: डॉ. रावत

**देहरादून( शाह टाइम्स संवाददाता )।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज यमुना कालोनी स्थित अपने शासकीय आवास पर लोक निर्माण विभाग एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र की आपदा से क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण कार्यों की उच्च स्तरीय बैठक ली। बैठक में डॉ रावत ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आपदा से क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण एवं नए मोटर मार्गों के निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाय। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने, गुणवत्ता बनाए रखने तथा तय समयसीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में विशेष रूप से घूरी गांव मोटर मार्ग, हरियालु कथड़ो गांव मोटर मार्ग, घिमिड़िया गांव, किमवाड़ी गांव, चौराखचुनखेत गांव, त्रिपाली गांव हेतु सड़क संपर्क मार्ग, बंगाली मसूरी तोक सड़क, ढोल-ढुंगा से बुरांसी तक संपर्क मार्ग, मिलाई गांव सड़क निर्माण तथा आमधार बचेली सड़क जैसे महत्वपूर्ण मार्गों के निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763507
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-371 **निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक- 02/05/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (सिविल), पशुलोक बैराज, ऋषिकेश द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से मोहरबंद निविदाऐं आमंत्रित करता है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:-

**1. निविदा सूचना सन्दर्भ:-निविदा संख्या:-06/2026-27/ अधि0अभि0 (जानपद)/पशुलोक बैराज:-** ऋषिकेश स्थित मनेरी भाली-।। कॉलोनी के टाईप-ए, टाईप-बी, टाईप-सी एवं टाईप-डी आवासों में रूफ ट्रीटमेंट का कार्य।
**निविदा संख्या:-07/2026-27**/अधि0अभि0(जानपद)/पशुलोक बैराज ऋषिकेश स्थित मनेरी भाली-।। कॉलोनी के टाईप-ए, टाईप-बी, टाईप-सी एवं टाईप-डी आवासों की आन्तरिक रंगाई-पुताई का कार्य।
**निविदा संख्या:-08/2026-27**/अधि0अभि0(जानपद)/पशुलोक बैराज-चीला जल विद्युत परियोजना की शक्ति नहर के बैरलों एवं क्रास ड्रेनेजों से सम्बन्धित कार्य।
**2.निविदा लागत:-** क्रमशः रू0 19,83,796.27 रू0 19,50,949.52 एवं रू0 19,74,544.26 (जीएसटी अतिरिक्त)।
**3. वेबसाइट पर निविदा की उपलब्धता की तिथि एवं समय:**-04 मई, 2026 17:00 बजे (IST) से।
**4. निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय:**-25 मई, 2026 14:00 बजे (IST) तक।
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट **www.ujvnl.com** से डाउनलोड किये जा सकते है।

**अधिशासी अभियन्ता (सिविल)**
**पशुलोक बैराज, ऋषिकेश।**
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# कांग्रेसियों ने दून में निकाली जन आक्रोश रैली

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस की और से युवा नेता रितेश छेत्री के संयोजन में बल्लूपुर चौक से बल्लीवाला नाथ पैलेस तक एक जन आक्रोश रैली निकाली गई। इस रैली में प्रदेश कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व शामिल हुआ, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत विशेष रूप से उपस्थित रहे।

जन आक्रोश रैली प्रदेश में लगातार बढ़ती महंगाई, छात्रों के उत्पीड़न, बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था और बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर आयोजित की गई। रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम जनता ने भाग लेकर राज्य सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि आज उत्तराखंड की जनता त्रस्त है। महंगाई आसमान छू रही है, बेरोजगार युवा निराश है और कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने में सरकार की उदासीनता बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। लगातार पुलिस प्रशासन के द्वारा छात्रों के उत्पीड़न उन्हें मारने पीटने और अमानवीय व्यवहार की घटनाएं सामने आ रही हैं, कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर सड़कों पर उतरी है और जब तक न्याय नहीं मिलेगा, हमारा संघर्ष जारी रहेगा।



पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि उत्तराखंड की पहचान शांति और सुरक्षा की रही है, लेकिन आज हालात चिंताजनक हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं और सरकार केवल मूकदर्शक बनी हुई है। अंकिता भंडारी के परिवार को न्याय दिलाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। यह रैली जनता के गुस्से का प्रतीक है, जिसे अब अनदेखा नहीं किया जा सकता।

मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है, युवा सड़कों पर हैं लेकिन सरकार के पास कोई ठोस योजना नहीं है। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक रितेश छेत्री ने कहा कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होंगी, यह आंदोलन जारी रहेगा। इस आक्रोश रैली में लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष संजय शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा, आनंद बहुगुणा, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रदीप जोशी, सुमित्रा ध्यानी, अनुराग गुप्ता, दीप वोहरा, पिया थापा, राजकुमार जायसवाल, पीयूष जोशी, वंश, प्रियांशु गौड़, राजीव प्रजापति, शुभम सैनी, कासिम चौधरी, राजेश शर्मा, मोहित ग्रोवर, अवधेश व माही जेटली आदि मौजूद रहे।

## महिला आरक्षण को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**नई टिहरी।** महिला कांग्रेस टिहरी की जिलाध्यक्ष आशा रावत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महिला आरक्षण अधिनियम 2023 को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। महिला आरक्षण आज दो, अभी दो कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित पोस्टकार्ड भी प्रेषित किया। जिलाध्यक्ष आशा रावत ने कहा कि सरकार आरक्षण की बात तो करती है, लेकिन इसे लागू करने में देरी कर रही है। इस दौरान सभी ने एक स्वर में महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया। इस मौके पर सीमा कृषाली, शगुफ्ता प्रवीन, अनीता, अनिता शाह, सोनू नवल कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय: "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष सं0 : 0135-2763808, फैक्स न0 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGC025866, वैबसाइट: www.ujvnl.com

प.सं. 369 निविदा सूचना दिनांक: 02.05.2026

कार्यालय (अधिशासी अभियन्ता (वि0एवं या0-द्वितीय), लखवाड़ एम0पी0पी0 (300 मे0वा0) डाकपत्थर द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:
**निविदा सं0 01/अ0अभि0 (वि0 एवं यां0-द्वितीय)/एल0पी/2026-27**
**कार्य/पूर्ति/सेवायें का नाम- 33/11 के0वी0 लखवाड उपसंस्थान एवं स्टोर मे विद्युत वायरिंग का कार्य।**
**अनुमानित लागत -रू0 18,43,385.00 (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)**
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि-01/05/2026, 11:00 बजे से।**
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि: 21/05/2026, 11:00 बजे तक।**
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "**www.ujvnl.com**" से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**अधि0 अभि0 (वि0 एवं यां0- द्वितीय)**
**लखवाड़ एम0पी0पी0**
••बिजली के दुरूपयोग से बचें••••

# प्रत्येक वार्ड में विकास एवं निर्माण कार्यो को 50 लाख आवंटित करने की घोषणा

■ नगर निगम बोर्ड बैठक में कई प्रस्तावों पर चर्चा के बाद हरी झंडी



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** महापौर सौरभ थपलियाल की अध्यक्षता में नगर निगम कीबोर्ड बैठक शनिवार को भी तीसरे दिन आयोजित की गई।

नगर निगम बोर्ड बैठक में पार्षदगणों से प्राप्त प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही अधिवेशन के दौरान नगर निगम,देहरादून प्रशासन द्वारा वार्डो की सफाई को और अधिक सुदृढ व प्रभावी बनाये जाने तथा वर्षाऋतु में आपदा प्रबंधन के तहत जल निकासी एवं वार्डो में फॉगिंग के लिये आवश्यक उपकरण, गाडियां, ई-ऑटो रिक्शे , कॉम्पैक्टर व अन्य मशीने क्रय किये जाने का प्रस्ताव पारित किये गए।

इसके अतिरिक्त पशु कल्याण एवं प्रबंधन के विषय में महत्वपूर्ण विषयों में चर्चा की गई, जिनमें डॉग शैल्टर के निर्माण, एनिमल एम्बुलेंस की व्यवस्था, बंदरों को पकडनें के सम्बन्ध में, निराश्रित पशुओं पर माइक्रोचिपिंग, मृत पशु शव निस्तारण के लिए एंकिरेटर प्लांट स्थापना, पशुवाहन की खरीद, गौसदन के विस्तारिकरण, अश्ववंशीय पशुओं का चालान/अर्थदण्ड की धनराशी में वृद्वि, शंकरपुर गौसदन व काजीहाउस में सौलर प्लांट लगाये जानें के प्रस्ताव शमिल हैं।

नगर निगम बोर्ड बैठक में विभिन्न आवश्यक विषयों पर अहम निर्णय लिया गया। इसके साथ ही नगर निगम, देहरादून का वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। महापौर सौरभ थपलियाल ने वर्ष 2026-27 के लिए प्रत्येक वार्ड में विकास एवं निर्माण कार्य के लिये प्रति वार्ड रु 50,00,000/-( पचास लाख) की धनराशि आवंटित किये जाने की घोषणा की गई।

बैठक में नगर आयुक्त नमामि बंसल स्मार्ट सिटी, वन विभाग, पीडब्ल्यूडी, जल सस्थान, एनएच, यूपीसीएल, तहसील व नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहें। व्यापक विचार विमर्श एवं सार्थक चर्चा के उपरांत तीन दिवसीय अधिवेशन सफल एवं विधिवत रुप से सम्पन्न हुआ। बैठक में विधायक सदस्यगण उमेश शर्मा काऊ एवं पार्षदगण उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ने किया मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी का भ्रमण

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसूरी।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में विभिन्न स्थलों का भ्रमण किया तथा वहां संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रात:काल राज्यपाल पोलो ग्राउंड पहुंचे, जहां उन्होंने व्यवस्थाओं एवं गतिविधियों का निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने हैप्पी वैली स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का भ्रमण कर खेल सुविधाओं एवं प्रशिक्षण व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि अकादमी में उपलब्ध खेल सुविधाएं अत्यंत उत्कृष्ट हैं और अधिकारियों के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होती हैं।

उन्होंने अकादमी के हॉस्टल्स का भी भ्रमण किया और अधिकारियों के साथ संवाद कर अकादमी की कार्यप्रणाली एवं प्रशिक्षण गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

राज्यपाल ने अकादमी में उपलब्ध उच्च स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के संस्थान देश के प्रशासनिक ढांचे को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
विक्टोरिया क्रॉस विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड़, देहरादून: 248001
कारपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UR2001SGC025867, वेबसाईट:-www.upcl.org, दूरभाष 0135-2763672-75

**निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी फर्मों से निविदायें दो भागों में आमन्त्रित की जाती है। जिसके प्रथम भाग में धरोहर राशि दूसरे भाग में न्यूनतम दरें एवं शर्तें निहित है। निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से निविदा के सम्मुख अंकित निर्धारित देय पर इस कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं। धरोहर राशि अधिशासी अभियन्ता (मुख्यालय) के पक्ष में छः माह के लिए बन्धित हो तथा डाक से निविदा प्रपत्र मंगाने पर रु0 100.00 (डाक खर्च) अतिरिक्त देय होगा परन्तु निविदा प्रपत्र का डाक से देरी अथवा खो जाने पर विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। निविदा खुलने के दिन यदि अवकाश घोषित हो जाता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को यथा-समय खोली जायेगी। निविदा उन्ही फर्मों को दी जायेगी जिन्होने विगत वर्षों में समान प्रकृति के कार्यों का सन्तोषजनक रुप से सम्पादित किया है तथा जो आयकर/विक्रयकर अदायगी का नवीनतम प्रमाण पत्र प्रेषित करेगा, निविदा प्रपत्र पाने के पात्र माने जायेंगें। अधोहस्ताक्षरी को निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।
(1) निविदा संख्या-01/अ०अ० (का0मैं०)/2026-27

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि (रु० में) | निविदा शुल्क (रु० में) | निविदा खरीदने की अन्तिम तिथि | निविदा डालने की तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Changing and replacing of old fire line work at V.C.V. Gabar Singh Urja Bhawan, Dehradun. | 30,000.00 | 500 + GST | Upto 18.05.2026 at 17:00 hrs | 19.05.2026 at 14:00 hrs | 19.05.2026 at 15:00 hrs |

पत्रांक : 305/EE(CM)/UPCL/A-2 दिनांक 02.05.2026 अधिशासी अभियन्ता (का0मैं0)

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं0 1912) विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 1800 180 4185/फैक्स संख्या-0135-2760911 पर दें)

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के सफल क्रियान्वयन के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

# जनपद में 1 से 19 वर्ष तक के 712146 बच्चों को एल्बेंडाजोल दवा खिलाने का लक्ष्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** 7 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला अधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर के सिंह की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन जिला सभागार में किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर के सिंह ने अवगत कराया कि 7 मई को जनपद हरिद्वार के 1 से 19 आयु वर्ग के लगभग 712146 बच्चों, किशोर एवं किशोरियों को कृमि मुक्ति की दवा एल्बेन्डाजोल की गोली समस्त स्कूल तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर खिलाई जायेगी।

उन्होंने कहा कि 7 मई 2026 को दवा खाने से वंचित बच्चों, किशोर एवं किशोरियों को दिनांक 14 मई 2026 को कृमि मुक्ति की दवा एल्बेन्डाजोल की गोली खिलाई जायेगी।



बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए, इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक बच्चों को निर्धारित तिथि को ही दवाई खिलाई जाए, साथ ही सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतिकूल घटनाओं के प्रबंधन के लिए टोल फ्री नंबर 104 एसएमएस, व्हाट्सएप के माध्यम से शिक्षक /आशा/आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/एएनएम को उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में आंगनबाड़ी कार्यकत्री हड़ताल पर है तथा आंगनबाड़ी में अध्ययनरत बच्चे दवा से वंचित न रहे इसके लिए क्षेत्र की आशा के माध्यम से बच्चों को एल्बेन्डाजोल की दवा खिलाई जाए इसके लिए उन्होंने बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग एवं एमओआईसी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा०शि०) अमित कुमार चन्द, मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गंभीर तालियान, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास धर्मवीर, चिकित्सा अधीक्षक भगवानपुर डॉ अनुज सिसोदिया, लक्सर डॉ रफीक, इमलीखेड़ा डॉ राव अकरम, बहादराबाद डॉ आरती बहल,खानपुर डॉ कुंदन, प्रोग्राम ऑफिसर आरकेएसके/ एनडीडी भजन पावर सहित आंगनबाड़ी सुपरवाइजर मौजूद रहे।

# पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश जोशी ने छठे एशियन बीच गेम्स में पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। प्रैस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान महेश जोशी ने बताया कि कबड्डी भारत का परंपरागत खेल है। मिट्टी से जुड़े इस खेल में अनेक प्रतिभाएं उभर रही हैं। उन्होंने बताया कि चीन के सान्या में आयोजित छठे एशियन बीच गेम में हरिद्वार के यथार्थ देशवाल ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। इसके अलावा बहरीन में आयोजित तीसरे यूथ एशियन गेम्स में भूमिका और राहुल बोरा ने गोल्ड मेडल जीता है। उन्होंने कहा कि तीनों खिलाड़ियों अपने शानदार प्रदर्शन से उत्तराखंड का गौरव बढ़ाया है। महेश जोशी ने कहा कि संगठन खिलाड़ियों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं लागू करने का निरंतर प्रयास कर रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि खिलाड़ियों के लिए कोच की



व्यवस्था के साथ उदीयमान खिलाड़ी योजना में कबड्डी को भी शामिल करने की मांग करते हुए कहा कि गांव की मिट्टी से निकले खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों को अपने खेल पर मेहनत करनी चाहिए। कड़े परिश्रम, लगन और एकाग्रता से ही सफलता प्राप्त होती है। पूर्व अध्यक्ष प्रदीप चौधरी एवं महासचिव चेतन जोशी ने मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते कहा कि तीनों खिलाड़ियों ने राज्य का नाम रोशन किया है। खेलों के लिए समान अवसर खिलाड़ियों को मिलने चाहिए। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार से मांग की कि खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रशिक्षण नियमित रूप से कराया जाए। जिससे खिलाड़ी देश दुनिया में भारत का नाम रोशन कर सकें। इस दौरान ओपी चौहान, नरेंद्रसिंह तोमर, ऋषिपाल सिंह, नितिन, विवेक, सुमित, आशीष आदि ने भी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी

# कांग्रेस नेता अर्जुन सिंह के खिलाफ भीम आर्मी ने खोला मोर्चा, दी तहरीर

### मुस्लिम समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप, सख्त कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कांग्रेस नेता अर्जुन सिंह द्वारा मुस्लिम समुदाय के खिलाफ सोशल मीडिया पर दी गई आपत्तिजनक टिप्पणी से भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं में भारी रोष है। शुक्रवार को भीम आर्मी के प्रदेश प्रभारी सुलेन भट्ट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कोतवाली ज्वालापुर पहुँचकर कांग्रेस नेता अर्जुन सिंह के खिलाफ तहरीर दी और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस को सौंपे गए शिकायती पत्र में बताया गया कि अर्जुन सिंह द्वारा सोशल मीडिया पर बेहद घटिया और भड़काऊ बयान दिया गया है। इस बयान में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ हिंसात्मक धमकियां दी गई हैं, जिससे पूरे समाज में नाराजगी है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस तरह की नफरती बयानबाजी से शहर और प्रदेश का आपसी भाईचारा और माहौल खराब करने की कोशिश की गई है। प्रदेश प्रभारी सुलेन भट्ट ने कहा कि समाज में जहर घोलने वाले ऐसे लोग देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हैं। कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत मुकदमा दर्ज किया जाए। इस दौरान मौजूद कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि



यदि आरोपी पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो वे चुप नहीं बैठेंगे। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# कुत्तों को छोड़कर डराने का आरोप, केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** रानीपुर थाना क्षेत्र की शिवलोक कॉलोनी में एक वरिष्ठ नागरिक महिला ने पड़ोसी दंपति पर पालतू कुत्तों के जरिए डराने और नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिवलोक कॉलोनी निवासी डॉ. मुक्ता सेमवाल के अनुसार, उनके पड़ोसी चंद्रशेखर कश्यप और उनकी पत्नी कई कुत्ते पालते हैं और अक्सर उन्हें खुला छोड़ देते हैं। उन्होंने बताया कि 26 मार्च की शाम कुत्तों को उनकी ओर छोड़ दिया गया, जिससे वह घबरा गईं और घर में भागकर खुद को सुरक्षित किया। इससे पहले भी एक घटना में उन्हें कुत्ते ने काट लिया था। कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# व्यवसायिक गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाने का विरोध

### सरकार से बढ़ाए दाम तत्काल वापस लेने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** वरिष्ठ नागरिक सामाजिक संगठन ने बैठक कर व्यवसायिक गैस सिलेंडर के दामों में की गयी भारी मूल्य वृद्धि का विरोध करते हुए सरकार से इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है। ज्वालापुर इंटर कालेज में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के व्यवसायिक गैस सिलेंडर के मूल्य में बेतहाशा वृद्धि करने के निर्णय का सीधा असर आम जनता पर पड़ेगा। ठेली ढाबों पर खाना महगां होगा। चौधरी चरण सिंह ने कहा कि सरकार के फैसले से साफ है कि सरकार को आम जनता से कोई लेना देना नहीं है। सबका साथ सबका विकास जैसी घोषणाएं दिखावा मात्र हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य सरकार घोषणा करती रहती है कि राशनकार्ड धारकों को अब गेहूं, चावल, तेल, नमक, दाल आदि खाद्य सामग्री की सुविधा सरकारी दुकानों से उपलब्ध कराई जाएंगी। लेकिन अभी तक सरकारी दुकानों से गेहूं चावल के अतिरिक्त अन्य कोई खाद्य सामग्री की उपलब्ध नहीं कराई गयी। बैठक के दौरान संगठन में शामिल हुए नए सदस्यों का स्वागत किया तथा कार्यकारिणी सदस्य शिवकुमार शर्मा के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। बैठक में राधेश्याम शर्मा, सुभाषचंद्र, सुंदरलाल, सतपाल चांदना, गिरधारीलाल शर्मा, भोपाल सिंह, आनंद प्रकाश गौड़, हरगुलाब सिंह, मोतीलाल पाहवा, महेंद्रलाल शर्मा, चौधरी चरण सिंह, रामसागर सिंह, बृजमोहन गुप्ता आदि शामिल रहे।

# अफवाह का विरोध करने पर घर में घुसकर हमला, केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में अफवाह का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि युवक ने साथियों के साथ घर में घुसकर हमला कर दिया, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सुभाषनगर निवासी स्वामी नाथ के मुताबिक, मोहल्ले के कमल नामक युवक ने उनके बेटे प्रतीक के बारे में गलत बातें फैलानी शुरू कर दीं। विरोध करने पर आरोपी ने अभद्रता की और धमकी दी। आरोप है कि बाद में कमल अपने 10-15 साथियों के साथ घर में घुस आया और प्रतीक व उसके दोस्त के साथ मारपीट की। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# बैंक खाते से 4.57 लाख की रकम साफ, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के बैंक खाते से 4.57 लाख रुपये निकाल लिए। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

न्यू हरिद्वार कॉलोनी निवासी रामराज सिंह ने बताया कि 29 अप्रैल को उनके खाते से संदिग्ध लेनदेन हुआ। जांच करने पर सामने आया कि ठगों ने कुल 4,57,963 रुपये उड़ा दिए। हालांकि राहत की बात यह रही कि 2,12,676.80 रुपये की रकम पर लियन लग गया है, जिससे उसके सुरक्षित रहने की उम्मीद है। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर भेल कर्मचारियों ने दी शहीद श्रमिकों को श्रद्धांजलि

# संगठित होकर अधिकारों के लिए करना होगा संघर्ष : राजबीर सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर भेल मजदूर कल्याण परिषद एवं इंटक के सेक्टर-3 स्थित कार्यालय पर शहीद श्रमिकों की स्मृति में श्रद्धाजंलि कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भेल के सैंकड़ों श्रमिकों ने शहीद श्रमिकों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी। संगठन के अध्यक्ष मुकुलराज की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी चौहान के संचालन में आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए इंटक के राष्ट्रीय सचिव एवं संगठन के महामंत्री राजबीर सिंह ने कहा कि 4 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो में कार्य समय 8 घंटे निर्धारित करने की मांग को



लेकर हड़ताल कर रहे मजूदरों पर पुलिस फायरिंग में 7 मजदूर शहीद हो गए थे। मजदूरों के इस बलिदान के बाद अमेरिका सहित पूरे विश्व में काम का समय 8 घंटे निश्चित किया गया। उन्होंने कहा कि संगठित होकर ही मजदूर हितों की रक्षा की जा सकती है। इसलिए सभी को संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना होगा। संगठन के उपाध्यक्ष प्रशान्त दीप गुप्ता ने कहा कि श्रमिक वर्ग को छीने जा रहे अपने अधिकारों, बढ़ते पूंजीवाद, निजीकरण, सार्वजनिक उपक्रमों के विनिवेशीकरण, बढ़ती संविदा प्रणाली के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस लाखों करोड़ो मजदूरो के त्याग, निष्ठा, समर्पण ओर एकता का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रशान्त दीप गुप्ता, गौरव ओझा, रविंद्र चौहान, राकेश चौहान, रजनीश कुमार, अमित चौहान, आशुतोष चौहान, संजय शर्मा, प्रदीप चौहान, कपिल राणा, इम्तियाज, मनोज यादव, संदीप चौहान, रितेश गौड़, रिशु चौहान, अम्बरीश प्रजापति, सुनील चौहान, तेजवीर चौहान, अनंगपाल, अशोक शर्मा, सुबोध कुमार, जसविंदर सिंह, शेखर, विकास राजपूत, ललित सैनी, सुशील नेगी, रवि यादव, शानू शर्मा, मनोज धीमान, ओम कृष्ण निगम, कुर्बान अहमद, मन्दीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# परिचित की फेसबुक आईडी हैक कर 2.41 लाख की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में साइबर ठगों ने फेसबुक आईडी हैक कर एक व्यक्ति को लाखों रुपये का चूना लगा दिया। ठगों ने परिचित बनकर भरोसा जीता और घरेलू सामान बेचने का झांसा देकर 2.41 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि पीड़ित गोविंदपुरी निवासी पुष्प्रीत सिंह के अनुसार, 21 अप्रैल को उनके परिचित सुरजीत सिंह की फेसबुक आईडी से मैसेज आया। बातचीत के दौरान सामान बेचने की बात कहकर व्हाट्सएप पर संपर्क कराया गया और अलग-अलग खातों में रकम भेजने को कहा गया। भरोसे में आकर उन्होंने 26 और 27 अप्रैल के बीच आठ बार में कुल 2,41,500 रुपये भेज दिए।

28 अप्रैल को सच्चाई सामने आई, जब उन्होंने सीधे सुरजीत सिंह से बात की और पता चला कि उनकी आईडी हैक हो चुकी थी। पीड़ित ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 और पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**न्यायालय श्रीमान प्रथम अपर जिला जज महोदय हरिद्वार।**

सिविल अपील संख्या 64 सन 2013

चमकौर सिंह आदि

बनाम

दलीप सिंह आदि

**नोटिस बनामः-** 1. दलीप सिंह पुत्र श्री आल्हा निवासी सुभाषनगर ईदगाह रोड, ज्वालापुर, तहसील एवं जिला हरिद्वार। 2. राधेमोहन शर्मा पुत्र श्री जयप्रकाश शर्मा, निवासी मौहल्ला ईमली कनखल, जिला हरिद्वार। उपरोक्त उपरोक्त अपील अपीलार्थी की ओर से माननीय न्यायालय में वाद प्रस्तुत की गयी है। अतः आप रेस्पोन्डेन्टगण को न्यायालय के आदेशानुसार सूचित किया जाता है कि यदि किसी को इस सम्बन्ध कोई एतराज हो तो न्यायालय में नियत दिनांक 12.05.26 को समय प्रातः 10 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त वाद में एतराज प्रस्तुत करें। अन्यथा उक्त वाद में नियत दिनांक को सुनाई कर प्रार्थनापत्र की कार्यवाही एक पक्षीय रूप से अग्रसरित कर विधिनुसार निस्तारित कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक

प्रथम अपर जिला जज हरिद्वार।

# पुण्य तिथि पर संत समाज ने ब्रह्मलीन स्वामी शालिग्राम आश्रम को किया नमन

### धर्म संस्कृति के प्रखर मर्मज्ञ थे पूज्य गुरुदेव स्वामी शालिग्राम आश्रम : सतपाल ब्रह्मचारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन एवं हरियाणा के सोनीपत से कांग्रेस सांसद सतपाल ब्रह्मचारी के गुरू ब्रह्मलीन स्वामी शालिग्राम आश्रम का 35वां पुण्य स्मृति दिवस संत समाज और श्रद्धालु भक्तों की उपस्थिति में समारोह पूर्वक मनाया गया। भूपतवाला स्थित थानाराम आश्रम में आयोजित गुरूजन पुण्य स्मृति दिवस समारोह में संतों व श्रद्धालु भक्तों ने ब्रह्मलीन स्वामी शालिग्राम आश्रम महाराज का भावपूर्ण स्मरण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। सांसद सतपाल ब्रह्मचारी के संयोजन में आयोजित गुरूजन पुण्य स्मृति समारोह को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी ने कहा कि संत समाज के



प्रेरणास्रोत ब्रह्मलीन स्वामी शालिग्राम आश्रम महाराज का पूरा जीवन भक्तों को धर्म और अध्यात्म का ज्ञान प्रदान करने तथा सनातन धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि सांसद सतपाल ब्रह्मचारी अपने गुरू के आदर्शो पर चलते हुए कुशलता पूर्वक राजनीतिक दायित्व निभाने के साथ जनसेवा और धर्म सेवा में भी समानरूप से अपना योगदान दे रहे हैं। सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने सभी संत महापुरूषों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूज्य गुरूदेव ब्रह्मलीन स्वामी शालिग्राम आश्रम महाराज त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति थे। वे सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें धर्म संस्कृति के प्रखर मर्मज्ञ स्वामी शालिग्राम आश्रम महाराज जैसी दिव्य विभूति का सानिध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि पूज्य गुरूदेव की शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए मानव कल्याण और जनसेवा करना ही उनके जीवन का उद्देश्य है। स्वामी ऋषिश्वरानंद, स्वामी अनंतानंद, स्वामी रामानुज सरस्वती ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी शालिग्राम आश्रम महाराज का त्यागमयी जीवन और उनके विचार सदैव समाज का मार्गदर्शन करते रहेंगे। स्वामी कुलदीपानंद, महंत शुभम गिरी, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी हरिहरानंद, महंत मोहन सिंह ने सभी संत महापुरूषों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। म.मं. स्वामी कपिल मुनि, महंत राघवेंद्र दास, महंत जसविंदर सिंह, महंत तीर्थ सिंह, स्वामी उमेश मुनि, स्वामी विवेकानंद, स्वामी शिवानंद भारती, महंत हनुमान बाबा, बाबा हठयोगी, स्वामी रूपेंद्र प्रकाश, महंत सूरज दास, महंत बिहारी शरण, महंत रघुवीर दास, स्वामी संतोषानंद, समाजसेवी अतुल शर्मा, वरिष्ठा कांग्रसे नेता मुरली मनोहर, स्वामी रामविशाल दास सहित आश्रम के ट्रस्टियों और श्रद्धालुओं ने ब्रह्मलीन स्वामी शालिग्राम आश्रम महाराज को नमन किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# संस्कृत विद्यालयों में प्रधानाचार्यो और शिक्षकों की नियुक्ति करे सरकार : शुभम गिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** समाजवादी पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महंत शुभम गिरी ने सरकार से संस्कृत और संस्कृत विद्यालयों की दशा सुधारने की मांग की है। महंत शुभम गिरी ने कहा कि प्रदेश में संस्कृत विद्यालयों में प्रधानाचार्यो और अध्यापकों की नियुक्ति नहीं हो पायी है। उत्तराखंड में पिछले 9 साल से भाजपा की सरकार की है। भाजपा धर्म के नाम पर राजनीति करती है। लेकिन संस्कृत की दशा सुधारने के लिए सरकार ने कुछ नहीं किया। उत्तराखंड की दूसरी राजभाषा का दर्जा दिए जाने के बाद भी संस्कृत की हालत खराब होना दुर्भाग्यपूर्ण है। महंत शुभम गिरी ने कहा कि संस्कृत विद्यालयों की दशा सुधारने के



लिए सरकार तत्काल कदम उठाए। विद्यालयों में प्रधानाचार्यो, शिक्षकों व अन्य स्टाफ की नियुक्ति की जाए। जिससे राज्य में संस्कृत के अध्ययन को बढ़ावा मिले। साथ ही संस्कृत को रोजगार से जोड़ा जाए। जिससे अधिक से अधिक युवा संस्कृत के अध्ययन के प्रेरित हों।

**सूचना ( संबंध विच्छेद )**

मैंने अपने बड़ा पुत्र नितिन व उसकी पत्नी राखी व मंझला पुत्र सचिन व उसकी पत्नी सपना तथा छोटा पुत्र अर्जुन व उसकी पत्नी मिनाक्षी को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में मेरे तीनों पुत्र व उनकी पत्नीयों के किसी भी कृत्य व लेन-देने की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। वह स्वयं जिम्मेदार होगे। चन्द्रपाल पुत्र श्री बलजीत सिंह, निवासी ग्राम धारीवाला, पोस्ट शाहपुर, शीतलाखेड़ा थाना पथरी, जिला हरिद्वार।

# कांग्रेस ने की श्रमिकों का वेतन बढ़ाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पूर्व प्रदेश कांग्रेस महासचिव वरूण बालियान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सहायक श्रम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर श्रमिकों का वेतन बढ़ाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान वरूण बालियान ने कहा कि सरकार ने श्रमिकों 13800 रूपए की दर से वेतन दिए जाने का शासनादेश जारी किया है। जोकि राज्य के श्रमिकों के साथ एक भद्दा मजाक है। वरूण बालियान ने कहा कि ऐसे में जब रसोई गैस, पेट्रोल, स्कूल फीस, दवाईयां, राशन सब कुछ महंगा होता जा रहा है। ऐसे में मासिक वेतन की नई दरे मजदूरों के साथ अन्यायपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों को पर्याप्त वेतन मिलना चाहिए। जारी किए गए वेतन को पुर्ननिर्धारित करते हुए कुशल श्रमिक को 30 हजार व अर्द्धकुशल को 25 हजार प्रतिमाह वेतन दिया जाए। जिससे मजदूर अपने परिवार का पालन पोषण करने के साथ सम्मानजनक जीवन जी सकें। उन्होंने कहा यदि मांगों पर 15 दिन के भीतर सरकार द्वारा गंभीरता से विचार कर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। पूर्व पार्षद इसरार सलमानी एवं पूर्व नगर अध्यक्ष



अंकित चौहान ने कहा कि सरकार सिडकुल में 70 प्रतिशत रोजगार स्थानीय युवाओं को देने के वादे को भी पूरा नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं को उनका अधिकार मिलना चाहिए। इरफान अंसारी व महिपाल सिंह रावत ने कहा कि सिडकुल की कंपनियों में मजदूरों के उत्पीड़न पर रोक लगायी जाए। सभी कंपनियों में रजिस्टर्ड ट्रेड यूनियनो को मान्यता दी जाए, ताकि श्रमिक नेतृत्व प्रबंधन के साथ सामंजस्य स्थापित कर मजदूरों की समस्याओं को हल करा सकें। ज्ञापन देने वालों में पार्षद प्रतिनिधि शहाबुद्दीन अंसारी, मन्नू, चंद्रेश कुमार, संजय कुमार, अंकुर वर्मा, सुमित पांडे, इम्मी, मोहित चौधरी, बुला चौधरी, अयान, अक्षय नागपाल, कुंवरसिंह बिष्ट, अज्जू, शौकत, जावेद, मोहित, विशाल आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सिडकुल पुलिस ने बरामद किए गुम हुए 152 मोबाइल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** थाना सिडकुल पुलिस ने गुम हुए 152 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल फोन की कीमत 36 लाख रूपए से अधिक है। बरामद किए गए अधिकांश मोबाइल फोन सिडकुल की विभिन्न कंपनियों में काम कर रहे कर्मचारियों के हैं, जबकि अन्य स्थानीय लोगों के हैं। बरामद करने के बाद सभी फोन उनके वास्तविक मालिकों को लौटा दिए गए। गुम हुआ फोन वापस मिलने की आस छोड़ चुके लोगों ने फोन वापस पाकर पुलिस का आभार जताया है। एसएसपी नवनीत सिंह के नेतृत्व में गुम हुए ऑपरेशन रिकवरी चलाया जा रहा है। जिसमें सीईआईआर पोर्टल बेहद मददगार साबित हो रहा है। थाना अध्यक्ष अजय शाह के नेतृत्व में आपरेशन रिकवरी के तहत सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से



पुलिस टीम ने सिडकुल क्षेत्र में गुम हुए गुम हुए मोबाइल फोन रिकवर किए हैं। पुलिस ने आमजन से फोन खोने पर रिपोर्ट दर्ज कराने और लावारिस मोबाइल फोन मिलने पर नजदीकी थाना या चौकी में जमा कराने की अपील भी की है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अजय शाह, एसएसआई विकास रावत, ह.का. विवेक यादव शामिल रहे।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**

ब्यूरो चीफ

**शाह टाइम्स हरिद्वार**

कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार

मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# आजीविका व स्वरोजगार पर फोकस, जिला योजना 2026-27 को मिली स्वीकृति

## प्रभारी मंत्री रेखा आर्या की अध्यक्षता में जिला योजना पास, रोजगार सृजन पर जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पिथौरागढ़।** जनपद पिथौरागढ़ में वर्ष 2026ख्27 के लिए जिला योजना को अंतिम रूप देते हुए कुल 7173.70 लाख के बजट के साथ समग्र विकास का रोडमैप तैयार किया गया है। इस प्रस्तावित परिव्यय में सामान्य मद में 5035.60 लाख, एससीएसपी व में 1712.40 लाख तथा टीएसपी में 425.70 लाख का प्रावधान किया गया है। यह जिला योजना प्रभारी मंत्री रेखा आर्य (बाल विकास, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, खेल एवं युवा कल्याण) की अध्यक्षता में आयोजित जिला योजना समिति की बैठक में अनुमोदित की गई। बैठक में इस वर्ष पारंपरिक निर्माण कार्यों के साथ-साथ आजीविका संवर्धन एवं स्वरोजगार को विशेष प्राथमिकता देने पर बल दिया गया।



**कृषि, सड़क, पेयजल और रोजगार योजनाओं को बढ़ावा, पिथौरागढ़ की नई विकास रूपरेखा तय, क्लस्टर आधारित विकास पर बल, 7173.70 लाख की जिला योजना अनुमोदित**

बैठक प्रारंभ होने से पूर्व प्रभारी मंत्री को पुलिस टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। तत्पश्चात जिलाधिकारी श्री आशीष कुमार भटगांई द्वारा उन्हें बुके भेंट कर स्वागत किया गया।

जिला योजना के अंतर्गत कृषि, उद्यान, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन एवं सहकारिता क्षेत्रों में बजट में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी।

योजना में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य शामिल किए गए हैं, जिनमें ग्राम पंचायतों में फसलों की सुरक्षा हेतु चेन लिंक फेंसिंग, महिला स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण हेतु प्रावधान, पशुपालकों के लिए बकरी पालन यूनिट, लाभार्थियों हेतु कुक्कुट पालन सहायता, लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत नई सड़कों का निर्माण, पुल-पुलियों का निर्माण, तथा मार्गों के पुनर्निर्माण एवं सुधार कार्य प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त नई पेयजल योजनाएं, पर्यटन एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण तथा बागवानी विकास के लिए भी बजट निर्धारित किया गया है।

जिला योजना को भौतिक, सामाजिक, आजीविका एवं अन्य चार प्रमुख क्षेत्रों में संतुलित रूप से विभाजित किया गया है। भौतिक क्षेत्र के अंतर्गत सड़क, पेयजल, सिंचाई एवं ऊर्जा पर विशेष ध्यान दिया गया है, जबकि सामाजिक क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं युवा कल्याण को प्राथमिकता दी गई है। वहीं, आजीविका क्षेत्र में रोजगार आधारित योजनाओं को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया है। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जिला योजना के अंतर्गत महिला अस्पताल में लिफ्ट स्थापना का प्रस्ताव शामिल किया गया है। बजट प्राप्त होते ही कार्य प्रारंभ कर इसे वर्ष के अंत तक पूर्ण कर जनपदवासियों को समर्पित किया जाएगा।

प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि योजनाओं को क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण एवं केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के समन्वय के साथ प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। साथ ही, अधूरे एवं प्रचलित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। पिछले वर्षों के आंकड़ों के अनुसार भौतिक क्षेत्र में सर्वाधिक निवेश हुआ है, जबकि आजीविका क्षेत्र में निरंतर वृद्धि दर्ज की गई है, जिसे इस वर्ष भी प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक के अंत में प्रभारी मंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि प्राप्त बजट का जनहित में प्रभावी एवं पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा योजनाओं का लाभ शीघ्रातिशीघ्र जनपद के नागरिकों तक पहुंचाया जाए।

बैठक में विधायक डीडीहाट बिशन सिंह चुफाल, विधायक गंगोलीहाट फकीर राम टम्टा, जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई, प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी, दर्जा राज्य मंत्री गणेश भंडारी, जिला पंचायत अध्यक्ष जीतेन्द्र वर्मा, महापौर पिथौरागढ़ कल्पना देवलाल, ब्लॉक प्रमुख कनालीछीना महिमन कन्याल, ब्लॉक प्रमुख डीडीहाट नरेंद्र सिंह धामी, ब्लॉक प्रमुख धारचूला मंजुला बुदियाल, ब्लॉक प्रमुख बेरीनाग संगीता चन्याल सहित समस्त विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# लोक भवन में मनाया गया गुजरात व महाराष्ट्र का राज्य स्थापना दिवस

## विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से गुजरात और महाराष्ट्र की समृद्ध लोक संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली, कार्यक्रम में राज्यपाल रहे मौजूद

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** लोक भवन सभागार में शनिवार को गुजरात एवं महाराष्ट्र राज्य स्थापना दिवस (01 मई) के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुजरात समाज समिति, हरिद्वार गुज्जू परिवार तथा महाराष्ट्र समाज समिति के सदस्यों सहित अन्य लोगों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर दोनों ही राज्यों के कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से गुजरात और महाराष्ट्र की समृद्ध लोक संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। इन आकर्षक प्रस्तुतियों की राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) सहित उपस्थित लोगों ने सराहना की।

इस अवसर पर अपने संबोधन में राज्यपाल ने कार्यक्रम में प्रस्तुत सांस्कृतिक झलकियों की सराहना करते हुए कहा कि आज का आयोजन भारतीय संस्कृति की विविधता और समृद्ध परंपराओं का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कलाकारों की प्रस्तुतियों में भक्ति, समर्पण और आत्मीयता की अनुभूति स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही थी, जो अत्यंत विशिष्ट है।

राज्यपाल ने कहा कि भारत की सभ्यता, संस्कृति, लोकगीत और लोकसंगीत हमारी अमूल्य धरोहर हैं, जिन्हें संजोकर रखना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने विशेष रूप से परिवार की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि जब एक ही मंच पर बच्चे, युवा और बुजुर्ग मिलकर अपनी संस्कृति का उत्सव मनाते हैं, तो उससे समाज में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

राज्यपाल ने 'अनेकता में एकता' की भारतीय परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की विविध भाषाएं, वेशभूषाएं, खान-पान और सांस्कृतिक परंपराएं हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि देश की प्रगति के लिए एकता, समन्वय और 'नेशन फर्स्ट' की भावना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, और त्योहारों के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि अपनी जड़ों और परंपराओं से जुड़े रहना ही हमारी वास्तविक पहचान है। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे आयोजन राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समरसता और सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव राज्यपाल रीना जोशी, विशेष सचिव पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव डॉ. विजय कुमार जोगदंडे, आईजी अनंत शंकर ताकवाले, गुजरात समाज समिति के आनंद मोधा, राजेश पाठक, हरि भट्ट, महेंद्र भट्ट प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव ने किया।

## विद्युत पोल गलने से बड़े हादसे की आशंका

**काशीपुर।** रतन सिनेमा रोड स्थित निकट चंद्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय के समीप लगा एक विद्युत पोल नीचे से जंग लगने के कारण जर्जर अवस्था में पहुंच गया है। लोगों को आशंका है कि किसी दिन यह बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। उल्लेखनीय है कि इस मार्ग पर दिनभर भारी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है। आसपास विद्यालय, दुकानें एवं आवासीय क्षेत्र होने के कारण छात्राओं, राहगीरों और वाहन चालकों को खतरा बना है। लोगों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन को इसकी सूचना दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। वहां के नागरिकों ने बताया कि विद्युत पोल नीचे से पूरी तरह गल चुका है। बरसात और तेज हवाओं के दौरान स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते पोल को नहीं बदला गया तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विधुत विभाग की होगी। लोगों में विधुत विभाग के प्रति नाराजगी भी देखने को मिल रही है। क्षेत्रवासियों ने तत्काल जर्जर विद्युत पोल को हटाकर नया पोल लगाए जाने की मांग की है।

# आपदा प्रबंधन विभाग ने चमोली पुलिस को सौंपी दो क्रेन

## जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने क्रेनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**चमोली।** चारधाम यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से शनिवार को चमोली पुलिस को दो क्रेन सौंपी गई। क्रेनों को जिलाधिकारी गौरव कुमार और पुलिस अधीक्षक चमोली सुरजीत सिंह पँवार ने हरी झंडी दिखाकर चारधाम यात्रा मार्ग के लिए रवाना किया। इनकी मदद से यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्री वाहनों के खराब होने, फंसने और सड़कों पर गलत पार्क किए वाहनों को हटाने में उपयोग किया जाएगा। जिससे यातायात के बाधित होने की समस्या का स्थाई समाधान हो सकेगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि चार धाम यात्रा के दृष्टिगत आपदा प्रबंधन के कैपेसिटी बिल्डिंग मद से क्रेनों की खरीद की गई है।

### यात्रमार्ग पर यातायात को सुचारू रखने में मददगार होंगी क्रेन

जिनके माध्यम से जनपद के यात्रा मार्ग पर यातायात को सुचारू रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान क्रेन न होने से कई बार वाहनों के मार्ग में खराब होने से उन्हें हटाने में पुलिस और प्रशासन को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जिसे देखते हुए इन क्रेनों को पुलिस विभाग को सौंपा गया है।

इस दौरान आपदा प्रबन्धन अधिकारी नन्द किशोर जोशी, पुलिस उपाधीक्षक चमोली मदन सिंह बिष्ट, प्रतिसार निरीक्षक चमोली आनन्द सिंह रावत, एएसआईएमटी मनोज भण्डारी, अब्बल सिंह खत्री मौजूद रहे।

## एक नजर

### अगस्त में लगेगी विशेष लोक अदालत

**बागेश्वर।** सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली एवं उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशों के अनुपालन में न्याय को आमजन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मध्यस्थता आधारित विवाद समाधान के अंतर्गत समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आगामी 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर, नई दिल्ली में किया जाएगा। विशेष लोक अदालत में सर्वोच्च न्यायालय में लंबित विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी सहमति एवं मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारण किया जाएगा। इसमें पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, भूमि अधिग्रहण, आपराधिक सुलहनीय प्रकरण, श्रम विवाद सहित ऐसे मामले शामिल किए जाएंगे, जिन्हें आपसी समझौते से सुलझाया जा सकता है। बताया गया कि समाधान समारोह की प्रक्रिया 21 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो चुकी है। इसका मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान कर न्याय प्रक्रिया को सरल, सुलभ एवं त्वरित बनाना है। जनपद बागेश्वर के ऐसे पक्षकार, जिनके मामले सर्वोच्च न्यायालय में लंबित हैं और वे समझौते के आधार पर उनका निस्तारण चाहते हैं, वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बागेश्वर से संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 05963-221844 तथा नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क किया जा सकता है।

### शिव पुराण महायज्ञ कथा का शुभारंभ

**बागेश्वर।** जूना अखाड़ा के तत्वावधान में अविरल सरयू तट स्थित बागनाथ धाम में शिव पुराण ज्ञान महायज्ञ कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। शनिवार को नगर में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर श्रद्धा और उत्साह के साथ कलश यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। आयोजक जूना अखाड़ा के महंत शंकर गिरी महाराज ने बताया कि बागनाथ धाम में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान का उद्देश्य लोगों को भगवान शिव की महिमा और सनातन संस्कृति से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और आध्यात्मिकता का संदेश दिया जा रहा है। महायज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में सुरेश खेतवाल एवं संजय परिहार शामिल हैं। कथा का वाचन कथावाचक गणेश दत्त जोशी द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने श्रद्धालुओं को भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों, उनकी महिमा और शिव पुराण के प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। कलश यात्रा के उपरांत सरयू तट पर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कथा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जूना अखाड़ा के संत-महंतों सहित नगर के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**काशीपुर।** अज्ञात चोरो ने घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। नया आवास विकास निवासी अंकुश कुमार सिंह पुत्र मंगत सिंह ने टांडा चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी अपाचे बाइक सं. यूके-18 एफ-9272 घर के बाहर खड़ी थी। अज्ञात चोर 27 अप्रैल की दोपहर करीब 12 बजे उक्त बाइक को चोरी कर ले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### चाकू के साथ दो गिरफ्तार

**काशीपुर।** कुंडा कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत अवैध शस्त्र रखने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर दो लोगों को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। कुंडा कोतवाली के चौकी मंडी पुलिस टीम ने निजामुद्दीन पुत्र इमामी निवासी ग्राम कुंडा थाना व जबर अली पुत्र हनीफ निवासी ग्राम कुंडा को एक एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया।

### रेलवे ट्रैक किनारे थैले में मिला नवजात का शव

**काशीपुर।** शुक्रवार शाम लगभग छह बजे डायल 112 पर किसी ने सूचना दी कि प्रिया मॉल के पीछे रेलवे ट्रैक किनारे झाड़ियों में एक थैले में किसी नवजात शिशु का शव पड़ा है। कोतवाली प्रभारी हरेंद्र चौधरी, कटोराताल चौकी प्रभारी कौशल भाकुनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और यहां पर नवजात को फेंकने के संबंध में जानकारी जुटाई लेकिन सफलता नहीं मिली। नवजात के शव को देखकर प्रतीत हो रहा था कि उसका जन्म कुछ घंटे पहले हुआ होगा। कोतवाली प्रभारी हरेंद्र चौधरी ने बताया कि घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। ऐसे में यह पता लगाना मुश्किल हो रहा आखिर यहां कौन बच्चे को थैले में रखकर फेंक गया। उधर, एलडी भट्ट उप जिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. संदीप दीक्षित ने बताया कि नवजात या भ्रूण के पोस्टमार्टम की काशीपुर में सुविधा न होने पर हल्द्वानी भेजा गया है।

### पाटिया क्षेत्र में किसान गोष्ठी आयोजित

**अल्मोड़ा।** वीपीकेएएस की ओर से पाटिया क्षेत्र में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से मिट्टी पर प्रतिकूल प्रभाव पर चर्चा के साथ इसके समाधान पर चर्चा की गई। गोष्ठी में प्रधान वैज्ञानिक डा. कृष्णकांत मिश्रा ने बताया कि अभियान न केवल खेती की लागत कम करने के साथ भविष्य की पीढ़ी के लिए भूमि की उत्पादन क्षमता को सुरक्षित रखने में भी सहायक होगा। डा. प्रकाश चंद घासल ने कहा कि उर्वरकों के अंधाधुंध और अनियंत्रित प्रयोग से मिट्टी की भौतिक और रासायनिक संरचना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

# उत्तरकाशी में एचपीवी टीकाकरण अभियान सुस्त, प्रशासन ने तेजी लाने के दिए सख्त निर्देश

**उत्तरकाशी।** जनपद में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन अभियान की धीमी प्रगति पर प्रशासन ने चिंता जताते हुए इसे गति देने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को एनआईसी सभागार में अपर जिला अधिकारी मुक्ता मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित जिला टास्क फोर्स बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. बी.एस. पांगती ने जानकारी दी कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2026 से 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं के लिए सरकारी अस्पतालों में एचपीवी टीकाकरण नि:शुल्क किया गया है। यह टीका गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव में अत्यंत प्रभावी माना जाता है।

जनपद में इस अभियान के तहत 31 मई तक लगभग 3000 बालिकाओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन अब तक लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं हो पाई है। इस पर अपर जिला अधिकारी ने नाराजगी जताते हुए स्वास्थ्य विभाग को अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने सुझाव दिया कि टीकाकरण करा चुके चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ और उनके परिजनों के वीडियो संदेश तैयार कर सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जाएं, ताकि लोगों में फैली भ्रांतियों को दूर किया जा सके। साथ ही स्थानीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और जनप्रतिनिधियों को भी जागरूकता अभियान से जोड़ने पर जोर दिया गया।

शिक्षा, पंचायतीराज और महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने स्तर पर जागरूकता बढ़ाएं। स्कूलों में प्रतिदिन प्रार्थना सभा के दौरान एचपीवी वैक्सीन पर जानकारी दी जाएगी और अभिभावकों के साथ बैठकें आयोजित कर उन्हें इसके लाभ बताए जाएंगे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.एस. रावत ने बताया कि प्रत्येक रविवार को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में "पिंक डे" के रूप में विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बालिकाओं को समय पर एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं, जिससे भविष्य में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव संभव हो सके।

## भेटा कराड़िया चोरी मामले में जांच तेज

**बागेश्वर।** कांडा पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत भेटा कराड़िया गांव में हुई चोरी की घटना की जांच पुलिस ने तेज कर दी है। शनिवार को एसओजी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम गांव पहुंची और मामले की गहन पड़ताल की। टीम ने संदिग्ध गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए कई मोबाइल फोन का डंप डेटा एकत्र किया। साथ ही सानिउडियार स्थित एसबीआई और ग्रामीण बैंक शाखाओं में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए। गौरतलब है कि मंगलवार को गांव निवासी जीवन कर्नाटक के घर में चोरों ने सेंधमारी कर करीब पांच तोला सोना और 70 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली थी। बुधवार को पीड़ित ने अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी थी। शनिवार को थानाध्यक्ष, जांच अधिकारी और एसओजी टीम ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार और ग्रामीणों से पूछताछ की।

# फर्जी हस्ताक्षर कर रजिस्ट्री कराने का आरोप

**काशीपुर।** एक अधिवक्ता ने एक प्रापर्टी डीलर पर बार एसोसिएशन के सचिव के फर्जी हस्ताक्षर कराकर फर्जी प्रार्थनापत्र सब रजिस्टार कार्यालय में प्रस्तुत करने का आरोप लगाया है। इस मामले में अधिवक्ता ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव को शिकायती पत्र देने के अलावा पुलिस में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ता अमित सिंह चौहान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव को एक शिकायती पत्र सौंप कर कहा कि बीती 28 अप्रैल को वरिष्ठ अधिवक्ता रामचंद्र सैनी का निधन होने पर एसोसिएशन के अधिवक्ता पूरे दिन कार्य से विरत रहे थे। उन्होंने बताया कि इसी बीच नगर निवासी एक प्रापर्टी डीलर ने एक फर्जी प्रार्थना पत्र बार एसोसिएशन पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए बनवाया। इस पत्र को सब रजिस्टार कार्यालय काशीपुर में यह कहते हुए प्रस्तुत कर दिया कि एसोसिएशन के सचिव यशवंत चौहान की ओर से प्रार्थनापत्र पर अपने हस्ताक्षर कर रजिस्ट्री कराने की अनुमति दे दी गई है, जिसके आधार पर रजिस्ट्री कर दी गई। जबकि प्रापर्टी डीलर की ओर से प्रस्तुत प्रार्थनापत्र पर एसोसिएशन के सचिव ने अपने हस्ताक्षर कर कोई अनुमति नहीं दी थी। प्रापर्टी डीलर ने एसोसिएशन के सचिव यशवंत सिंह चौहान के फर्जी हस्ताक्षर कर फर्जी प्रार्थनापत्र सब रजिस्ट्री कार्यालय में प्रस्तुत किया है। एडवोकेट अमित सिंह चौहान ने इस संबंध में सीएम पोर्टल, एसएसपी, एसपी को भी तहरीर डाक से भेजी है।

# जमीनी विवाद में दो लोगों पर फिर से धमकाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** आईटीआई थाना क्षेत्र में जमीन विवाद के मामले में दुर्गा मंदिर वाली गली निवासी जितेन्द्र अरोरा ने कोतवाली आईटीआई में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि कुछ लोगों द्वारा उनकी कृषि भूमि पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया गया और विरोध करने पर जानलेवा हमला व धमकी दी गई। तहरीर के अनुसार, ग्राम खड़गपुर देवीपुरा स्थित उनकी पैतृक कृषि भूमि पर दो लोगों द्वारा कथित रूप से जालसाजी व मिलीभगत कर अतिक्रमण का प्रयास किया गया। पीड़ित का कहना है कि इस विवाद में 22 अप्रैल को मुकदमा दर्ज कर प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया था। इस मामले में मानसिक अज्ञात के चलते उनके पिता ओम प्रकाश की 21 अप्रैल 2026 को मृत्यु हो गई। पीड़ित ने बताया कि इस मामले में उनकी तहरीर पर 22 अप्रैल 2026 को कोतवाली आईटीआई में दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। साथ ही, उसी दिन उपजिलाधिकारी की मौजूदगी में प्रशासन ने भूमि की पैमाइश कराई, जिसमें शिकायत सही पाई गई और अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया गया था। इसके बावजूद आरोप है कि 30 अप्रैल को जब पीड़ित हरिद्वार पिता की अस्थी विसर्जन के लिए गया था, तब आरोपित पक्ष के लोगों ने खेत पर पहुंचकर मजदूरों के साथ अभद्रता और धमकी दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपर फरार हो चुके थे। पीड़ित के अनुसार, 1 मई को भी एक आरोपी एक अन्य व्यक्ति के साथ खेत पर पहुंचा और काम रुकवाने की धमकी दी। पीड़ित ने अपनी जान-माल को खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सरकारी योजना से बदली जिंदगी पूजा कंडारी बनीं आत्मनिर्भर पशुपालक

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल के जौनपुर ब्लॉक अंतर्गत देवन गांव की निवासी पूजा कंडारी की कहानी इस बात का सशक्त उदाहरण है कि सही मार्गदर्शन और सरकारी सहयोग से ग्रामीण महिलाएं भी आत्मनिर्भर बन सकती हैं। पहले पूजा कंडारी एक सामान्य गृहिणी थीं। घर की जिम्मेदारियों तक सीमित जीवन में आय का कोई स्थायी साधन नहीं था। ऐसे समय में पशुपालन विभाग की 'गोट वैली योजना' उनके लिए नया अवसर लेकर आई।

वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संचालित इस योजना के तहत उन्हें 1 लाख रुपये का ब्याज-मुक्त ऋण तीन वर्ष की अवधि के लिए स्वीकृत हुआ। साथ ही 39 हजार रुपये की सब्सिडी भी प्रदान की गई। योजना के अंतर्गत उन्हें 5 बकरियां और 1 बकरा उपलब्ध कराया गया। ऋण की सहायता से उन्होंने कुल 15 बकरियों के साथ अपने पशुपालन कार्य को आरंभ किया।शुरुआत में अनुभव सीमित था, लेकिन विभागीय प्रशिक्षण और निरंतर मेहनत ने उनकी दिशा बदल दी।पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनमोल नौटियाल , पशु चिकित्सालय, पंतवाड़ी, के अनुसार, विभाग द्वारा बकरियां उपलब्ध कराने के साथ-साथ नियमित टीकाकरण, दवाएं और वैज्ञानिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया गया। इसी का परिणाम है कि आज पूजा कंडारी के पशुधन की संख्या बढ़कर लगभग 30 से 40 तक पहुंच चुकी है और मृत्यु दर लगभग शून्य के बराबर है। आज वे सालाना लगभग 1 से 1.5 लाख रुपये तक की आय अर्जित कर रही हैं। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और वे पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। डॉ. नौटियाल ने अन्य पशुपालकों को भी संदेश दिया कि पशुपालन केवल पशु पालने तक सीमित नहीं है।

## इंटर कालेज डोटियालगांव में लगा स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** विकासखंड ताकुला में शनिवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान शिविर में 300 से ज्यादा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय: "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष सं0 : 0135-2763808, फैक्स न0 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGC025866, वैबसाइट: www.ujvnl.com

प.सं. 373 | **ई-निविदा तिथि विस्तार सूचना-1** | दिनांक: 02.05.2026

अपरिहार्य कारणों से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद-तृतीय), लखवाड़ बहुद्देशीय परियोजना, यूजेवीएन लिमिटेड, डाकपत्थर (देहरादून) द्वारा आमन्त्रित निविदा सं0 02/EE (Civil-III)/LMP/2026-27 की निविदा जमा करने एवं खोलने की तिथियां निम्नवत् पुनरीक्षित की जाती है:
निविदा डाउनलोड करने की अन्तिम तिथि :15-05-2026 को 16.00 बजे तक।
ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:15-05-2026 को 16.00 बजे तक।
निविदा की हार्डकॉपी जमा करने की अन्तिम तिथि: 16-05-2026 को 16.00 बजे तक।
निविदा खुलने की अन्तिम तिथि: 18-05-2026 को 11.30 बजे।
अन्य विस्तृत विवरण हेतु ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **http://uktenders.gov.in** एवं निगम वैबसाईट **www.ujvnl.com** देखें।
अधिशासी अभियन्ता (जानपद-तृतीय)

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# शहीद सैनिक स्कूल में उत्तराखंड लोकोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनी महिला एवं बाल विकास समिति सूखाताल के तत्वावधान में शनिवार को संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से कल्चर फंक्शन एवं प्रोडक्शन ग्रांट परियोजना के अर्न्तगत उत्तराखण्ड लोकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में मंचीय प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद नैनीताल की अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, विशिष्ठ अतिथि कुविवि के डीएसबी परिसर के पत्रकारिता विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. गिरीश रंजन तिवारी, कालेज के उप प्रधनाचार्य प्रवीण सती तथा जिला उपभोक्ता आयोग की वरिष्ठ सदस्या विजय लक्ष्मी थापा एवं संस्थाध्यक्ष शैलजा सक्सेना द्वारा संयुक्त रूप से



दीप प्रज्जवलित कर किया गया। संस्था के द्वारा उत्तराखण्ड की विलुप्त हो रही ऐतिहासिक, पौराणिक लोककलाओं लोक गीत, लोक नृत्य, झोड़ा चांचरी, झपेली रीतुरैण, हुडकिया बौल आदि की कार्यशाला शैलजा सकसेना व रिया टमटा के निर्देशन में आयोजित की गई तथा कुमाऊँ की संस्कृति पर आधारित उत्तराखण्ड की विलुप्त होती एतिहासिक पौराणिक, पारंपरिक लोक गीत लोक नृत्य आदि का संस्था कार्यालय में शैलजा सकसेना के निर्देशन में एक माह तक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समूह की महिलाओं/ युवक-युवतियों भावना, पिंकी आर्या नीलम तिवारी, अंजलि आर्या ज्योति आर्या, नेहा, नीलम, आशा, अनीता, आशा, पूजा, गौरव, पंकज सचिन, विनोद, हरीश, सुनील कुन्दन, वंश आदि द्वारा कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त किया गया तथा आज भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में उततराखण्ड के लोक गीत लोक चित्र आदि की भव्य प्रस्तुति की गयी। संचालन डा. प्रहलाद आर्या ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक, शिक्षिकाएं तथा संस्था सदस्य किशन लाल, अजय कुमार, चन्द्रकान्त आर्या वंश अनीता सिंह मीनाक्षी बिष्ट हर्षिता मेहरा, अजू बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## कॉम्पलेक्स के केयरटेकर की सीढ़ियों से गिरकर दर्दनाक मौत

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र में एक कॉम्पलेक्स के केयरटेकर की सीढ़ियों से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है, जब केयरटेकर अपने कमरे की ओर जा रहा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस से मिली जनकारी के अनुसार मूलरूप से चम्पावत के रहने वाले 56 वर्षीय किशन सिंह खाती पुत्र गंगा सिंह पांच बच्चों के पिता है। परिवार चम्पावत में रहता है और वह मुखानी थानाक्षेत्र के लोहरियासाल मल्ला स्थित एक कॉम्प्लेक्स में बतौर केयर टेकर काम करते और यहीं रहते हैं। बताया जाता है कि शुक्रवार को ड्यूटी के दौरान वह कॉप्लेक्स की सीढ़ियां चढ़ रहे थए और तभी उनका पैर फिसल गया। सीढ़ी का एक कोना उनके सिर में घुसा और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। करीब 8 बजे लोगों की उन पर नजर पड़ी तो सांसे चल रही थीं। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## सड़क का काम रुकवाया, जेसीबी को किया सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धारी।** तहसील क्षेत्र के ग्राम कौल में अवैध रूप से सड़क निर्माण और बड़े पैमाने पर पेड़ों के कटान का मामला पिछली बार दो माह पहले हुआ था जिसमे धारी प्रशासन ने सखत रुख अपनाया था। बता दें शनिवार को फिर स्थानीय बिल्डरों ने फिर दुबारा बिना परमिशन के सड़क बनाने के लिए जेसीबी चला दी। स्थानीय लोगो ने जिसकी सुचना धारी प्रशासन को दी। मौके पर राजस्व उप निरीक्षक निधि चौधरी, राजस्व निरीक्षक प्रवीन ह्याकी मौके पर पहुंच कर सड़क निर्माण कार्य रुकवाया साथ ही जैसीबी को सीज कर आगे कि कार्यवाही शुरू कर दी है। स्थानीय लोगो ने बताया कि उक्त सड़क से ग्राम वासियो को कोई फायदा नहीं है बल्कि जंगल खत्म कर दिया है स्थानीय बिल्डर बिना परमिशन के जीसबी प्रशासन के नियमों को ताक पर रखकर चला दें रहे है।

## एक नजर....

### होटल बुकिंग के नाम पर पर्यटक से ठगी

**नैनीताल।** लखनऊ से नैनीताल घूमने पहुंचे एक पर्यटक से फर्जी होटल बुकिंग के नाम पर रुपये ठग लिए गए। जानकारी के मुताबिक लखनऊ निवासी नितेश कपूर ने 27 अप्रैल सोमवार को इंटरनेट के माध्यम से आयरपाटा क्षेत्र स्थित रॉयल इन होटल में कमरा बुक कराया था। बुकिंग के दौरान एडवांस के रूप में 2 हजार रुपये ऑनलाइन जमा कर दिए। शनिवार को परिवार के साथ नैनीताल पहुंचने पर जब पर्यटक ने होटल कर्मी को फोन किया तो वह अलग-अलग लोकेशन बताकर घुमाता रहा। पर्यटक को संदेह होने पर उसने पुलिस में शिकायत करने की बात कही जिसके बाद संबंधित मोबाइल नंबर स्विच ऑफ हो गया। बाद में पर्यटक मल्लीताल कोतवाली पहुंचा और मामले की जानकारी पुलिस को दी। जांच में आयरपाटा क्षेत्र में इस नाम का कोई होटल नहीं मिला जिससे स्पष्ट हुआ कि पर्यटक ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ है। कोतवाली के एसएसआई दिनेश जोशी ने बताया कि पर्यटक की ओर से ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा दी गई है। उन्होंने पर्यटकों से होटल बुकिंग करते समय सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि केवल विश्वसनीय वेबसाइट और प्रमाणित होटल पोर्टल के माध्यम से ही बुकिंग करें।

### भोटिया बाजार से लोहे की ग्रिल चोरी

**नैनीताल।** नगर के व्यस्त रहने वाली मल्लीताल स्थित भोटिया बाजार क्षेत्र से लोहे की दो ग्रिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पालिका कर्मी की सतर्कता और समझदारी के चलते ग्रिल ले जाने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने चोरी की गई ग्रिल भी बरामद कर ली है। जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता विवेक धर्मशत्तु ने बताया कि भोटिया बाजार क्षेत्र में रखी लोहे की दो ग्रिल शुक्रवार को एक व्यक्ति उठा कर ले गया। युवक ग्रिल लेकर मल्लीताल खड़ी बाजार की ओर पहुंचा जहां मौजूद एक पालिका कर्मी ने ग्रिल को पहचान लिया। शक होने पर कर्मी ने युवक की फोटो अपने मोबाइल से खींच ली। शनिवार को जब मजदूर ग्रिल लगाने पहुंचे तो ग्रिल गायब मिली। खोजबीन के दौरान पालिका कर्मी ने अपने मोबाइल में खींची गई फोटो दिखाई। फोटो के आधार पर मंदिर के समीप एक युवक की पहचान कर उसे पकड़ लिया गया और कोतवाली ले जाया गया। पूछताछ में युवक ने ग्रिल ले जाने की बात स्वीकार कर ली। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि चोरी की गई ग्रिल मल्लीताल क्षेत्र में एक महिला के घर से बरामद कर ली गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक शराब के नशे में ग्रिल उठा ले गया था। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### गैस वितरण प्रणाली में हो शिथिलता: पडियार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नैनीताल।** नैनीताल के युवा भाजपा नेता अरविन्द सिंह पडियार ने इंडेन गैस प्रबंधक को पत्र के माध्यम से गैस वितरण की व्यवस्था में शिथिलिकरण की मांग की है। पत्र में पडियार ने कहा है कि वर्तमान में एलपीजी गैस की जो वितरण में व्यवस्था बनाई गई है उसमें गुजारिश है कि जब उपभोक्ता आपके पास सिलेंडर लेने आ रहे हैं तो उस वक्त डीएससी नंबर के बाद आपके आदेश द्वारा कहा जा रहा है कि आज हम निम्न तारीख वाले तक को सिलेंडर देंगे। पडियार ने कहा कि गैस प्रबंधन अपने रोस्टर में इस व्यवस्था को भी सम्मिलित कर दे कि आज निम्न तारीख तक वाले उपभोक्ता को सिलेन्डर दिया जाएगा तो उससे उपभोक्ता को सुविधा मिलेगी, ताकि उपभोक्ता तपती धूप में लाइन में खड़े होकर अपना समय व्यर्थ नहीं करेगा और उसे सिलेन्डर की जबरदस्ती मजदूरी भी नहीं पड़ेगी। पडियार ने कहा कि कामर्शियल सिलेंडर को भी पूर्व की भांति मार्केट में लाकर वितरण किया जाए ना कि नारायणनगर से, इसके लिए भी हम आपसे पुन: अनुरोध करते हैं कि उस व्यवस्था को पूर्व की भांति लागू किया जाए।

### नैनीताल: डीएसए पार्किंग में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर की डीएसए पार्किंग में वाहन पार्किंग शुल्क को लेकर देर रात जमकर हंगामा और मारपीट हो गई। खास बात यह रही कि घटना स्थल कोतवाली से महज करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। खुद को कालेज छात्र बताने वाले कुछ युवकों ने पार्किंग कर्मियों के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक युवक वाहन लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात करीब 11 बजे नगर पालिका कर्मी शनि कुमार अन्य कर्मचारियों के साथ डीएसए पार्किंग में ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान एक कार में सवार कुछ युवक पार्किंग में पहुंचे। कर्मियों ने वाहन पार्क करने पर निर्धारित शुल्क मांगा तो युवक भडक् गए। आरोप है कि युवकों ने खुद को कालेज छात्र बताते हुए शुल्क देने से इनकार कर दिया और कर्मचारियों से बहस शुरू कर दी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और युवकों ने पार्किंग कर्मियों के साथ मारपीट कर दी। घटना से पार्किंग स्थल पर अ़फरा.त़फरी मच गई। घटना स्थल कोतवाली से बेहद नजदीक होने के बावजूद युवकों के हंगामे से वहां मौजूद लोग भी हैरान रह गए। कर्मियों ने किसी तरह पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचीए लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही कार सवार युवक वहां से फरार हो गए। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि मामले में अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## आईटीआर का प्रारूप अब तक जारी नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कर निर्धारण वर्ष 2026-27 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) का प्रारूप अब तक जारी नहीं होने से करदाताओं और अधिवक्ताओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बता दें कि हर वर्ष 1 अप्रैल तक रिटर्न फार्म जारी कर दिए जाते हैं लेकिन इस बार एक माह से अधिक समय बीतने के बावजूद फार्म मुहैया नहीं हो पाए हैं जिससे आम लोगों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिससे बैंकिंग कार्य, लोन प्रोसेस और आय प्रमाण पत्र से जुड़े जरूरी काम प्रभावित हो रहे हैं। करदाता लगातार जानकारी के लिए विभाग में संपर्क कर रहे हैं लेकिन स्पष्ट दिशा. निर्देश के अभाव में उनकी परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। टैकस बार एसोसिएशन रामनगर के अध्यक्ष पूरन पांडे ने बताया कि रिटर्न फार्म समय पर जारी न होने से करदाताओं में भ्रम की स्थिति है वहीं उपसचिव मनु अग्रवाल ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही का टीडीएस रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित है लेकिन डेटा अपडेट में देरी के कारण रिफंड और टैक्स गणना भी प्रभावित हो रही है। एसोसिएशन ने इस देरी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि आयकर रिटर्न का प्रारूप 1 अप्रैल 2026 तक जारी किया जाना चाहिए था लेकिन अब तक इसमें अनावश्यक विलंब हो रहा है। इसका सीधा असर करदाताओं के बैंकिंग, लोन और वीजा संबंधी कार्यो पर पड़ रहा है। अधिवक्ताओं ने बताया कि आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 30 सितंबर की जाए। इस दौरान बैठक में प्रबल बंसल, भूपाल रावत, फिरोज अंसारी, मनोज अग्रवाल, लईक अहमद, नावेद सैफी तथा गुलरेज रजा मौजूद रहे।

# इंदर आर्या की प्रस्तुति पर झूमा ग्राफिक एरा कैम्पस

## गुलाबी शरारा, माथू माथू, बोल हीरा बोल, हे मधु व मुखुड़ी बे चुनरी जैसे लोकप्रिय गीतों से लगाए चार चांद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर में प्रसिद्ध कुमाऊँनी लोकगायक इंदर आर्या की शानदार लाइव प्रस्तुति ने संगीतए संस्कृति और युवा ऊर्जा का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। बता दें शांत पहाड़ियों के बीच बसे परिसर ने एक यादगार सांस्कृतिक संध्या का रूप ले लिया जहां हर ओर उत्साह, उल्लास और लोकधुनों की मधुर गूंज सुनाई दी। यह आयोजन परंपरा और आधुनिकता के सुंदर मेल का प्रतीक बनाए जिसने विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का कार्य किया। कार्यक्रम की शुरुआत से ही विद्यार्थियों और दर्शकों में भारी



उत्साह देखने को मिला। जैसे ही इंदर आर्या मंच पर पहुंचे पूरा परिसर तालियों, नारों और जोशीले स्वागत से गूंज उठा। अपनी मधुर आवाजए दमदार प्रस्तुति और पहाड़ों की संस्कृति से गहरे जुड़ाव के लिए प्रसिद्ध इंदर आर्या ने एक के बाद एक लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को संगीतमय बना दिया।

उनके चर्चित गीत गुलाबी शरारा की धुन बजते ही छात्र-छात्राएं झूम उठे और पूरा परिसर एक स्वर में गीत गाता नजर आया। इसके बाद माथू माथू, बोल हीरा, हे मधु मशकबीन और मुखुड़ी बे चुनरी जैसे लोकप्रिय गीतों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। हर गीत के साथ दर्शकों का उत्साह बढ़ता गया और विद्यार्थी संगीत की धुनों पर थिरकते नजर आए। इंदर आर्या की प्रस्तुति केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रही बल्कि यह उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं और विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रभावशाली माध्यम बनी। उनके गीतों ने विद्यार्थियों में अपनी मातृभूमिए भाषा और सांस्कृतिक पहचान के प्रति गर्व की भावना को और मजबूत किया।

विश्वविद्यालय द्वारा क्षेत्रीय कलाकारों को मंच प्रदान करना स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को मनोरंजन के साथ-साथ अपनी संस्कृति को समझने और उससे जुड़ने का अवसर भी प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों और उपस्थित जनसमूह के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया। यह शाम केवल एक संगीत कार्यक्रम नहीं बल्कि अपनत्व, संस्कृति और यादगार पलों का उत्सव बन गई। इंदर आर्या की मधुर प्रस्तुति की गूंज देर तक भीमताल की वादियों और विद्यार्थियों के दिलों में बनी रही।

## ऑल सेंट्स में श्रमिक दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** ऑल सेंट्स कॉलेज में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रमिक दिवस एवं प्रिंसिपल डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। बता दें 1 मई को अवकाश होने के कारण श्रमिक दिवस का आयोजन 2 मई को किया गया जिसमें पूरे विद्यालय परिवार ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में छात्राओं द्वारा



आयोजित विशेष प्रार्थना सभा से हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने श्रमिकों के अथक परिश्रम और उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित किया। प्रेरणादायक विचारोंए प्रार्थनाओं और संदेशों के माध्यम से सभी को यह संदेश दिया गया कि समाज और संस्थान की प्रगति में प्रत्येक कर्मी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। विद्यार्थियों ने सभी से श्रमिकों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और कृतज्ञता का भाव रखने का आह्वान किया। साथ ही सभी विद्यार्थियों ने सामूहिक गान कर सभी के दिल को छू लिया। इस विशेष दिन को और अधिक सार्थक बनाते हुए विद्यार्थियों ने स्वयं रसोई का कार्यभार संभालते हुए सभी छात्रों व शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए स्वादिष्ट भोजन तैयार किया। भोजन तैयार करने से लेकर उसे व्यवस्थित रूप से परोसने तक की पूरी जिम्मेदारी विद्यार्थियों ने निभाई। प्रधानाचार्या अंजिना रिचड्र्स ने भी इस अवसर पर सभी कर्मचारियों के लिए विशेष भोज का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया।

# बाघ के हमलों के बाद जंगल जाने से डर रहे ग्रामीण, सुरक्षा की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जंगलों में वन्यजीवों के हमलों के बाद जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योली व आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ज्योली क्षेत्र में हेमा पांडे और सूर्यागांव में हंसी देवी व भड्यूनी में कमल को बाघ द्वारा निवाला बनाए जाने की घटनाओं के बाद लोग जंगल जाने से डर रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि जब तक पकड़े गए बाघ और बाघिन के आदमखोर होने की पुष्टि नहीं हो जातीए तब तक क्षेत्र में लगाए गए पिंजरे और निगरानी व्यवस्था जारी रखी जाए। बता दें कि क्षेत्र में घटनाओं के बाद वन विभाग ने संयुक्त अभियान चलाकर एक बाघ और एक बाघिन को ट्रेंकुलाइज कर पकड़ लिया था। हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि महिलाओं व युवक पर हमला करने वाले वही वन्यजीव थे या नहीं।

इसको लेकर ग्रामीणों में भय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि जंगल से घास, लकड़ी और पशुओं के चारे के लिए जाने वाली महिलाओं और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। मामले में भीमताल के ब्लाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने कहा कि क्षेत्र के लोगों में अब भी भय है। वह विभाग ने कहा दिया कि जंगल न जाएं लेकिन ग्रामीण बिना जंगल जाए अपना जीवन यापन नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि जब तक बाघों के आदमखोर होने की पुष्टि नहीं हो जाती तब तक क्षेत्र में लोगों के बीच भय बना रहेगा।

उन्होंने पुष्टि होने तक क्षेत्र में पिंजरे लगाए रखने की अपील की है दूसरी ओर मामले में डीएफओ आकाश गंगवार ने बताया कि प्रथम दृष्टिया पकड़े गए बाघ और बाघिन ही महिलाओं की मौत के लिए जिम्मेदार प्रतीत हो रहे हैं, लेकिन इसकी अंतिम पुष्टि डीएनए रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। उन्होंने कहा कि तब तक वन विभाग की ओर से क्षेत्र में लगातार गश्त की जा रही है। साथ ही कैमरा ट्रैप और पिंजरे भी लगाए गए हैं ताकि किसी भी गतिविधि पर नजर रखी जा सके। वन विभाग ने ग्रामीणों से अकेले जंगल न जाने और सतर्कता बरतने की अपील की है।

# गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाने पर आक्रोश

## नैनीताल में कांग्रेसियों ने किया केंद्र सरकार का पुतला दहन, नारेबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पिछले दो महीनों से लगातार केंद्र सरकार ने गैस की दामों में बढ़ोतरी की जिद ठान रखी है जिससे देश के आम नागरिक हलकान हैं पर सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। एक बार फिर सरकार ने कामर्शियल सिलेंडर के दाम को तीन हजार रुपए पार पहुँचा कर होटल व्यवसायियों की कमर ही तोड़ दी है।

ज्ञातव्य है कि खाड़ी संकट होने पर सरकार ने जुमलेबाज़ी की थी कि हमारे पास गैस के सुरक्षित भंडार हैं और नागरिकों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने कहा



कि लगातार गैस के दामों को बढ़ाकर समाचारों की सुर्खियों में छाये रहने वाली जुमलेबाज सरकार के काम आखिर धरातल पर क्यों दम तोड़ देते है। उन्होंने कहा कि सरकार महिला आरक्षण को लेकर कांग्रेस पार्टी को बदनाम कर रही है और जनता को गुमराह कर रही है जबकि कांग्रेस पार्टी एवं सहयोगी दलों ने सर्व समिति से दोनों सादनों में 2023 में ही ध्वनिमत से 33 फीसदी महिला आरक्षण को समर्थन देकर पारित करवा दिया था। दरअसल सरकार की नीयत में ही खोट है जो विधानसभाओं में परिसीमन की आड़ में महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी को घेरना चाहती है। इसके विरा. ेध में जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट के नेतृत्व में शनिवार को भवाली चौराहे पर सरकार का पुतला दहन किया गया और विरोध दर्ज किया गया। इस अवसर पर भवाली नगरपालिका अध्यक्ष पंकज आर्या, नगर अध्यक्ष कंचन सुयाल समेत सुजान सिंह रजवार, मोहन आजाद, संजीव, लो. केश जोशी, सद्दा मियां, जानकी आर्य, रचना, धनी दुम्का, जया कपिल, आसमा परवीन, कमलेश बिष्ट, राहुल पांडे, हरेंद्र आर्य, पुष्पेश पांडे, हेमा, सुरभि, पीयूष नेगी, मुकेश कुमार, हर्षित व पंकज सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हर्षवर्धन जीना चयनित

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकास खंड के तहत स्थित संत एंथोनी इंटर कालेज के छात्र हर्षवर्धन जीना का अंडर-15 एशियन बाक्सिंग



चैपिंयनशिप के लिए चयन हुआ है। कालेज के पीटीआई आरएस जीना ने बताया कि यह प्रतियोगिता 1 मई से 16 मई तक उज्बेकिस्तान (ताशकंद) में आयोजित होगी। हर्षवर्धन के पिता देवेन्द्र सिह जीना गेठिया जूनियर हाईस्कूल में अध्यापक होने के साथ अन्तरराष्ट्रीय स्तर के बाकसिंग ऑफिशियल हैं। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या शोभा, प्रबंधक मार्सीलीना, सीमा, शिक्षक, शिक्षिकाओं, उत्तराखंड बाक्सिंग एसोसिएशन के आजीवन अध्यक्ष मुखर्जी निर्वाण, महासचिव गोपाल सिंह खोलिया, कोषाध्यक्ष नवीन टम्टा ने हर्ष जताया है।

# राम उत्सव के समापन पर पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पर्वतीय महिला ग्राम विकास समिति के द्वारा शनिवार को उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से तीन दिवसीय राम उत्सव के समापन के अवसर पर भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों की शुरूआत श्री राम स्तुति से की गई, उसके उपरांत समिति के कलाकारों के द्वारा वंदना समेत झोड़ा, चांचरी, गढ़वाली एवं कुमाऊनी लोक गीतों पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रमों में अमित के द्वारा एकल गीत एवं किरण



कोटवाल द्वारा बांसुरी पर सुंदर राम भजन की प्रस्तुति दी गई। इससे पूर्व जिले के राजकीय इंटर कालेज गौजानी रामनगर में कार्यक्रम का शुभारंभ जगदीश चंद्र पांडे, चंद्रशेखर बधानी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य जस्सी राम आर्या द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन जानकी जोशी एवं संचालन भुवन चंद्र जोशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मनोज कुमार, संजू कुमार, प्रकाश थापा, प्रदीप कुमार, ज्योति उप्रेती, संगीता, दीक्षा व स्वाति आदि कलाकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जगदीश चंद्र तिवारी, चंदन सिंह मेहरा, प्रकाश कोटवाल तथा निकिता जोशी आदि उपस्थित थे। अंत में भुवन चंद्र जोशी ने सभी का विशेष आभार जताया।

# नैनीताल में तेज रफ्तार स्कूटी रपटी, किशोर गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर की व्यस्त रहने वाली माल रोड क्षेत्र में देर रात तेज रफ्तार स्कूटी अनियंत्रित होकर रपट गई। हादसे में स्कूटी चला रहा 13 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद पर्यटकों की सूचना पर पहुंची पुलिस किशोर को राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल लेकर पहुंची जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार भाभर हाल महाराजा होटल क्षेत्र निवासी 13 वर्षीय मानस चंद्रा शुक्रवार रात करीब एक बजे स्कूटी यूके 04 एजे 1029 को लेकर घर से निकल पड़ा। बताया जा रहा है कि वह मालरोड में चर्च के समीप सड़क पर घायल अवस्था में मिला। हादसे में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख आसपास मौजूद पर्यटकों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर तल्लीताल पुलिस मौके पर पहुंची और घायल किशोर को बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। जिला अस्पताल के चिकित्सक डा. साहिल कुमार ने बताया कि किशोर के कान से खून निकल रहा था तथा कमर में गंभीर चोट आई थी। हालत गंभीर होने के चलते उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। वहीं मामले में एसआई बबीता ने बताया कि प्रथम दृष्टया स्कूटी फिसलने की बात सामने आई है हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि किशोर स्वयं अनियंत्रित होकर गिरा या किसी वाहन की टक्कर से हादसा हुआ। मामले की जांच के लिए क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## पत्थर मकान की खिड़की तोड़ता घुसा घर के भीतर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिले के ज्योलीकोट-नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग में बेलुवाखान के पास सड़क किनारे से गिरा बड़ा पत्थर पहाड़ी से लुढ़क कर दो सौ मीटर से ज्यादा नीचे श्रीनगर में तैनात सीआरपीएफ के जवान प्रेम साह के मकान की खिड़की को तोड़ता हुआ आवास के भीतर जा गिरा। संयोगवश भीतर मौजूद परिवार के तीनों सदस्य सुरक्षित बच गए। अचानक हुए इस हादसे से परिजन बेहद सहमे हुए है। उक्त पत्थर पूर्व में सड़क किनारे डंप किए गए मलवे से लुढ़क कर आने का अनुमान है। इस स्थान पर अभी भी कई बड़े बड़े पत्थर और मलवा पड़ा हुआ है। बेलुवाखान निवासी प्रेम साह की पत्नी निशा साह संत एंथोनी इंटर कालेज में अध्यापिका हैं और पुत्र और पुत्री दोनों इसी विद्यालय में पढ़ते हैं। निशा ने बताया कि शनिवार की प्रात: जब वह विद्यालय जाने की तैयारी में जुटे थे।

# बिना किसी दिखावे चुपचाप अपनी भक्ति में लीन रहने का नाम है प्रताप नगरकोटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** आज के दौर में जहाँ अधिकांश लोग नाम तथा पैसा और पहचान की दौड़ में व्यस्त हैं वहीं कुछ ऐसे भी लोग हैं जो बिना किसी दिखावे के चुपचाप अपनी भक्ति में लीन रहते हैं। बता दें यह कहानी एक ऐसे ही साधारण व्यक्ति की है जिसकी लगन और समर्पण उसे असाधारण बनाते हैं। प्रताप सिंह नगरकोटी पिछले 15 से 20 वर्षो से अपने मन में उठने वाली भावनाओं को भजनों के रूप में ढालता आ रहे है। इनके पास न कोई बड़ा मंच है और न ही कोई विशेष पहचान लेकिन भगवान के प्रति अटूट विश्वास और सच्चे दिल से की गई साधना ही इनकी सबसे बड़ी पूंजी है। जब भी मन में कोई भाव उत्पन्न होता है वह स्वत: ही शब्दों का रूप ले लेता है और धीरे-धीरे एक सुंदर भजन बन जाता है। यह प्रक्रिया किसी प्रदर्शन का हिस्सा नहींए बल्कि एक गहरी आध्यात्मिक साधना है। प्रताप सिंह



नगरकोटी ने भगवान श्रीराम, बजरंग बली, साईं बाबा, नीमकरोली महाराज, मां शेरावाली, मां नयना देवी और गणेश जी सहित कई देवी-देवताओं पर 65 से अधिक भजन रचे हैं। हर भजन में अलग. अलग भावनाओं की झलक मिलती है कहीं प्रेम, कहीं समर्पण, कहीं पुकार और कहीं कृतज्ञता। इन भजनों को यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर भी साझा किया गया है हालांकि डिजिटल युग में पहचान बनाना जितना आसान दिखता है उतना ही चुनौतीपूर्ण भी है। अब तक इन्हें वह पहचान और समर्थन नहीं मिल पाया है, जिसकी ये सच्चे मन से अपेक्षा रखते हैं लेकिन असली प्रश्न यह नहीं है कि पहचान मिली या नहीं। असली सवाल यह है कि कया भक्ति सच्ची है और इसका उत्तर है नि:स्संदेह यह सफर केवल भजन लेखन तक सीमित नहीं है बल्कि आत्मिक शांति और संतोष प्राप्त करने की एक यात्रा है। यह एक ऐसी साधना है जिसमें किसी प्रकार का लोभ नहीं बल्कि केवल प्रेम और समर्पण है।

## परिवादी पर 20 हजार का अर्थदंड

**नैनीताल।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग नैनीताल ने एक उपभोक्ता वाद में परिवादी की लगातार अनुपस्थिति पर कड़ा रुख अपनाते हुए वाद को 20 हजार रुपये के अर्थदंड के साथ खारिज कर दिया है। आयोग ने कहा कि परिवादी द्वारा लंबे समय से मामले में रुचि नहीं दिखाई जा रही थी और वह लगातार सुनवाई से अनुपस्थित चल रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोग में परिवाद संखया डीसी/ 51/सीसी/96/2024 में भवानी चंद्र पंत निवासी थपला, मंगोली नैनीताल द्वारा रैपिडोस्मार्ट ऑटोमेटिस प्रा. लि. समेत अन्य के खिलाफ वाद दायर किया गया था। मामले की सुनवाई 29 अप्रैल 2026 को हुई जिसमें परिवादी अनुपस्थित रहा। आयोग ने अपने आदेश में उल्लेख किया कि पिछली छह तिथियों से भी परिवादी की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ था। आयोग ने बताया कि परिवादी को 23 जनवरी 2026 को पंजीकृत डाक के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का नोटिस भी भेजा गया था लेकिन वह वर्तमान समय में उक्त पते पर नहीं रहते टिप्पणी के साथ वापस प्राप्त हुआ। आयोग ने माना कि परिवादी जानबूझकर वाद की पैरवी नहीं कर रहा है और ऐसे में मामले को आगे बढ़ाने का कोई औचित्य नहीं बनता। आयोग ने प्रस्तुत वाद को परिवादी की अनुपस्थिति में 20 हजार रुपये के अर्थदंड सहित खारिज एवं निस्तारित करने का आद. ेश दिया साथ ही निर्देश दिए गए कि अर्थदंड की राशि आदेश की तिथि से 45 दिनों के भीतर जिला उपभोक्ता आयोग नैनीताल के कार्यालय कोष में जमा कराई जाए। आदेश में यह भी कहा गया है कि निर्धारित समयावधि में अर्थदंड जमा नहीं करने की स्थिति में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 71 एवं 72 के तहत वसूली, कारावास और अतिरिक्त दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है।

# चेन्नई ने मुम्बई को 159 पर रोका

### नमन धीर ने शानदारफिफ्टी लगाई, अंशुल कम्बोज ने हासिल किए मुंबई के 3 विकेट



मुम्बई इंडियंस के नमन धीर अपना जुझारू अर्द्धशतक पूरा करने के बाद दर्शको का अभिवादन करते।

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल में शनिवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ 160 रन का टारगेट सेट किया है। चेपाक स्टेडियम में मुंबई के कप्तान हार्दिक पंडड़ा ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर के बाद 7 विकेट पर 159 रन बना लिए हैं। नमन धीर ने 37 बाल पर 57 रन की पारी खेली। इस पारी में 4 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। रायन रिकेल्टन ने 37 और सूर्यकुमार यादव ने 21 रन बनाए। चेन्नई की ओर से अंशुल कम्बोज ने 3 विकेट झटके। नूर अहमद को 2 विकेट मिले। रामख्रष्ण घोष और जैमी ओवर्टन को एक-एक विकेट मिला। 20वें ओवर से 13 रन आए। अंशुल कम्बोज के ओवर में जैमी ओवर्टन ने छक्का लगाया। इससे पहले अंशुल ने हार्दिक पंड्या (18 रन) को डेवाल्ड ब्रेविस के हाथों कैच कराया। हार्दिक पंड्या और कृष भगत की जोड़ी 19वें ओवर में महज 4 रन ही बना सकी। जैमी ओवर्टन ने इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं दी। 18वें ओवर की दूसरी बाल पर राबिन मिंज (5 रन) अंशुल कम्बोज की बाल पर बोल्ड हो गए। अंशुल को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने विल जैक्स (एक रन) को भी आउट किया। 17वें ओवर की 5वीं बाल पर मुंबई ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर नमन धीर 57 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जैमी ओवर्टन ने सरफराज खान के हाथों कैच कराया। 13वें ओवर की 5वीं बाल पर तिलक वर्मा (5 रन) को नूर अहमद ने कप्तान ऋतुराज गायकवाड के हाथों कैच कराया। नूर को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने रायन रिकेल्टन (37 रन) को भी पवेलियन भेजा। 12वें ओवर की पहली बाल पर शिवम दुबे से तिलक वर्मा का कैच ड्राप हो गया। कवर पर 33 यार्ड सर्कल के किनारे खड़े दुबे थोड़ा धीमे रहे। उन्हें आगे दौड़कर डाइव लगानी पड़ी और गेंद उनके हाथों में आधी वाली की तरह आकर लगी। शिवम ने दूसरा कैच ड्राप किया है। उन्होंने 7वें ओवर में नमन धीर का कैच भी ड्राप किया था। 11वें ओवर की चौथी बाल पर डेब्यू मैच खेल रहे रामख्रष्ण घोष ने सूर्यकुमार यादव (21 रन) को डेवाल्ड ब्रेविस के हाथों कैच कराया। इसी ओवर में मुंबई ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। 11वें ओवर में नमन धीर ने डेब्यू मैच खेल रहे रामकृष्ण घोष की बाल पर लगातार दो चौके लगाए। उन्होंने शुरुआती दो बाल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। 10वें ओवर में सूर्यकुमार यादव ने नूर अहमद की बाल पर लगातार दो बाउंड्री लगाई। उन्होंने दूसरी बाल पर चौका और तीसरी बाल पर छक्का लगाया।

## बुमराह व सूर्यकुमार मैच विजेता हैं, जल्दी करेंगे वापसी: जयवर्द्धने

**मुम्बई, वार्ता।** मुम्बई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्दने का मानना है कि जसप्रीत बुमराह और सूर्यकुमार यादव मैच विजेता खिलाड़ी है और ए जल्द ही वापसी करेंगे। शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुम्बई इंडियंस के मैच से पहले प्रमुख कोच महेला जयवर्दने ने एक सवाल के जवाब में यह बात कही।

जयवर्दने ने कहा कि वे दोनों मैच विजेता हैं और साथ-साथ इंसान भी हैं। वे ऐसे दौर से गुजरेंगे और उनके व्यक्तित्व की खासियत यह है कि वे वापसी करेंगे और लड़ेंगे। इसलिए हमारी बातचीत यही रहती है कि वे खुद पर ज्यादा दबाव न डालें। हम बस यही कहते हैं कि ऐसी चीजें होती हैं, हमें कोशिश जारी रखनी है। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि वे स्वयं के प्रति बहुत ईमानदार हैं और जिस तरह वे कड़ा अभ्यास करते हैं, उनका वर्क एथिक शानदार है। इसलिए हम बस लगातार आगे बढ़ रहे हैं। यही चीज कई सालों से उनके लिए काम करती आई है और यही उनकी सफलता की वजह है। कभी-कभी नतीजे वैसे नहीं आते, जैसा वे चाहते हैं। अगर हमने बीच में कुछ मैच और जीते होते, तो हम अब भी वहां होते, जहां हमें होना चाहिए था। हमारा आत्मविश्वास भी ऊंचा होता और बाकी चीजें भी बेहतर होतीं। इसलिए अब हमारे लिए हर मैच लगभग प्लेऑफ जैसा है। ए खिलाड़ी इतने प्रोफेशनल हैं कि वे इसे समझते हैं और अब और भी अधिक लड़ने के लिए तैयार होंगे। एक कोच के तौर पर मैं उनसे बस इतना ही मांग सकता हूं।

### खेल विशेष

### आचार संहिता का उल्लंघन करने पर जैमीसन को चेतावनी

**जयपुर, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज काइल जैमीसन को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ मैच नंबर 43 के दौरान, खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आईपीएल की आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए एक डिमेरिट पॉइंट मिला है और उन्हें चेतावनी दी गई है। जैमीसन को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो ऐसी भााा, हरकतें या हाव-भाव इस्तेमाल करने से संबंधित है, जो किसी दूसरे खिलाड़ी का अपमान करते हों या उससे कोई आक्रामक प्रतिक्रिया भड़का सकते हों। यह घटना पहली पारी के दूसरे ओवर में हुई, जब वैभव सूर्यवंशी को आउट करने के बाद, जैमीसन उनके बहुत करीब आ गए और आक्रामक तरीके से पेश आए।

### इंग्लिस 4 मई के मैच से पहले जुड़ेंगे टीम से

**लखनऊ, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई जॉश इंग्लिस मुंबई आ गए है और चार मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ लखनऊ सुपर जायंट्स के मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। इंग्लिस ने निजी कारणों से इस सीजन में सीमित उपलब्धता का हवाला देते हुए पंजाब किंग्स से रिटेंशन लेने से मना करके विवाद खड़ा कर दिया था। इस फैसले पर पंजाब किंग्स के मालिकों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ऑस्ट्रेलियन खिलाड़ी को अनप्रोफेशनल कहा था। लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें नीलामी में 8.6 करोड़ में खरीदा था। इंग्लिस ऐसे समय लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ जुड रहे जब उनकी टीम आठ मैचों में से दो जीत के साथ टेबल में सबसे नीचे संघार् कर रही है। इंग्लिस के आने से लखनऊ सुपर जायंट्स को मुम्बई के खिलाफ मुकाबले में मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### स्पेन वर्ल्ड कप वार्म-अप मैच में इराक से खेलेगा

**मैड्रिड, वार्ता।** स्पेन फुटबॉल फेडरेशन ने घोाणा की है कि स्पेन वर्ल्ड कप फाइनल से पहले एक और वार्म-अप मैच खेलेगा, और इस बात की पुटि की है कि यह एक फ्रेंडली मैच इराक के खिलाफ होगा। यह मैच 4 जून को डेपोर्टिवो ला कोरुना के रियाजोर स्टेडियम में खेला जाएगा। मेक्सिको जाने से पहले स्पेन का यह आखिरी मैच होगा, मेक्सिको में वे पुएब्ला में होने वाले एक और तैयारी मैच में पेरू का सामना करेंगे। मौजूदा यूरोपीय चैंपियन इस गर्मी में होने वाले वर्ल्ड कप में पसंदीदा टीमों में से एक के तौर पर उतर रहा है। हालांकि, मुख्य कोच लुइस डे ला फुएंते को चोटों से जुड़ी कई चिंताओं का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि वे 24 मई को ला लीगा सीजन खत्म होने के बाद अपनी टीम की घोाणा करने की तैयारी कर रहे हैं। बार्सिलोना के फॉरवर्ड लामिन यामल हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बाकी घरेलू सीजन से बाहर हो गए हैं।

## राहुल ने आरआर के खिलाफ 75 रन बनाकर किया ऑरेंज कैप पर कब्जा



**जयपुर, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के धाकड़ बल्लेबाज केएल राहुल ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ 75 रनों की पारी खेल कर ऑरेंज कैप पर कब्जा कर लिया है। दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने इस सीजन में तीन बार सिगल डिजिट किए हैं और एक बार 18 रन बनाए। लेकिन अपनी शो पांच पारियों में 92, 57, 37, नाबाद 152 और शुक्रवार को आआर के खिलाफ 75 रन बनाए। इसी के साथ इस सीजन में उनके कुल रन 433 हो गए हैं और वह रन बनाने वालों की सूची में शीर्ा पर पहुंच गए हैं।

आरआर के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी 400 7 रन उनसे आगे निकल सकते थे लेकिन वह मात्र चार रन बना सके और अब चौथे स्थान पर हैं। उनके और राहुल के बीच सनराइजर्स हैदराबाद के दो बल्लेबाज अभिोक शर्मा (425 रन) और हाइनरिक क्लासन (414 रन) मौजूद हैं।

इस मामले में यशस्वी जायसवाल 312 रनों के साथ दसवें स्थान पर हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विराट कोहली, गुजरात टाइटंस (जीटी) के शुभमन गिल और बी साई सुदर्शन, एसआरएच के इशान किशन, और पंजाब किंग्स के प्रभसिमरन सिंह शीर्ा दस की सूची के अन्य बल्लेबाजों में शामिल हैं।

## पंजाब टॉप स्पॉट पर अपनी पकड़ मजबूत करने के इरादे से उतरेगा



**अहमदाबाद, वाता।** पंजाब किंग्स आईपीएल 2026 में एक ऐसे मुकाम पर पहुंच गई है, जहां अब बड़े से बड़े टारगेट भी उन्हें रोकने के लिए काफी नहीं लगते। रविवार रात नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स का सामना करने की तैयारी करते हुए, पंजाब किंग्स टूर्नामेंट की सबसे निडर चेज करने वाली टीम के तौर पर अपनी साख बनाए हुए है,

एक ऐसी टीम जो 220 से ज्यादा के स्कोर को भी आसानी से चेज करने लायक बना सकती है। यह साख सिर्फ हवा-हवाई बातों से नहीं बनी है। इसे लगातार बेहत. रीन बैटिंग परफॉर्मेंस से बनाया गया है, जिसकी सबसे बड़ी मिसाल इस सीजन की शुरुआत में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पंजाब का 265 रनों का रिकॉर्ड-तोड़ चेज है। एक ऐसे फॉर्मेट में जहां कभी 200 रनों के स्कोर को छूना भी नामुमकिन माना जाता था, पंजाब किंग्स ने 'स्कोरबोर्ड प्रेशर' की परिभाा ही बदल दी है। उनकी बैटिंग की सोच ने पूरी लीग में मैचों का रुख ही बदल दिया है। अब विरोधी टीमें बड़ा स्कोर खड़ा करने के बाद जश्न नहीं मनातीं। इसके बजाय, गेंदबाजी करने वाली टीमें दूसरी पारी में इस बात से पूरी तरह वाकिफ होकर उतरती हैं कि पंजाब का एक जोरदार पावरप्ले मैच का समीकरण पल भर में बदल सकता है। पंजाब के इस अभियान में उनका यही आत्मविश्वास साफ झलकता है। वे आठ मैचों में छह जीत और एक 'नो-रिजल्ट' के साथ पॉइंट टेबल में सबसे ऊपर आराम से बैठे हैं, और उनकी ज्यादातर जीतें चेज करते हुए ही मिली हैं। इनमें से कई जीतें तो मैच खत्म होने से काफी ओवर पहले ही हासिल कर ली गईं, जो इस बात का सबूत है कि वे कितनी तेज रफ्तार से रन बना रहे हैं। प्रभसिमरन सिंह इस आक्रामक अंदाज का चेहरा बन गए हैं।

## SRH की धाकड़ बल्लेबाजी के सामने केकेआर अस्तित्व की लड़ाई लड़ेगी



**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद की विस्फोटक बैटिंग का नया इम्तिहान तब होगा, जब वे रविवार को यहां राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल 2026 के दिन के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स की मेजबानी करेंगे। इस मैच में सबकी नजर इस बात पर होगी कि क्या केकेआर टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक बैटिंग यूनिट को रोक पाएगी।

एसआरएच लगातार पांच मैच जीतकर जबरदस्त लय में है। यह उनके शुरुआती लड़खड़ाते प्रदर्शन के बाद एक शानदार वापसी है, जिसमें उन्होंने अपने शुरुआती चार में से तीन मैच गंवा दिए थे। तब से हैदराबाद की यह फ्रेंचाइजी आईपीएल की सबसे खौफनाक बैटिंग टीम बन गई है, जो टॉप ऑर्डर में लगातार आक्रामक खेल और मिडिल ऑर्डर में गहराई के दम पर अपने विरोधियों पर हावी हो रही है। उनकी ताजा मिसाल मुंबई इंडियंस के खिलाफ देखने को मिली, जब उन्होंने सिर्फ 18.4 ओवर में 244 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। इस प्रदर्शन ने इस बढ़ती धारणा को और मजबूत किया है कि एसआरएच नियमित रूप से रिकॉर्ड तोड़ने वाले स्कोर बनाने में सक्षम है। उनके हालिया पावरप्ले के आंकड़े इस दबदबे को साफ दिखाते हैं, पिछले तीन मैचों में बिना कोई विकेट गंवाए 92 रन, एक विकेट पर 89 रन और बिना कोई विकेट गंवाए 67 रन। ट्रैविस हेड और अभिोक शर्मा इस बदलाव के पीछे की मुख्य ताकत बन गए हैं। हेड ने पिछले मैच में 30 गेंदों पर ताबड़तोड़ 76 रन बनाकर अपनी पुरानी लय हासिल कर ली, जबकि अभिोक 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 425 रन बनाकर इस सीजन के सबसे बेहत. रीन बल्लेबाजों में से एक बनकर उभरे हैं। यह आक्रामकता यहीं खत्म नहीं होती। हेनरिक क्लासेन ने पारी को संभालने और उसे मजबूती से खत्म करने का सिलसिला जारी रखा है।

## लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन बनाने के लिए जडेजा को फरेरा से ऊपर भेजा गया: पराग



**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स (आर) के कप्तान रियान पराग ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन बनाने और साथ ही फिनिशर्स के लिए आधार तैयार करने के लिए रवींद्र जडेजा को डोनोवन फरेरा से ऊपर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया। शुक्रवार रात खेले गए इस मुक. ाबले में रवींद्र जडेजा को डोनोवन फरेरा से पहले बल्लेबाजी के लिए भेजने जाने के सवाल पर पराग ने कहा कि असल में लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन भी एक वजह थी।

करीब आठ-नौ ओवर बचे थे और हम फरेरा की एंट्री थोड़ी देर से कराना चाहते थे। हम स्पिनर्स के खिलाफ लगभग आठ-नौ रन प्रति ओवर लेते रहना चाहते थे, फिर जैसे ही तेज गेंदबाज, गेंदबाज करने आते, पहली गेंद से हमला करना चाहते थे। हमारी यही योजना थी।

जब 12वें ओवर में ध्रुव जुरेल आउट हुए, आरआर का स्कोर तीन विकेट पर 114 रन था। जाडेजा ने 14 गेंदों में 20 रन की पारी खेली और पराग के साथ 53 रन की साझेदारी बनाई। इसके बाद फरेरा की 14 गेंदों में 47 रन की तेज पारी ने आखिरी पांच ओवरों में टीम को 78 रन जोड़ने में मदद की और आआर का स्कोर 225 रन पहंच गया। अन्य सवाल पर पराग ने कहा कि मुझे लगता है कि यह अच्छा स्कोर था। सच कहूं तो मुझे लगा 200 के आसपास पार स्कोर था। विकेट थोड़ा धीमा होने वाला था।

## युवा सनसनी इरा जाधव सबसे महंगी खिलाड़ी बनीं

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई में शनिवार को हुई पहली टी-20 मुंबई महिला लीग नीलामी में टीनएजर इरा जाधव सबसे महंगी खिलाड़ी के तौर पर उभरीं। उन्हें आकाश टाइगर्स ने 10 लाख रुपये में खरीदा। इसके साथ ही मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने शहर में महिला क्रिकेट के एक नए दौर की शुरुआत की। नीलामी में टीमों के बीच जोरदार बोली लगी, क्योंकि फेंचाइजियों ने आने वाले पहले सीजन के लिए अपनी टीमें तय कीं।

कुल 363 खिलाड़ियों की बोली लगी, जिसमें टीमों ने युवा खिलाड़ियों और घरेलू क्रिकेट के अनुभवी खिलाड़ियों के सही तालमेल पर जोर दिया। फ्रेंच. ाइजियों ने नीलामी में कुल 1.47 करोड़ रुपये खर्च किए और 50 खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया। इरा, जिन्होंने पिछले साल अंडर-19 क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनकर सबका ध्यान खींचा था, इस नीलामी की सबसे खास खिलाड़ी रहीं। इससे यह भी पता चलता है कि यह लीग उभरती हुई प्रतिभाओं को एक मंच देने पर कितना जोर दे रही है। इससे पहले, एमसीए ने 'आइकन प्लेयर्स' के नामों की घोाणा की थी। इनमें सायली सतघरे (सोबो मुंबई फाल्कन्स), साइमा ठाकुर (ठाणे स्काई राइजर्स) और हुमैरा काजी (आकाश टाइगर्स) अपनी-अपनी टीमों की मुख्य खिलाड़ी बनीं। अन्य अहम खिलाड़ियों में, भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम की उप-कप्तान सानिका चालके को आकाश टाइगर्स ने 5-50 लाख रुपये में खरीदा। ठाणे स्काई राइजर्स ने व द्धाालि भगत (6 लाख), खुशी भाटिया (4.50 लाख) और जील डीमेलो (4.50 लाख) जैसी अहम खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया। वहीं, सोबो मुंबई फाल्कन्स ने सिमरन शेख (7 लाख), हर्ली गाला (5 लाख) और रिया चौधरी (5.50 लाख) जैसी खिलाड़ियों के साथ एक मजबूत टीम तैयार की। आकाश टाइगर्स ने फातिमा जाफर (4.25 लाख), मिताली म्हात्रे (2.75 लाख) और जिया मंद्रावड़कर (1.50 लाख) को टीम में शामिल करके अपनी टीम को और मजबूत बनाया। टी-20 मुंबई महिला लीग का मकसद शहर में महिला क्रिकेट के ढांचे को मजबूत बनाना है।

## मैड्रिड ओपन के ब्लॉकबस्टर फाइनल में सिनर से भिड़ेंगे ज्वेरेव



**मैड्रिड, वार्ता।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर के साथ एक और बड़े मुकाबले के लिए तैयार हैं। जर्मन खिलाड़ी ने शुक्रवार रात 21 साल के बेल्जियम के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ब्लॉक्स के खिलाफ 6-2, 7-5 से शांत और संयमित जीत के साथ मैड्रिड ओपन के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली, और इस टूर्नामेंट में अपने शानदार रिकॉर्ड को बनाए रखा।

स्पेन की राजधानी में अपनी 30वीं जीत के साथ, ज्वेरेव रोजर फेडरर और राफेल नडाल के बाद तीसरे ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जो मैड्रिड में चार बार फाइनल में पहुंचे हैं। ज्वेरेव ने जीत के बाद कहा कि मैं फाइनल में पहुंचकर बहुत खुश हूं। बहुत सारे कड़े मुक. ाबले हुए, खासकर टूर्नामेंट की शुरुआत में। मैं जानिक के साथ फिर से खेलने का इंतजार कर रहा हूं और एक कड़े मैच की उम्मीद कर रहा हूं। रविवार को जो बेहतर खेलेगा, वही जीतेगा। दूसरे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने क्वार्टर-फाइनल में फ्लेवियो कोबोली को सिर्फ पांच गेम गंवाकर हराया था और उसी लय को अपने अगले मुकाबले में भी जारी रखा। यह मुकाबला पहली बार मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में पहुंचे ब्लॉक्स के साथ था, जिन्होंने अप्रैल से पहले टूर-स्तर पर क्ले-कोर्ट पर कोई मैच नहीं जीता था।

शुरुआत से ही, ज्वेरेव ने अपना दबदबा बना लिया। दूसरे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने जोश भरे माहौल में ब्लॉक्स के खिलाफ जोरदार शॉट लगाए, और साथ ही लंबे समय तक चलने वाली रैलियों में भी वह ज्यादा निरंतरता दिखाने वाले खिलाड़ी साबित हुए। एक घंटा 35 मिनट के बाद, सात बार के मास्टर्स 1000 चैंपियन ने इस सीजन का अपना पहला फाइनल पक्का कर लिया और सिनर के साथ एक जानी-पहचानी भिड़ंत तय कर ली। रविवार का यह मुकाबला ज्वेरेव और सिनर के बीच लगातार पांचवीं मास्टर्स 1000 भिड़ंत है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में लापरवाही बरतने पर

# एसएसपी का एक्शनः खानपुर इंस्पेक्टर सस्पेंड

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** सखानपुर क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले को हल्के में लेना प्रभारी निरीक्षक को भारी पड़ गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए प्रभारी निरीक्षक दिगपाल सिंह कोहली को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, तीन दिन पूर्व खानपुर क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई थी। पीड़ित पक्ष ने तत्काल पूरे घटनाक्रम की जानकारी प्रभारी निरीक्षक को दी, लेकिन आरोप है कि उन्होंने मामले में गंभीरता नहीं दिखाई और कार्रवाई में ढिलाई बरती। इसके चलते आरोपी फरार हो गए। मामले की जानकारी मिलने पर एसएसपी नवनीत सिंह ने तुरंत संज्ञान लिया और संबंधित थाने को पोक्सो एक्ट सहित अन्य प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सीआईयू टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई।



सीआईयू टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। वहीं, मामले में लापरवाही बरतने पर एसएसपी ने प्रभारी निरीक्षक दिगपाल सिंह कोहली के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया। बताया जा रहा है कि लंबे समय बाद किसी प्रभारी निरीक्षक के खिलाफ इस तरह की सीधी निलंबन की कार्रवाई की गई है, जिससे पुलिस विभाग में खलबली मच गई है। आमतौर पर ऐसे मामलों में लाइन हाजिर की कार्रवाई होती थी, लेकिन इस बार कड़ा संदेश दिया गया है। इधर, खानपुर थाने की नई जिम्मेदारी साइबर सेल में तैनात गोविंद सिंह को सौंपी गई है। एसएसपी नवनीत सिंह ने स्पष्ट किया है कि नाबालिगों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण में विफल रहने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी

❖साइबर सेल में तैनात गोविंद सिंह को सौंपी खानपुर कोतवाली की जिम्मेदारी

❖कप्तान की शख्त कार्रवाई से पुलिस महकमे में मचा हड़कंप

# खानपुर पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म का एक आरोपी दबोचा

### अन्य फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी को दबिश

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को खानपुर पुलिस ने जहां धर दबोचा वहीं बाकी फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की कई टीम लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही बाकी फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

जानकारी के अनुसार थाना खानपुर पर तहरीर दी गई कि उनकी नाबालिग पुत्री को कुछ व्यक्तियों द्वारा नशीला पदार्थ सुंघाकर अगवा कर गलत कार्य किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना खानपुर पर अभियोग संख्या 85/2026 पोक्सो एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत किया गया। अभियोग में नामजद आरोपी गिरफ्तारी से बचने हेतु फरार चल रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशानुसार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व कोतवाली खानपुर व ब्न् रुड़की की संयुक्त टीमों का गठन किया गया। टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण एवं कुशल सुरागरसी/पतारसी करते हुए संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई, जिसके परिणामस्वरूप गोवधनपुर क्षेत्र के धर्मपुर से एक आरोपी सजाकत पुत्र उल्लफत, निवासी ग्राम जोग्गावाला, को पकड लिया। आरोपी के विरुध्द अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है, अन्य आरोपियों की तलाश हेतु टीमें लगातार दबिश दे रही है। पुलिस टीम में उ0नि0 सूरत शर्मा, हे0का0 गोविन्द सिंह, का0 महावीर सिंह शामिल रहे।

# भंगेड़ी रास्ता विवाद पर जगी समाधान की उम्मीद

शाह टाइम्स संवाददाता

**रूडकी।** रुड़की क्षेत्र के भंगेड़ी गांव में सेना और ग्रामीणों के बीच लंबे समय से चले आ रहे रास्ता विवाद में अब राहत की उम्मीद दिखाई देने लगी है। हाईकोर्ट की डबल बेंच द्वारा स्थानीय प्रशासन को ग्रामीणों के लिए मार्ग खुलवाने के स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बाद प्रशासनिक हलकों में तेजी आ गई है।

दरअसल, सेना ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए इस रास्ते को बंद कर रखा था, जिसके चलते गांव के लोगों को रोजमर्रा के आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों, किसान संगठनों और जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार धरना-प्रदर्शन भी किए गए। मामला पिछले कुछ वर्षों से हाईकोर्ट में लंबित था। अब अदालत के आदेश के बाद खानपुर विधायक उमेश कुमार ने ग्राम प्रधान नरेंद्र और अन्य ग्रामीणों के साथ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से मुलाकात कर इस दिशा में जल्द कार्रवाई की मांग की। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने बताया कि सेना के अधिकारियों के साथ एक दौर की वार्ता हो चुकी है और जल्द ही एक और बैठक आयोजित की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि मामले के समाधान के लिए सकारात्मक प्रयास जारी हैं। वहीं विधायक उमेश कुमार ने विश्वास जताया कि जल्द ही रास्ता खोल दिया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी और उनका आवागमन सुचारु रूप से शुरू हो सकेगा।

# क्लस्टर-7 सेंट्रल कमांड जूनियर ब्वायज फुटबाल प्रतियोगिता में एपीएस-1 रुड़की रहा विजेता

शाह टाइम्स संवाददाता

**रूडकी।** क्लस्टर-7 सेंट्रल कमांड जूनियर बॉयज (अंडर-15) फुटबॉल प्रतियोगिता 2026-27 में आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर एक रुड़की की टीम विजेता रही।

जानकारी के अनुसार दिनांक 2 मई 2026 आर्मी पब्लिक स्कूल रुड़की के तत्वाधान में आयोजित क्लस्टर 7 सेंट्रल कमांड्स जूनियर बॉयज (अंडर 15) फुटबॉल प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर एक रुड़की आर्मी पब्लिक स्कूल बीरपुर, देहरादून को दो एक से हराकर विजेता बना। इस अवसर पर प्रधानाचार्या सुश्री ऋतु डोगरा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए प्रमाण पत्र, मेडल और पारितोषिक प्रदान किया। इस प्रतियोगिता के प्रबंधन तथा तैयारी में खेल विभाग अध्यक्ष श्री सुभाष शर्मा, मनमोहन रावत तथा शालू सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं।



# दो कुंतल प्रतिबंधित मांस के साथ दो युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 200 किलो प्रतिबंधित मांस उपकरण के साथ दो युवको को गिरफ्तार किया है जबकि एक आरोपी मौका पाकर फरार हो गया।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गोवंश सरंक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

पिरान कलियर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि चेकिंग के दौरान कलियर चौक पर मुखबिर से सूचना मिली कि बाजूहेड़ी रोड स्थित ईंट भट्ठा के पास कुछ लोग गौकशी कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देख एक व्यक्ति मौके से फरार हो गया। जबकि दो लोगों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम तस्लीम और मोहम्मद शादाब निवासी मच्छी मोहल्ला, रुड़की बताए। आरोपी दोनों सगे भाई हैं। पुलिस ने मौके से 200 किलोग्राम प्रतिबंधित मांस और गोकशी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए। फरार आरोपी की पहचान सलमान निवासी बंदा रोड, मच्छी मोहल्ला के रूप में हुई है जो पहले भी गौकशी के मामले में जेल जा चुका है। पशु चिकित्सक बुलाकर मांस का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ उत्तराखंड गौवंश संरक्षण अधिनियम की धाराओ के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है।

# आसपा सांसद रावण पर अभद्र टिप्पणी पर बजरंग वाहिनी उपाध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** कस्बे में भीम आर्मी के प्रदेश महासचिव सुशील पाटिल की ओर से बजरंग वाहिनी दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार खिलाफ मिली तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

भीम आर्मी के प्रदेश महासचिव सुशील पाटिल द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, 29 अप्रैल को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। आरोप है कि इस वीडियो में बजरंग वाहिनी दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद और आजाद समाज पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह के खिलाफ अभद्र और अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है। तहरीर में शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपित ने न केवल राजनीतिक नेताओं को गाली-गलौज दी, बल्कि संपूर्ण बहुजन समाज और मुस्लिम समाज को टारगेट करते हुए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। इस वीडियो के कारण समाज के लोगों में भारी आक्रोश है और सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुँची है। सुशील पाटिल ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली झबरेड़ा को सौंपे पत्र में आरोपित के खिलाफ पंजीकृत करने की मांग की गई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उनका कहना है कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अभद्र टिप्पणी कर शांति भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# गर्मी का दुधारू पशुओं पर भी दिखने लगा असर, दूध हुआ कम

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** गर्मी शुरू होते ही दुधारू पशु गाय भैंस पर भी इसका असर पडना शुरू हो जाता है। गर्मी के मौसम में गाय भैंस दूध कम देना शुरू कर देती है ।पशु चिकित्सक का कहना है कि गर्मी में दूध देने वाले पशुओं के लिए हरा चारा तथा जौ चना व सरसों की खल आदि का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। गाय भैंस पशुपालक चौधरी बिट्टू सिंह कुलदीप बाबूराम सोराज सिंह मुनव्वर हुसैन मुख्तार अली आदि का कहना है कि गर्मी शुरू होते ही गाय भैंस कम दूध देना शुरू कोई देती है। जो गाय भैंस प्रतिदिन 10 किलो दूध देती है वह गर्मी के दिनों में सात आठ किलो दूध पर ही आ जाती है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव से एक युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने पर युवती के पिता ने गांव के ही एक युवक पर अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसे बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। झबरेड़ा थाना क्षेत्र के गांव लाठरदेवा हूण निवासी अनारसिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी पुत्री बीते 29 अप्रैल को सुबह करीब 11 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। काफी खोजबीन और रिश्तेदारों के यहाँ तलाश करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों को बाद में पता चला कि गांव का ही निवासी गौरव उनकी पुत्री को मोटरसाइकिल पर बैठाकर कहीं ले गया है। परिजनों का आरोप है कि पूर्व में भी गौरव ने युवती को की-पैड फोन देने की कोशिश की थी, जिस पर युवती के परिजनों ने गौरव और उसके पिता को समझाते हुए भविष्य में ऐसी हरकत न करने की चेतावनी दी थी। युवती के पिता ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि गौरव उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है और वह वर्तमान में उसी के कब्जे में है। परिजनों ने आशंका जताई है कि उनकी पुत्री की जान को गौरव से खतरा हो सकता है। काफी पूछताछ करने के बावजूद आरोपित पक्ष की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया है। पीड़ित परिजन ने झबरेड़ा पुलिस से गुहार लगाई है कि आरोपित गौरव के विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए और उनकी पुत्री को ईीप सकुशल बरामद किया जाए। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह का कहना है कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जहरीले फलों का खेल बेनकाब, मंडी में एफडीए का छापा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रूडकी।** उत्तराखंड में आम जनता की सेहत से खिलवाड़ का बड़ा मामला सामने आया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) की टीम ने सचिन कुर्वे के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज नई मंडी रुड़की में अचानक छापा मारकर हड़कंप मचा दिया।

जानकारी के अनुसार सुबह-सुबह पहुंची हरिद्वार एफडीए टीम ने मंडी परिसर में फल और सब्जी विक्रेताओं की दुकानों पर गहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान तरबूज, केला, खरबूज समेत कई फलों के सैंपल लिए गए और उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया। जांच के दौरान सबसे चौंकाने वाली बात तब सामने आई जब केला पकाने वाले गोदामों में इस्तेमाल हो रही गैस पर सवाल खड़े हो गए। कई स्थानों पर गैस के उपयोग के लिए वैध लाइसेंस तक मौजूद नहीं मिला। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए विभाग ने संबंधित संचालकों और कंपनियों को नोटिस थमा दिया। अधिकारियों के मुताबिक कुछ व्यापारियों ने लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया का हवाला दिया, लेकिन बिना वैध अनुमति गैस का इस्तेमाल नियमों का सीधा उल्लंघन है। विभाग ने साफ निर्देश दिए हैं कि फलों को पकाने के लिए केवल सुरक्षित एथिलीन गैस का ही प्रयोग किया जाए। इस कार्रवाई में गढ़वाल क्षेत्र के उपायुक्त आरएस रावत, दिलीप जैन, योगेंद्र पांडे और खाद्य सुरक्षा अधिकारी कैलाश शर्मा समेत पूरी टीम मौजूद रही। खाद्य सुरक्षा विभाग ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और जनता की सेहत से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं अधिकारियों की सख्त कार्यवाही को देखते हुए कुछ व्यापारी वहां से फरार हो गये। ओर पूरी मंडी में हडकंप मचा रहा। लेकिर अधिकारियों ने संदेश दिया कि जो भी फल विक्रेता फल पकाने को लेकर कैमिकल का यूज करेगा उस पर सख्त कार्यवाही होगी।


**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र प्रवेज व उसकी पत्नी तबस्सुम, फरमान, इमरान व उसकी पत्नी साहिबा, सहरान व उसकी पत्नी नगमा व अहसान का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने प्रवेज, तबस्सुम, फरमान, इमरान, साहिबा, सहरान, नगमा व अहसान को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद उक्त सभी के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

श्रीमती गुलफानी पत्नी स्व. शफक्कत नि. ग्राम बोडाहेडी थाना पथरी तह. व जिला हरिद्वार।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र कलीम का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने कलीम को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद कलीम के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

सलीम पुत्र स्व. बशीर नि. सुल्तानपुर आदमपुर, कोतवाली लक्सर, हरिद्वार।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र सूफियान का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने सूफियान को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद सूफियान के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

शकील अहमद पुत्र ऐतवार शाह नि. ग्राम सीधडू थाना लक्सर, हरिद्वार।


# अनियंत्रित ट्रक ने ली किशोरी की जान, परिजनों में कोहराम

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र के बहादरपुर फाटक के पास आज एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। स्कूल से घर लौट रही 13 वर्षीय छात्रा को एक तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद से पीड़ित परिवार में चीख-पुकार मची है और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

जानकारी के अनुसार, पायल (13 वर्ष) पुत्री टीटू, निवासी ग्राम मुटकाबाद (तहसील व थाना लक्सर), अपनी स्कूटी से परिजनों के साथ स्कूल से घर वापस लौट रही थी। जैसे ही वह बहादरपुर फाटक के समीप पहुँची, पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित भारी ट्रक ने ओवरटेक करने के प्रयास में स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पायल ट्रक के पहिए की चपेट में आ गई और उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गईहादसे की सूचना मिलते ही मुटकाबाद गांव और छात्रा के घर में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है मासूम बेटी की अचानक मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ हैघटना की सूचना मिलते ही लक्सर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित किया और शव को कब्जे में लियापुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ट्रक को कब्जे में ले लिया हैट्रक चालक और वाहन के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# स्कूटी चोरी का खुलासा दो आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रूडकी।** कोतवाली गंगनहर पुलिस ने स्कूटी चोरी के मामले का शीघ्र खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई स्कूटी भी बरामद कर ली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 02 मई 2026 को गणेशपुर, रुड़की निवासी प्रवीन कुमार ने अज्ञात चोर द्वारा उनकी स्कूटी चोरी किए जाने की शिकायत कोतवाली गंगनहर में दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा संख्या 0153/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी रुड़की के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर द्वारा टीम गठित कर मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की और मुखबिरों को सक्रिय किया। जांच के दौरान पुलिस टीम ने रुड़की स्थित नहर पटरी कब्रिस्तान के पास से दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से चोरी की स्कूटी बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सोनू (34 वर्ष) पुत्र संजय एवं बंशी (39 वर्ष) पुत्र प्रकाश चंद, निवासी इब्राहिमी थाना सरसावा, जिला सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है।

## लक्सर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, मालखाने में वर्षों से लंबित

# 51 विसरा व 146 आबकारी मालों का किया निस्तारण

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशों के अनुपालन में, लक्सर पुलिस ने थाना मालखाने में वर्षों से जमा अज्ञात शवों के विसरा और आबकारी अधिनियम के तहत जब्त किए गए सामानों के निस्तारण की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया। शनिवार को गठित कमेटी की मौजूदगी में कुल 197 मालों को नियमानुसार नष्ट किया गया। न्यायालय के आदेश पर हुई कार्रवाईमालखाने में लंबित मामलों के बोझ को कम करने और पुराने सामान के विधिक निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी लक्सर के पर्यवेक्षण में एक प्रस्ताव तैयार किया गया था। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली लक्सर के पत्राचार पर माननीय न्यायालय/उप जिलाधिकारी लक्सर ने 24 अप्रैल 2026 को कमेटी गठित कर विनिष्टीकरण (क्मेजतनबजपवद) के आदेश पारित किए थे।क्या-क्या किया गया नष्ट?आज दिनांक 02 मई 2026 को कोतवाली परिसर में गठित कमेटी के समक्ष निम्नलिखित मालों का विधि-विधान से निस्तारण किया गया: अज्ञात शवों के विसरा 51 मामलों से संबंधित कुल 96 जार। आबकारी अधिनियम अवैध शराब व अन्य संबंधित 146 माल। कुल संख्या: 197 इकाइ निस्तारण कमेटी के मुख्य सदस्यइस विनिष्टीकरण प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए गठित कमेटी में निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे। लक्सर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लक्सर अभियोजन अधिकारी, लक्सरसक्रिय पुलिस टीमइस पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में व0उ0नि0 श्री नितिन चौहान एवं मालखाना मोहर्रिर हे0का0 दिनेश चन्द्र की मुख्य भूमिका रही। पुलिस प्रशासन के अनुसार, इस कदम से मालखाने में जगह की कमी दूर होगी और लंबित केसों के रिकॉर्ड को अद्यतन करने में सहायता मिलेगी।



# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की आवाज बुलंद करने पर शहजाद विधायक का जताया आभार

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** विधानसभा सत्र के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ज्वलंत समस्याओं और उनके अधिकारों की मांग को प्रमुखता से सदन के पटल पर रखने के लिए श्उत्तरांचल राज्यआंगनबाड़ी कर्मचारी पंचायत ने क्षेत्रीय विधायक भाई शहजाद के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है। प्रमुख मुद्दों पर सदन काध्यानखींचासंगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि विधायक शहजाद ने सदन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से जुड़े निम्नलिखित महत्वपूर्ण विषयों को मजबूती से उठाया कार्यकर्ताओं को स्थायी सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने का मुद्दा। कार्यक्षेत्र में सुधार और बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता।सम्मानजनक व्यवहार समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली महिलाओं को उचित सम्मान और सुरक्षामहिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदमबहुजन समाज पार्टी (ठैच्) के नगर अध्यक्ष (नगर पंचायत सुल्तानपुर) जावेद खत्री ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि विधायक जी द्वारा आंगनबाड़ी बहनों की आवाज उठाना केवल एक राजनीतिक कर्तव्य नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के प्रति उनकी सच्ची प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हमें पूर्ण विश्वास है कि विधायक शहजाद भविष्य में भी सदन के भीतर और बाहर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के हितों की रक्षा के लिए इसी प्रकार संघर्षरत रहेंगे। जावेद खत्री, नगर अध्यक्ष (बसपा), सुल्तानपुर संगठन में उत्साह की लहरविधायक की इस प्रभावी पैरवी के बाद उत्तरांचल राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी पंचायत के सदस्यों में उत्साह देखा जा रहा है संगठन ने उम्मीद जताई है कि सरकार इन मांगों पर जल्द ही कोई सकारात्मक निर्णय लेगी जिससे प्रदेश की हजारों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को राहत मिल सकेगी




**भगवानपुर में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

**आशू मलिक** (संवाददाता भगवानपुर)
**कार्यालय :** जिला पंचायत मार्किट भगवानपुर,
मोबाइल नं0 9761496669



नागपुर। महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड एचएससी कक्षा 12 के परिणाम घोषित होने के बाद जश्न मनाते छात्र।

## अमेरिका नए प्रस्ताव मानता है, तो ईरान पाक में बातचीत को तैयार

**वॉशिंगटन।** ईरान ने कहा है कि अगर अमेरिका उसका नया प्रस्ताव मानने को तैयार है तो वह अगले हफ्ते की शुरुआत में पाकिस्तान में बातचीत करने के लिए तैयार है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर अमेरिका हमले रोकने और ईरानी तटों की नाकाबंदी हटाने की गारंटी देता है, तो तेहरान होर्मुज जलमार्ग खोलने के लिए अपनी शर्तों पर बात करने की पेशकश कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस प्रस्ताव में अमेरिका के प्रतिबंध में ढील के बदले ईरानी परमाणु कार्यक्रम से जुड़े मामलों पर बात करने का प्रस्ताव है।

# ईरान के बाद क्यूबा पर 'तत्काल कब्जे' की तैयारी

## ट्रम्प ने दिए संकेत, अमेरिका इस कैरेबियाई देश की और भेज सकता है अपने बेड़े

**फ्लोरिडा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने क्यूबा पर 'तत्काल कब्जा' करने की घोषणा करते हुए संकेत दिया कि 'ईरान के साथ मिशन पूरा होने' के बाद अमेरिका इस कैरेबियाई राष्ट्र की ओर अपने नौसैनिक बेड़े भेज सकता है।

ट्रम्प ने ये टिप्पणियां फ्लोरिडा में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान कीं। इससे पहले उन्होंने क्यूबा सरकार और उससे जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ प्रतिबंधों का विस्तार करने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। ट्रम्प ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों की हंसी के बीच कहा कि क्यूबा नामक एक स्थान है, जिस पर हम लगभग तुरंत नियंत्रण कर लेंगे। क्यूबा की अपनी समस्याएं हैं। पहले हम एक काम खत्म करेंगे--- मुझे पहले एक काम पूरा करना पसंद है। उन्होंने अपनी पुरानी बातों को दोहराते हुए कहा कि क्यूबा के खिलाफ कोई भी कार्रवाई ईरान के साथ जारी अमेरिका-इजरायल युद्ध के बाद की जा



■ हंसी के बीच कहा: क्यूबा नामक एक स्थान है, जिस पर हम लगभग तुरंत नियंत्रण कर लेंगे

सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सुझाव दिया कि अमेरिका द्वीप राष्ट्र (क्यूबा) के पास अपना एक विमानवाहक पोत तैनात कर सकता है।

उन्होंने कहा कि ईरान से वापसी के रास्ते में, हमारे पास अपने बड़े विमानवाहक पोतों में से एक होगा। शायद 'यूएसएस अब्राहम लिंकन', जो दुनिया में सबसे बड़ा है। हम उसे वहां भेजेंगे, जो तट से महज 100 गज की दूरी पर रुकेगा। वे (क्यूबावासी) कहेंगे, 'आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। हम आत्मसमर्पण करते हैं। मुझे काम पूरा करना पसंद है। इस बीच, व्हाइट हाउस द्वारा जारी एक विस्त ऋत विवरण (फैक्ट शीट) में कहा गया है कि नए प्रतिबंधों का उद्देश्य कथित मानवाधिकारों के उल्लंघन, शत्रुतापूर्ण ताकतों को समर्थन, आतंकवाद और क्षेत्रीय अस्थिरता के लिए क्यूबा सरकार और उसके समर्थकों को जवाबदेह ठहराना है। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि क्यूबा सरकार की नीतियां और कार्य अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक असामान्य और असाधारण खतरा बने हुए हैं। ये नीतियां स्वतंत्र और लोकतांत्रिक समाजों के नैतिक और राजनीतिक मूल्यों के भी विरुद्ध हैं। ये प्रतिबंध क्यूबा के सुरक्षा तंत्र से जुड़े व्यक्तियों, संस्थाओं और भ्रष्टाचार या गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन में शामिल लोगों को लक्षित करते हैं। दूसरी ओर, क्यूबा सरकार ने इन प्रतिबंधों को सिरे से खारिज करते हुए इन्हें 'एकतरफा दमनकारी उपाय' बताया है, जिसका उद्देश्य क्यूबा के लोगों को सामूहिक सजा देना है। क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिग्ज ने कहा कि ये उपाय संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन हैं और अमेरिका को क्यूबा या किसी तीसरे देश पर प्रतिबंध लगाने का कोई अधिकार नहीं है। उल्लेखनीय है कि इसी सप्ताह मेक्सिको, स्पेन और ब्राजील ने भी क्यूबा की 'गंभीर स्थिति' और वहां गहराते मानवीय संकट पर चिंता व्यक्त की थी। वहीं, अमेरिकी सीनेट ने उस प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया है, जिसमें राष्ट्रपति ट्रम्प को कांग्रेस की पूर्व स्वीकृति के बिना क्यूबा के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू करने से रोकने का प्रावधान था।

# ईरान-अमेरिका के बीच फिर छिड़ सकता है युद्ध

## तेहरान ने अमेरिका पर समझौतों के उल्लंघन का लगाया आरोप, सैन्य तैयारियां तेज कर दी गई

तेहरान। ईरान के सैन्य मुख्यालय ने चेतावनी जारी की है कि ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध फिर से शुरू होने की 'प्रबल आशंका' है। मुख्यालय ने कहा कि उपलब्ध साक्ष्यों से यह स्पष्ट होता है कि अमेरिका किसी भी समझौते या संधि के प्रति प्रतिबद्ध नहीं है।

ईरानी सैन्य अधिकारियों के अनुसार, यदि युद्ध दोबारा शुरू होता है, तो उसका कड़ा जवाब देने के लिए सैन्य तैयारियां तेज कर दी गई हैं। 'खातम अल-अंबिया' केन्द्रीय मुख्यालय के उप प्रमुख मोहम्मद जाफर असदी ने 'फारस न्यूज एजेंसी' द्वारा जारी एक बयान में कहा कि हालिया अमेरिकी कार्रवाइयां और बयान राजनयिक समझ की कमी और समझौतों के प्रति उनकी अनिच्छा को दर्शाते हैं। असदी ने कहा कि ईरान की सेना किसी भी संभावित तनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि रणनीतिक आकलन बताते हैं कि अमेरिका के कदमों के कारण आने वाले समय में तनाव और बढ़ सकता है। ईरानी अधिकारियों का दावा है कि उन्होंने इस्लामाबाद में हुई पहले दौर की वार्ता और उसके बाद युद्धविराम चर्चाओं के दौरान पर्याप्त लचीलापन दिखाया था, लेकिन अमेरिका ने इसके बदले सकारात्मक रुख नहीं अपनाया। ईरान का



■ ईरानी सैन्य अधिकारियों ने कहा: यदि युद्ध दोबारा शुरू होता है, तो उसका कड़ा जवाब देने के लिए सैन्य तैयारियां तेज कर दी गई हैं

आरोप है कि जब भी उसने अपना रुख नरम किया, अमेरिका ने दबाव और आक्रामक मांगें बढ़ा दीं। अपुष्ट रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के उस प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया जिसमें नाकेबंदी हटाने के प्रावधानों सहित कुछ अन्य रियायतें शामिल थीं। ईरानी पक्ष का कहना है कि परमाणु मामले जैसे अन्य बड़े मुद्दों पर चर्चा करने से पहले होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति और प्रतिबंधों में राहत जैसे विषयों पर बात होनी चाहिए। अधिकारियों ने अमेरिकी रुख की आलोचना करते हुए कहा कि वाशिंगटन वार्ता नहीं, बल्कि 'आत्मसमर्पण' चाहता है, जो ईरान को कतई स्वीकार्य नहीं है। दूसरी ओर, राष्ट्रपति ट्रंप ने अपना कड़ा रुख बरकरार रखा है। ट्रंप ने फ्लोरिडा में एक कार्यक्रम के दौरान ईरान के नवीनतम प्रस्ताव को 'अस्वीकार्य' बताते हुए खारिज कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि पश्चिम एशिया, इजरायल और यूरोप की सुरक्षा के लिए ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ट्रंप ने कहा कि हमने अभी ईरान के साथ बातचीत की है, देखते हैं क्या होता है। लेकिन मैं खुश नहीं हूं। वे ऐसी चीजें मांग रहे हैं जिनसे मैं सहमत नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हमारे पास विकल्प मौजूद हैं। या तो आप उन पर हमला करके उन्हें हमेशा के लिए खत्म कर दें, या समझौता करने की कोशिश करें। मानवीय आधार पर मैं सैन्य हमले के बजाय समझौते को प्राथमिकता दूंगा, लेकिन सैन्य विकल्प अभी भी मेज पर है। ट्रंप ने ईरान के भीतर नेतृत्व के स्तर पर मतभेदों को प्रगति में बाधा बताया और कहा कि ईरानी सैन्य नेतृत्व पूरी तरह भ्रमित और बिखरा हुआ है। उन्होंने मीडिया के साथ बातचीत में कहा कि अभी हमारी बातचीत चल रही है। लेकिन बात बन नहीं पा रही है, यह बहुत ही बिखरी हुई है। बेहद बिखरी हुई। वे नेता के तौर पर एक-दूसरे के साथ तालमेल नहीं बिठा पा रहे हैं। उन्हें पता ही नहीं है कि नेता कौन है। इस बीच, संवर्धित यूरेनियम को लेकर भी विवाद बना हुआ है। अमेरिका चाहता है कि ईरान अपना यूरेनियम उसे सौंप दे, जबकि रूस और चीन ने इसे अपने पास रखने की पेशकश की है।

## अमेरिका ने ईरान के तेल व्यापार से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क पर लगाए प्रतिबंध

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के पेट्रोलियम निर्यात नेटवर्क के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। अमेरिका ने उन कंपनियों, व्यक्तियों और जहाजों को लक्षित करते हुए नए प्रतिबंधों की घोषणा की है, जिन पर देश के अवैध तेल व्यापार को सुगम बनाने का आरोप लगाया गया है। अमेरिका का कहना है कि इस व्यापार से प्राप्त धन का उपयोग क्षेत्रीय गतिविधियों को अस्थिर करने और आतंकवाद के लिए किया जा रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि इन ताजा उपायों का मुख्य उद्देश्य प्रतिबंधित ईरानी कच्चे तेल की आवाजाही के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले जटिल बचने की प्रणालियों को बाधित करना है। इसमें एक जहाज से दूसरे जहाज में तेल का स्थानांतरण और तथाकथित 'डार्क फ्लीट' ऑपरेशन शामिल हैं, जो कार्गो के स्रोत और गंतव्य को छिपाते हैं। अमेरिकी सरकार ने कहा कि ये उपाय ईरान पर आर्थिक दबाव बढ़ाने की व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं। इसके तहत ईरान की ऊर्जा निर्यात जीवनरेखा और उसे समर्थन देने वाले अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्कों को निशाना बनाया जा रहा है। विदेश विभाग ने कहा कि जब तक ईरान अपनी अस्थिर करने वाली गतिविधियों के वित्तपोषण के लिए तेल राजस्व उत्पन्न करने का प्रयास करेगा, तब तक अमेरिका ईरान और उसके प्रतिबंधों से बचने वाले भागीदारों, दोनों को जवाबदेह ठहराना जारी रखेगा। अधिकारियों ने यह भी दोहराया कि प्रतिबंधों का उद्देश्य स्थायी सजा देना नहीं, बल्कि व्यवहार में बदलाव लाना है।

# अमेरिका ने इजरायल कतर को वायु रक्षा प्रणाली की ब्रिकी को दी मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपने दो प्रमुख साझेदारों इजरायल और कतर को बड़े रक्षा पैकेज की संभावित बिक्री को मंजूरी दे दी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने इजरायल को लगभग 99.24 करोड़ डॉलर मूल्य की 10,000 एडवांस्ड प्रिसिजन किल वेपन सिस्टम्स (एपीकेडब्ल्यूएस) और कतर को 4.01 अरब डॉलर के पैट्रियट एयर एंड मिसाइल डिफेंस पैकेज की अनुमति दी है।

अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, इजरायल को प्रस्तावित सौदे के तहत 10000 एपीकेडब्ल्यूएस और उससे संबंधित सैन्य उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। यह सौदा लगभग 99.24 करोड़ डॉलर का है। एपीकेडब्ल्यूएस एक लेजर-गाइडेड प्रिसिजन सिस्टम है, जिसे पारंपरिक रॉकेटों को अधिक सटीक हमला क्षमता देने के लिए विकसित किया गया है। इसे कम लागत वाले लेकिन उच्च-सटीकता वाले हथियार विकल्प के रूप में देखा जाता है, जो ड्रोन, हल्के सैन्य वाहनों और

■ यह सौदा लगभग 99.24 करोड़ डॉलर का है

सीमित दायरे के लक्ष्यों के खिलाफ प्रभावी माना जाता है। दूसरी ओर, कतर को प्रस्तावित रक्षा पैकेज में कुल 500 पैट्रियट मिसाइलें शामिल हैं, जिनमें 200 पीएसी-2 मार्गदर्शन संवर्धित मिसाइल-सामरिक और 300 पीएसी-3 मिसाइल खंड संवर्धन मिसाइलें शामिल हैं। पीएसी-2 और पीएसी-3 दोनों पैट्रियट प्रणाली के उन्नत संस्करण हैं, जिनका उपयोग बैलिस्टिक मिसाइल, क्रूज मिसाइल और हवाई खतरों से सुरक्षा के लिए किया जाता है। विशेष रूप से पीएसी-3 को आधुनिक मिसाइल इंटरसेप्शन क्षमता के लिए अधिक उन्नत माना जाता है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि यह बिक्री कतर की वायु सुरक्षा क्षमताओं को मजबूत करेगी और क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को बढ़ाएगी। यह रक्षा मंजूरी ऐसे समय आई है जब पश्चिम एशिया पहले से ही गंभीर सैन्य तनाव के दौर से गुजर रहा है।

# ईरान के साथ समझौता न हो तो बेहतर: ट्रम्प

**वेस्ट पाम बीच।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अगर ईरान के साथ समझौता न हो तो वही अमेरिका के लिए बेहतर होगा। ट्रम्प ने शुक्रवार शाम यहां एक कार्यक्रम में भाषण देते हुए संकेत दिया कि यदि वार्ता अमेरिका की शर्तों के अनुरूप नहीं होती, तो समझौता न होना भी बेहतर हो सकता है।

उन्होंने कहा कि साफ कहूं तो शायद बिना किसी समझौते के हम बेहतर स्थिति में हों। सच जानना चाहते हैं? क्योंकि हम इसे ऐसे ही जारी नहीं रहने दे सकते। यह बहुत लंबे समय से चल रहा है। इससे पूर्व, ट्रम्प ने फ्लोरिडा रवाना होने से पहले मीडिया से कहा था कि संघर्ष समाप्त करने के उद्देश्य से ईरान के नवीनतम प्रस्ताव से वह संतुष्ट नहीं हैं। कार्यक्रम में उन्होंने दोहराया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कोई

■ साफ कहूं तो शायद बिना किसी समझौते के हम बेहतर स्थिति में हों: ट्रम्प

समझौता होगा या नहीं, लेकिन यदि बातचीत विफल रही तो अमेरिका कठोर सैन्य कदम उठा सकता है। ट्रम्प ने कहा कि वे समझौता करना चाहते हैं, लेकिन मैं उससे संतुष्ट नहीं हूं, इसलिए देखते हैं क्या होता है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि वार्ता असफल रही, तो वह ईरान को उड़ा देंगे। ईरानी कार्गो जहाज की हालिया जब्ती का उल्लेख करते हुए ट्रम्प ने अमेरिकी कार्रवाई का वर्णन असामान्य अंदाज में किया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी नौसेना ने जहाज को रोका, फिर टगबोट्स की मदद से नियंत्रण में लिया और उस पर कब्जा कर लिया। उन्होंने कहा कि जहाज रुक गया।

## अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन की वैश्विक कार्बन कर योजना का विरोध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने सहयोगी समुद्री देशों के गठबंधन के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन द्वारा प्रस्तावित नेट-जीरो फ्रेमवर्क का विरोध किया है। उसने तर्क दिया है कि यह एक वैश्विक कार्बन टैक्स के रूप में कार्य करेगा जो अमेरिकी उपभोक्ताओं, जहाजरानी उद्योगों और व्यापक आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचा सकता है। आईएमओ समुद्री पर्यावरण संरक्षण समिति के 84वें सत्र में अमेरिका फर्स्ट नीतिगत दृष्टिकोण के साथ काम कर रहे अमेरिकी राजनयिकों ने विवादित एनजेडएफ संरचना को अपनाने के बजाय वैकल्पिक प्रस्तावों पर चर्चा करने पर बल दिया। अमेरिका ने एनजेडएफ को दृढ़ता से खारिज कर दिया, इसे एक त्रुटिपूर्ण प्रस्ताव बताया जो वैश्विक नौवहन एवं ऊर्जा क्षेत्रों पर अत्यधिक लागत थोपेगा।


# जर्मनी से नाराज ट्रम्प ने 5000 सैनिक वापस बुलाए

## जर्मन चांसलर ने कहा था: ईरान ने अमेरिका की बेइज्जती की, अमेरिका की प्लानिंग भी बेकार

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने जर्मनी से करीब 5000 सैनिक हटाने का फैसला किया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह प्रक्रिया अगले 6 से 12 महीनों में पूरी होगी। यह कदम सीधे तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के बीच बयानबाजी के बाद सामने आया है। मर्ज ने पिछले महीने एक कार्यक्रम में कहा था कि अमेरिका के पास कोई अच्छी प्लानिंग नहीं है।

उसे पता ही नहीं है कि वह इस जंग से बाहर कैसे निकलेगा। उन्होंने कहा कि ईरान बातचीत को टालने में माहिर है और अमेरिका को बिना नतीजे के इस्लामाबाद तक आना-जाना पड़ा। इससे अमेरिका को ईरान के सामने अपमानित होना पड़ा। इससे ट्रम्प नाराज हो गए थे। उन्होंने मर्ज को लेकर कहा कि वे बहुत खराब काम कर रहे हैं। उनको लगता है कि ईरान के पास परमाणु हथियार होना अच्छी बात है। उन्हें हकीकत की समझ नहीं है। मुताबिक दिसम्बर तक

■ यह कदम सीधे तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के बीच बयानबाजी के बाद सामने आया



जर्मनी में 36,000 से ज्यादा अमेरिकी सैनिक तैनात थे। यह संख्या जापान के बाद दूसरी सबसे बड़ी तैनाती है, जहां करीब 55,000 अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं। इसके अलावा इटली में करीब 12,000 और ब्रिटेन में लगभग 10,000 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। जर्मनी में अमेरिकी सैन्य ठिकाने लंबे समय से यूरोप में अमेरिका की रणनीतिक मौजूदगी का अहम हिस्सा रहे हैं। हालांकि, अमेरिका और यूरोपीय देशों के बीच ईरान को लेकर तनाव बढ़ा हुआ है। यूरोपीय देशों ने ईरान जंग में ट्रम्प का साथ देने के लिए कई बार इन्कार किया है। जिसके बाद ट्रम्प आरोप लगाते आए है कि यूरोपीय देश केवल कागजी शेर है क्योंकि समय पर वह कभी काम नहीं आते। इसी बीच ट्रम्प ने इटली और स्पेन से भी सैनिक हटाने का संकेत दिया है। उनका कहना है कि ये देश ईरान के खिलाफ अमेरिका का साथ नहीं दे रहे हैं, जिससे नाटो के भीतर मतभेद बढ़ते दिख रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इससे पहले भी जर्मनी से सैनिक हटाने की बात कर चुके हैं। तब उन्होंने जर्मनी को दिवालिया कहा था क्योंकि वह नाटो के तय 2 प्रतिशत रक्षा खर्च लक्ष्य से पीछे था। तब उन्होंने 12,000 सैनिकों को हटाने की योजना बनाई थी, लेकिन अमेरिकी संसद के विरोध और लाजिस्टिक दिक्कतों के कारण यह लागू नहीं हो पाई। बाद में राष्ट्रपति जो बाइडन ने 2021 में इस योजना को रोक दिया और फिर रद्द कर दिया। पिछले साल अमेरिका ने रोमानिया में भी अपने सैनिकों की संख्या कम करने का फैसला लिया था। दरअसल, ट्रम्प अमेरिकी सैनिकों को यूरोप से हटाकर एशिया-प्रशांत क्षेत्र में शिफ्ट करना चाहते हैं ताकि चीन के खतरों से निपटा जा सके। जर्मनी में 36000 इटली में 12,000 और ब्रिटेन में लगभग 10,000 अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं। जर्मनी में अमेरिकी सेना की मौजूदगी 1945 से शुरू हुई, जब नाजी जर्मनी की हार के बाद अमेरिका ने वहां कब्जा कर लिया था। दूसरे विश्व युद्ध के तुरंत बाद वहां करीब 16 लाख अमेरिकी सैनिक तैनात थे, हालांकि 1 साल के बाद वहां 3 लाख सैनिक रह गए।

# ईरान के खिलाफ युद्ध खत्म हो चुका है

## 60 दिन की समय सीमा पूरी होने पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने संसद को दी जानकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संसद को बताया है कि ईरान के खिलाफ चल रहा युद्ध खत्म हो गया है। ट्रम्प ने ईरान युद्ध की 60 दिन की कानूनी समयसीमा खत्म होने के बाद सांसदों को यह जानकारी दी।

पालिटिको के अनुसार, ट्रम्प ने सांसदों को लिखे एक पत्र में कहा कि 7 अप्रैल 2026 के बाद से अमेरिका और ईरान के बीच कोई गोलीबारी नहीं हुई है। उन्होंने आगे कहा कि 28 फरवरी 2026 को शुरू हुई शत्रुता अब समाप्त हो चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह कदम ईरान युद्ध को जारी रखने के लिए कांग्रेस की मंजूरी की जरूरत के विवाद को शांत करने की कोशिश माना जा रहा है। अमेरिका में 1973 में पारित श्वार पावर्स रिजोल्यूशन के तहत राष्ट्रपति को सैन्य कार्रवाई की सूचना कांग्रेस को देने के बाद 60 दिनों के भीतर उसे समाप्त करना होता है, जब तक कि कांग्रेस आगे की कार्रवाई को मंजूरी न दे। अमेरिका और इस्राइल ने 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया था। ट्रम्प प्रशासन ने 2 मार्च को औपचारिक रूप से कांग्रेस को इसकी जानकारी दी थी, जिसके बाद 60 दिन की समयसीमा 1 मई को समाप्त हो गई। राष्ट्रपति ट्रम्प ने भले ही 1 मई को सांसदों को दी जानकारी में ईरान युद्ध समाप्त होने की बात कही है, लेकिन अभी भी इसे लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि वह ईरान के मौजूदा प्रस्तावों से संतुष्ट नहीं हैं, हालांकि कूटनीति और सैन्य कार्रवाई दोनों विकल्प खुले हैं। पत्रकारों से बातचीत में ट्रम्प ने कहा कि वे समझौता करना चाहते हैं, लेकिन मैं उससे संतुष्ट नहीं हूं, इसलिए देखना होगा कि आगे क्या होता है। उन्होंने ईरान के नेतृत्व को बिखरा हुआ बताया और कहा कि इसी वजह से सहमति नहीं बन पा रही है। ट्रम्प ने कहा कि वे समझौता करना चाहते हैं, लेकिन वे पूरी तरह उलझे हुए हैं। ट्रम्प ने दावा किया कि ईरानी नेतृत्व काफी असंगठित है और अंदरूनी मतभेदों से घिरा हुआ है। ट्रम्प के मुताबिक, आंतरिक मतभेदों के कारण तेहरान की बातचीत की स्थिति कमजोर हो रही है।

## एडमिरल त्रिपाठी म्यांमार यात्रा पर समुद्री सहयोग बढ़ाने पर करेंगे बात

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी शनिवार से चार दिन की म्यांमार यात्रा पर हैं जहां वह रक्षा मंत्री सहित वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ समुद्री क्षेत्र में सहयोग बढ़ने पर चर्चा करेंगे। नौसेना ने बताया है कि एडमिरल त्रिपाठी आज से 5 मई तक म्यांमार की चार दिन की आधिकारिक यात्रा पर हैं।

इस दौरान वह म्यांमार सशस्त्र बलों के कमांडर- इन- चीफ जनरल ए विन ऊ, म्यांमार के रक्षा मंत्री जनरल यू हटुन आंग और म्यांमार नौसेना के कमांडर-इन-चीफ एडमिरल हेटिन विन के साथ-साथ म्यांमार सशस्त्र बलों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इन वार्ताओं से द्विपक्षीय समुद्री सहयोग की समीक्षा करने, परिचालन स्तर पर संबंधों को मजबूत करने और दोनों नौसेनाओं के बीच सहयोग के नए रास्ते तलाशने का अवसर मिलेगा। उनकी यात्रा के कार्यक्रम में म्यांमार नौसेना की केंद्रीय नौसेना कमान, नौसेना प्रशिक्षण कमान और प्रथम बेड़े में कार्यक्रम और म्यांमार सशस्त्र बलों के शहीद नायकों के युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करना शामिल हैं। इन कार्यक्रमों में रक्षा सहयोग से संबंधित कई विषयों पर चर्चा होगी, जिनमें समुद्री सुरक्षा, क्षमता विकास, क्षमता संवर्धन और प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। भारतीय नौसेना रक्षा सहयोग बैठकों, स्टाफ वार्ताओं, प्रशिक्षण आदान-प्रदान और भारत-म्यांमार नौसेना अभ्यास , भारत-म्यांमार समन्वित गश्त , बंदरगाह के दौरों और जल सर्वेक्षणों सहित परिचालन संबंधी गतिविधियों के माध्यम से म्यांमार नौसेना के साथ नियमित रूप से संपर्क में रहती है।

## पुलवामा में आतंकी सहयोगी गिरफ्तार हथियार व ग्रेनेड बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी सहयोगी को गिरफ्तार कर उसके पास से हथियार और ग्रेनेड बरामद किए हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलवामा पुलिस ने 44 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) शादिमर्ग और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 183वीं बटालियन के साथ मिलकर एक संयुक्त अभियान में एक आतंकवादी सहयोगी को धर दबोचा। उन्होंने बताया कि यह अभियान सीबी नाथ रोड स्थित कासबयार में चलाया गया, जहां संयुक्त टीम ने काचीपोरा निवासी संदिग्ध मोहम्मद उमर मलिक को गिरफ्तार किया।

# पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने में जुटी है सरकार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर एलपीजी सिलेंडर की कमी को देखते हुए सरकार पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने में लगी है और अब तक लगभग 5.96 लाख पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन चालू किए गए हैं तथा अतिरिक्त 2.68 लाख कनेक्शनों के लिए बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है, साथ ही लगभग 6.66 लाख नए ग्राहकों ने कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पश्चिम एशिया संकट के बारे में एक वक्तव्य जारी कर बताया कि खाड़ी क्षेत्र में बदलती स्थिति के मद्देनजर, सरकार ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री संचालन और क्षेत्र में मौजूद भारतीय नागरिकों की सहायता

■ प. एशिया संकट के मद्देनजर एलपीजी की कमी से निपटने की कवायद तेज

सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से समन्वित कदम उठा रही है। वक्तव्य में कहा गया है कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के बावजूद, सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि घरेलू एलपीजी, घरेलू पीएनजी और सीएनजी (परिवहन) को 100 प्रतिशत आपूर्ति की जाए। कमर्शियल एलपीजी के लिए अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा औषधि, इस्पात, ऑटोमोबाइल, बीज, कृषि आदि क्षेत्रों को भी प्राथमिकता दी जा रही है।

# फिल्म एक दिन की कहानी से गहरा है मेरा कनेक्शन : आमिर

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार और फिल्मकार आमिर खान का मानना है कि फिल्म एक दिन उनके अपने व्यक्तित्व का हिस्सा दिखाती है। आमिर खान प्रोडक्शन्स की आने वाली फिल्म एक दिन को लेकर काफी चर्चा है। यह एक प्यारी और दिल को छू लेने वाली लव स्टोरी है। फिल्म में जुनैद खान एक शर्मीले लड़के का किरदार निभा रहे हैं जिसे साईं पल्लवी जैसी कॉन्फिडेंट लड़की से प्यार हो जाता है, लेकिन आमिर खान का मानना है कि यह फिल्म उनके अपने व्यक्तित्व का हिस्सा दिखाती है। जुनैद खान के किरदार से खुद को जोड़ते हुए आमिर खान ने कहा, यह कहानी एक ऐसे लड़के की है जो काफी संकोची है, यानी उसे खुद पर भरोसा नहीं है। उसे लगता है कि वो किसी लड़की से कैसे बात करे। जब मैं 16, 17, 18 साल का था, तो मैं भी ऐसा ही था। मैं बहुत शर्मीला था और मुझे लगता था कि लड़कियां मेरी तरफ ध्यान नहीं देतीं, इसलिए मुझे लगा कि मुझे जीवन में कोई नहीं मिलेगा। फिल्म का हीरो भी यही सोचता है कि कोई लड़की उसे पसंद नहीं करेगी। इसलिए जब मैंने यह कहानी सुनी, तो मुझे लगा कि यह मेरी कहानी है। फिल्म एक दिन के जरिए आमिर खान और फिल्ममेकर मंसूर खान की मशहूर जोड़ी एक बार फिर साथ आई है। इससे पहले उन्होंने कयामत से कयामत तक, जो जीता वही सिकंदर, अकेले हम अकेले तुम और जाने तू या जाने ना जैसी यादगार फिल्में दी हैं। अब इस फिल्म के साथ वे रोमांस जॉनर में वापस आ रहे हैं, जिसे लेकर फैंस बहुत उत्साहित हैं। आमिर खान प्रोडक्शन्स की इस फिल्म में साई पल्लवी और जुनैद खान मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन सुनील पांडे ने किया है और इसे आमिर खान, मंसूर खान तथा अपर्णा पुरोहित ने प्रोड्यूस किया है।

## आमिर खान, जुनैद खान, साई पल्लवी संग एक दिन टीम ने शेयर किया खुशी का पल

**मुंबई।** फिल्म एक दिन के मेकर्स ने टीम के साथ एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है, जिसमें सभी खुशी के पल बिताते नजर आ रहे हैं। आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म एक दिन सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इसके ट्रेलर और गानों ने पहले ही अच्छा माहौल बना दिया था, और अब फिल्म उम्मीदों पर खरी उतरते हुए दर्शकों का दिल जीत रही है। इसी बीच मेकर्स ने टीम के साथ एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है, जिसमें सभी खुशी के पल बिताते नजर आ रहे हैं। जैसे ही एक दिन सिनेमाघरों में रिलीज हुई, मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पूरी टीम की एक तस्वीर शेयर की, जिसमें सभी साथ बैठकर खुशियों भरा पल एंजॉय करते दिखे। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, ऐसे पलों से एक ऐसी कहानी तक जिससे आप प्यार करेंगे। एक दिन अब सिनेमाघरों में है। एक दिन के जरिए आमिर खान और फिल्ममेकर मंसूर खान लंबे समय बाद फिर साथ आए हैं, जिससे हिंदी सिनेमा की सबसे पसंदीदा क्रिएटिव जोड़ियों में से एक की वापसी हुई है। दोनों ने साथ मिलकर दर्शकों को कयामत से कयामत तक, जो जीता वही सिकंदर, अकेले हम अकेले तुम और जाने तू या जाने ना जैसी यादगार फिल्में दी हैं। अब एक दिन के साथ यह जोड़ी फिर से रोमांस जॉनर में लौटी है, जिससे फैंस के बीच नई एक्साइटमेंट देखने को मिल रही है। दोनों का दोबारा साथ आना दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ा रहा है।





# शादी नहीं करना चाहते अरहान : मलाइका

**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा ने बेटे अरहान खान को लेकर एक बात शेयर की। उन्होंने बताया कि अरहान ने कहा कि वह शादी नहीं करना चाहते और बच्चे भी प्लान नहीं कर रहे हैं। मलाइका के मुताबिक, बेटे ने मजाक में कहा कि ग्रैंडकिड्स की उम्मीद छोड़ दो। हाल ही में टाइम्स एंटरटेनमेंट को दिए इंटरव्यू में मलाइका रिश्तों और शादी पर बात कर रही थीं। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी रिश्तों को अलग नजरिए से देखती है। उनका बेटा कई बार ऐसी बातें बोलता है, जो उन्हें सोचने पर मजबूर करती हैं। मलाइका ने बताया कि अरहान ने उनसे कहा कि मैं शादी नहीं करूंगा, इसलिए ग्रैंडकिड्स के बारे में भूल जाइए। वजह पूछने पर अरहान ने बढ़ते प्रदूषण और खराब माहौल का जिक्र किया। उसने कहा कि एक्यूआई 500-1000 तक पहुंच रहा है, ऐसे माहौल में बच्चों को दुनिया में लाना सही नहीं लगता। मलाइका ने माना कि बेटे की सोच उनसे अलग है। उन्होंने उसे समझाया कि जिंदगी के हर फेज का अलग अनुभव होता है और परिवार बनाना भी उसका हिस्सा है। उन्होंने कहा कि रिश्ते बदलते रहते हैं और जिंदगी में कुछ भी स्थायी नहीं होता। इंसान को परिस्थितियों के हिसाब से खुद को ढालना पड़ता है। इंटरव्यू में मलाइका ने सेल्फ-लव पर भी बात की। उन्होंने कहा कि वह हर दिन खुद से प्यार करने को कहती हैं, क्योंकि अगर इंसान खुद को स्वीकार नहीं करेगा, तो जिंदगी खुलकर नहीं जी पाएगा। मलाइका अरोड़ा की शादी 1998 में अरबाज खान से हुई थी। दोनों का 2017 में तलाक हो गया था।



**मलाइका ने माना कि बेटे की सोच उनसे अलग है। उन्होंने उसे समझाया कि जिंदगी के हर पफेज का अलग अनुभव होता है और परिवार बनाना भी उसका हिस्सा है। उन्होंने कहा कि रिश्ते बदलते रहते हैं और जिंदगी में कुछ भी स्थायी नहीं होता। इंसान को परिस्थितियों के हिसाब से खुद को ढालना पड़ता है। इंटरव्यू में मलाइका ने सेल्पफ-लव पर भी बात की। उन्होंने कहा कि वह हर दिन खुद से प्यार करने को कहती हैं।**

अरहान उन्हीं के बेटे हैं। तलाक के बाद भी दोनों बेटे की को-पैरेंटिंग कर रहे हैं। मलाइका लंबे समय तक अर्जुन कपूर के साथ रिश्ते को लेकर भी चर्चा में रहीं।

## आयुष्मान खुराना ने आम आदमी के किरदारों को जीवंत किया : मुदस्सर अजीज

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्देशक मुदस्सर अजीज ने कहा है कि पिछले एक दशक में आयुष्मान खुराना ने आम आदमी के किरदारों को जिस तरह जीवंत किया है, वह उन्हें दर्शकों का चहेता बनाता है। निर्देशक मुदस्सर अजीज एक बार फिर एक भरपूर मनोरंजन करने वाली फिल्म पति पत्नी और वो दो के साथ लौट रहे हैं। अपनी लेखनी और निर्देशन से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाने वाले मुदस्सर इस बार आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी, सारा अली खान और रकुल प्रीत सिंह जैसे कलाकारों से सजी एक बहु-कलाकार फिल्म लेकर आ रहे हैं।

# मराठी सिनेमा की सबसे बड़ी ओपनिंग बनी राजा शिवाजी

**मुंबई।** जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी की फिल्म राजा शिवाजी ने शानदार शुरुआत करते हुए इतिहास रच दिया है। फिल्म ने पहले ही दिन 12.40 करोड़ (नेट) की कमाई के साथ मराठी सिनेमा की अब तक की सबसे बड़ी ओपनिग दर्ज की है।

साथ ही यह 2026 की सभी फिल्मों में तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग भी बन गई है। एक मई 2026 को मराठी और हिंदी में जियो स्टूडियोज द्वारा भव्य रूप से रिलीज की गई यह फिल्म महान योद्धा राजा शिवाजी को समर्पित है। महाराष्ट्र सहित कई



जगहों पर दर्शकों की भारी भीड़ सिनेमाघरों में उमड़ी। इस फिल्म का निर्देशन रितेश देशमुख ने किया है। हिंदी और मराठी मीडिया के समीक्षकों से फिल्म को सर्वसम्मति से शानदार प्रतिक्रियाएं मिली हैं। सकारात्मक वर्ड ऑफ माउथ के चलते फिल्म आगे भी मजबूत प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।

## अजय देवगन ने भी की तारीफ

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अजय देवगन ने रितेश देशमुख को फिल्म राजा शिवाजी के लिए उनकी कड़ी मेहनत को सलाम किया है। जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी की फिल्म राजा शिवाजी अब सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और आते ही दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन गई है। फिल्म के साथ एक खास वीडियो की झलक भी सामने आई है, जिसमें अजय देवगन और रितेश देशमुख की दिलचस्प बातचीत देखने को मिलती है। इस बातचीत में अजय देवगन बताते हैं कि आजकल लोग सुपरहीरो फिल्मों जैसे एवेंजर्स, सुपरमैन और स्पाइडरमैन को बहुत पसंद करते हैं। लेकिन वो यह भी याद दिलाते हैं कि हमारे अपने इतिहास में ऐसे असली हीरो रहे हैं, जिन्होंने देश के लिए सच में बड़ी कुर्बानियां दी हैं।वहीं रितेश देशमुख, जो इस फिल्म में छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभा रहे हैं।

# पापा के करीब रहने के लिए बॉलीवुड में आना चाहती थीं त्रिशाला दत्त



**मुंबई।** संजय दत्त की बेटी त्रिशाला दत्त एक समय बालीवुड में आना चाहती थीं। इसकी वजह एक्टिंग का सपना नहीं, बल्कि पिता के करीब रहना था। त्रिशाला ने इनसाइड थाट्स आउट लाउड पाडकास्ट में कहा कि बचपन में उन्हें लगता था कि फिल्मों में आने से वह पिता के साथ ज्यादा समय बिता पाएंगी। त्रिशाला, संजय दत्त और उनकी पहली पत्नी ऋचा शर्मा की बेटी हैं। ऋचा का 1996 में ब्रेन ट्यूमर से निधन हुआ था। इसके बाद त्रिशाला अमेरिका में नाना-नानी के साथ पली-बढ़ीं। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने बॉलीवुड में आने की इच्छा जताई, तब संजय दत्त ने पूछा था कि क्या एक्टिंग सच में उनका पैशन है। त्रिशाला के मुताबिक, उन्होंने पिता से कहा था कि वह सिर्फ उनके करीब रहना चाहती हैं। इस पर संजय दत्त ने समझाया कि सिर्फ स्टार किड होने से कोई ए-लिस्ट एक्ट्रेस नहीं बनता। उन्होंने बेटी को वही करने की सलाह दी, जिसमें उसकी असली रुचि हो। त्रिशाला ने कहा कि उनके पिता जिंदगी में मुश्किल दौर से गुजरे हैं। उन्होंने हमेशा उन्हें सही दिशा दिखाने की कोशिश की। बॉलीवुड में करियर बनाने के बजाय त्रिशाला ने मानसिक स्वास्थ्य क्षेत्र चुना। वह अब थेरेपिस्ट हैं। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में मानसिक स्वास्थ्य पर कम खुलकर बात होती है।

वह लोगों को बताना चाहती थीं कि संघर्ष सामान्य है। त्रिशाला ने दीपिका पादुकोण की भी तारीफ की, जिन्होंने डिप्रेशन पर खुलकर बात की थी। त्रिशाला ने बताया कि उन्होंने माता-पिता के साथ सामान्य पारिवारिक जिंदगी नहीं जी। वह बचपन से अमेरिका में रहीं और भारत कम आ पाती थीं। हालांकि, उन्होंने कहा कि जब भी वह संजय दत्त के साथ होती हैं, उन्हें सामान्य पिता-बेटी जैसा रिश्ता महसूस होता है।

